नई दिल्ली

नई दिल्ली, बुधवार 30 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 23, अंक : 223
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 33.3
न्यून. 16.6

11 भारतीय हॉकी टीम की अगुवाई करेंगे मनप्रीत और रानी

खबर संक्षेप

सोनिया ने दो नवंबर को बुलाई प्रभारियों की बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगामी दो नवंबर को पार्टी के महासचिवों एवं प्रभारियों की बैठक बुलाई है जिसमें अर्थव्यवस्था में सुस्ती, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों की बुरी हालत और बेरोजगारी जैसे कुछ प्रमुख मुद्दों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने की रणनीति पर मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में महाराष्ट्र एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों और इसके बाद की राजनीतिक स्थिति तथा कुछ संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

केदारनाथ व यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद

गोपेश्वर/ उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ और यमुनोत्री धामों के कपाट आज भैयादूज के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अशोक खत्री ने बताया कि रूद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ मंदिर के कपाट परम्परागत विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ ही मंगलवार सुबह साढे आठ बजे शीतकाल के लिए बन्द कर दिए गए।

बगदादी का नंबर-2 भी किया ढेरः ट्रंप

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बक्र अल बगदादी के बाद उसकी जगह ले सकने वाला एक और दुर्दांत आतंकी मारा गया है। गौरतलब है कि शनिवार रात सीरिया में अमेरिकी सैन्य बलों की कार्रवाई में बगदादी मारा गया। ट्रंप ने ट्वीट किया कि यह पुष्टि की जाती है कि बगदादी की जगह ले सकने वाले व्यक्ति का भी अमेरिकी सैनिकों ने खात्मा कर दिया है, वह भी मारा गया है। हालांकि, ट्रंप ने उस व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की, ना ही इस बारे में बताया कि वह कैसे मारा गया।

फड़णवीस ने 50-50 फॉर्मूले को नकारा, उद्धव ने रद की बैठक

भाजपा- शिवसेना के बीच सीएम पद को लेकर चरम पर पहुंची रार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर बीजेपी और शिवसेना में खींचतान बढ़ती ही जा रही है। ढाई-ढाई साल तक दोनों दलों के मुख्यमंत्री के फॉर्मुले को सीएम फड़णवीस ने खारिज कर दिया। इसके बाद शिवसेना ने सरकार गठन को लेकर दोनों दलों के बीच होने वाली बैठक को रद कर दिया। शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के इस सख्त रुख से दोनों दलों के बीच पहले से ही चला आ रहा तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

महाराष्ट्र में सत्ता साझेदारी पर मुख्यमंत्री के बयान के बाद उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को शाम चार बजे प्रस्तावित बैठक रद कर दी। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं को शामिल होना था। शिवसेना के एक नेता ने बताया, भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और पार्टी के नेता भूपेंद्र यादव अगली सरकार के गठन पर चर्चा में हिस्सा लेने वाले थे, जबकि शिवसेना की ओर से सुभाष देसाई और संजय राउत शामिल होने वाले थे। इससे पहले फडणवीस ने इनकार किया था कि 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले गठबंधन करते समय शिवसेना को ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री का पद देने का वादा किया गया था। शिवसेना ने मुख्यमंत्री के दावे को 'खारिज' करने के लिए मंगलवार को एक पुराना वीडियो क्लिप भी जारी किया जिसमें फड़णवीस भाजपा नीत राज्य सरकार में पद और जिम्मेदारी के समान बंटवारे के बारे में कथित तौर पर चर्चा कर रहे थे। वरिष्ठ नेता ने कहा कि उद्धवजी ने मंगलवार को शाम चार बजे होने वाली बैठक रद्द कर दी। हमने पद और जिम्मेदारी बराबर बांटने के बारे में मुख्यमंत्री के बयान का क्लिप भेजा है। फड़णवीस को ऐसे बयान देने से पहले अपनी बात का ध्यान होना चाहिए। इससे पहले, संबंधित घटनाक्रम में फडणवीस ने कहा कि बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह हिस्सा नहीं लेंगे। भाजपा के एक नेता ने पिछले सप्ताह कहा था कि शाह, ठाकरे से मुलाकात कर सकते हैं।

महाराष्ट्र में कोई दुष्यंत नहीं है: संजय राउत

शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में भाजपा शिवसेना के बीच गठबंधन होने के बावजूद सरकार बनाने में विलंब होने को लेकर कटाक्ष किया कि 'महाराष्ट्र में कोई दुष्यंत नहीं है जिसके पिता जेल में हों।' राउत का इशारा हरियाणा के उप मुख्यमंत्री और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला की ओर था।

सांसद बोले- शिवसेना के 45 विधायक हमारे साथ

भाजपा से संबद्ध राज्यसभा सदस्य संजय काकड़े ने दावा किया कि महाराष्ट्र में शिवसेना के नवनिर्वाचित करीब 45 विधायक भाजपा के साथ हाथ मिला कर सरकार बनाने के इच्छुक हैं। काकड़े ने कहा वे हमें फोन कर कह रहे हैं कि उन्हें सरकार में शामिल कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना के ये विधायक कह रहे हैं कि चाहे जो भी किया जाए, लेकिन हम भाजपा के साथ सरकार का हिस्सा बनना चाहते हैं।

तकरार के बीच आज मुंबई नहीं जाएंगे अमित शाह

बीजेपी और शिवसेना के बीच सीएम पद को लेकर पेंच फंसा हुआ है। शिवसेना 50-50 फॉर्मूले पर अड़ी हुई है। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह आज मुंबई नहीं जाएंगे। बता दें कि इससे पहले बीजेपी विधान पार्षद गिरिश व्यास ने बताया था कि बुधवार को बीजेपी के विधायक दल की बैठक में अमित शाह भी मौजूद होंगे।

अठावले बोले- सीएम का पद छोड़े शिवसेना

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को शिवसेना को सलाह दी कि वह केंद्र और राज्य में अतिरिक्त मंत्रियों के पद ले ले। बदले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद लेने की अपनी मांग छोड़ दे। अठावले ने यह भी कहा कि शिवसेना को मुख्यमंत्री पद की अपनी मांग को ज्यादा नहीं खींचना चाहिए। उसे उप मुख्यमंत्री पद लेने के लिए सहमत हो जाना चाहिए।

ईयू सांसद पहुंचे कश्मीर हालात का लिया जायजा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

यूरोपीय संघ (ईयू) के 23 सांसदों का एक शिष्टमंडल जम्मू कश्मीर में हालात का जायजा लेने के लिए मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचा। वहीं, बंद के बीच घाटी और शहर के विभिन्न हिस्से में लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुईं। हवाई अड्डे से होटल तक के रास्ते में बुलेट प्रूफ जीपों में यात्रा कर रहे सांसदों की हिफाजत के लिए सुरक्षा वाहनों का एक काफिला भी था। सांसदों के होटल पहुंचने पर कश्मीर की परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव बी वी आर सुब्रमण्यम और पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह ने घाटी और जम्मू कश्मीर के अन्य हिस्से में हालात पर शिष्टमंडल को अवगत कराया। पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद यह पहला उच्च स्तरीय विदेशी शिष्टमंडल कश्मीर के दौरे पर आया है। शिष्टमंडल ने यहां एक पांच सितारा होटल में नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों और पार्षदों सहित आम लोगों से भी संवाद किया। शहर में सर्दी के बीच कुछ सांसदों ने डल झील में शिकारे का भी आनंद लिया।

सांसद बोले, हम जमीनी हकीकत खुद देखेंगे

कश्मीर दौरे पर जाने वाले इस दल के सदस्य और वेल्स से यूरोपियन संसद के सदस्य नाथन गिल ने उम्मीद जताई कि इस दौरे से जमीनी हालत जानने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक शानदार मौका है जब हम विदेशी प्रतिनिधि के तौर पर कश्मीर जाकर हालात का जायजा लेंगे और जमीनी हकीकत को खुद देखेंगे।

कश्मीर दौरे के बीच पुलवामा में आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मंगलवार को सेना की एक पेट्रोल पार्टी पर आतंकियों ने हमला किया। यहां के द्रबगाम में स्थित बोर्ड एग्जाम सेंटर के पास आतंकियों ने फायरिंग की। हालांकि राहत की बात ये है कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के बाद सेना ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान चलाया।

18 नवंबर को लेंगे शपथ

न्यायमूर्ति बोबडे देश के 47वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यायमूर्ति शरद अरविन्द बोबडे को मंगलवार को देश का 47वां प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह 18 नवंबर को प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कानून मंत्रालय ने मंगलवार को न्यायमूर्ति बोबडे की देश के नए प्रधान न्यायाधीश पद पर नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की। न्यायमूर्ति बोबडे करीब 17 महीने प्रधान न्यायाधीश रहेंगे। इससे पहले, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने देश के नए प्रधान न्यायाधीश पद पर न्यायमूर्ति बोबडे की नियुक्ति के वारंट पर हस्ताक्षर किए। न्यायमूर्ति बोबडे की नियुक्ति प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई के स्थान पर की गयी है जो 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

- बोबडे करीब 17 महीने प्रधान न्यायाधीश रहेंगे

करतारपुरः भारत ने पाक को दी पहले जत्थे की सूची

मनमोहन, पुरी समेत 575 श्रद्धालुओं के नाम शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे. उसके बाद पीएम मोदी पंजाब के गुरदासपुर में डेरा बाबा नाएम के सभा को संबोधित करेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान के साथ 575 श्रद्धालुओं की लिस्ट साझा की है। करतारपुर साहिब का दौरा करने वाले पहले जत्थे में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत कई सांसदों और विधायकों का नाम शामिल है।

बता दें कि पाकिस्तान ने गुरुद्वारा दरबार साहिब आने वाले श्रद्धालुओं को बिना वीजा प्रवेश देने के लिए करतारपुर कॉरिडोर में 80 इमीग्रेशन काउंटर बनाए हैं। इन काउंटर्स पर भारत से पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं को क्लीयरेंस मिला करेगा।

एनआईए के एक खुफिया दस्तावेज में हुआ खुलासा

देशभर की कई बड़ी हस्तियां आतंकियों के निशाने पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर की कई बड़ी हस्तियां आतंकियों के निशाने पर हैं। इसका खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक खुफिया दस्तावेज में हुआ है। आतंकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को निशाना बना सकते हैं।

खुफिया दस्तावेज के अनुसार ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा नाम का आतंकी संगठन देश में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। इस संगठन ने एक हिटलिस्ट तैयार की है जिसे एनआईए को भेजा गया है। इस सूची में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, सरसंघ संचालक मोहन भागवत, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, भाजपा महासचिव राम माधव, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के नाम भी शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस खुलासे से साफ हो गया है कि पाकिस्तान एक और नापाक चाल चल रहा है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान निरस्त करने के बाद से पाकिस्तान काफी बौखला गया है। वह लगातार इसी कोशिश में हैं कि किस तरह से वह भारत पर आतंकी हमले करे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की पहले ही काफी किरकिरी हो चुकी है।

ऐसे में वह नहीं चाहता कि किसी आतंकी संगठन के साथ उसका नाम जुड़े। यही वजह है कि उसने अपने यहां से आतंकियों को भेजकर संगठन को नया नाम दिया है। जिससे कि यदि ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा भारत में आतंकी साजिश को अंजाम दे तो वह इससे अपना पल्ला झाड़कर कह सके कि इन्हें भारत में स्थित आतंकी संगठन ने अंजां दिया है और उसका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

- लश्कर-ए-तैयबा नाम का आतंकी संगठन देश में बड़े आतंकी हमले की रच रहा साजिश
- आतंकी पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, सत्यपाल मलिक सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को बना सकते हैं निशाना

लेजर लाइटिंग शो देखकर लौट रहे थे घर

साइकिल सवार पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रणजीत सिंह फ्लाईओवर के पास सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। वारदात के बाद आरोपी कार समेत मौके से फरार हो गया। लोगों की माने तो टक्कर लगते ही साइकिल सवार लड़का करीब 10 फुट ऊंचे उछलकर दूर जा गिरा। राहगीरों ने दोनों को ऑटो व बाइक की मदद से एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान पिता-पुत्र साइकिल से लेजर लाइटिंग शो देखकर घर लौट रहे थे। मृतकों का नाम हीरा (40) और किशोर (10) है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को घटना स्थल से कार की टूटी हुई नंबर प्लेट मिली है। फिलहाल आईपी एस्टेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस

- टक्कर लगते ही 10 फुट हवा में उछलकर दूसरी ओर जा गिरा किशोर
- हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार
- पुलिस को घटना स्थल पर मिली नंबर प्लेट, आरोपी की हुई पहचान

दावा कर रही है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, हीरा, मूलरूप से नेपाल का रहने वाला था। वह सपरिवार भाजपा मुख्यालय के पास रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर में रहता था। परिवार में पत्नी रीना, बेटा और तीन बेटियों के अलावा अन्य सदस्य है। हीरा एक रेलवे अधिकारी के पास घरेलू सहायक के अलावा गाडिय़ां साफ करने का भी काम करता था। सोमवार शाम को हीरा अपने बेटे किशोर को लेकर साइकिल से कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में लेजर लाइटिंग शो देखने गया था। देर रात वह शो देखकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह दोनों फ्लाईओवर से नीचे उतरकर लाल बत्ती की ओर बढ़े तभी एक तेज रफ्तार कार ने एक अन्य कार को टक्कर मारते हुए उनकी साइकिल को उड़ा दिया। चश्मदीद आफताब ने बताया कि हादसे के दौरान कार चालक दोनों को अपने साथ काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। बाद में वह कार समेत मौके से फरार हो गया। उधर आरोपी कार चालक ने जिस कार को टक्कर मारी थी। वह कार चालक भी हादसे के बाद वहां से चला गया। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से टूटी-फूटी साइकिल व कार की टूटी हुई नंबर प्लेट बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर कार मालिक की पहचान कर ली गई है। वह कृष्णा नगर का रहने वाला है।

परिवार में अकेला कमाने वाला था हीरा

पति व बेटे की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। हीरा की पत्नी रो-रोकर एक ही बात कह रही है कि उसके परिवार में हीरा ही अकेला कमाने वाला था। अब उसके परिवार का गुजारा कैसे होगा। हीरा करीब 10-12 वर्ष पूर्व काम के लिए नेपाल से भारत आया था। यहां उसने रेलवे के एक बड़े अधिकारी के यहां नौकरी कर ली। अधिकारी ने ही उसे सर्वेंट क्वार्टर दे दिया था। हीरा परिवार के साथ वहीं रहता था।

कार की रफ्तार थी 100 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक

चश्मदीदों ने बताया कि हादसे के दौरान कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रतिघंटा से भी अधिक थी। हादसे के बाद बाइक सवार व वहां मौजूद लोगों ने कार चालक को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन कार चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, हादसे के समय वहां खड़े एक ऑटो चालक ने बताया कि हादसे के दौरान कार एक महिला चला रही थी। कार की रफ्तार व चलाने के तरीके को देखकर लग रहा था कि वह नशे की हालत में थी। टक्कर मारने के बाद उसने कार की रफ्तार कम नहीं की। हादसे के बाद सड़क पर चारों ओर खून ही खून फैला हुआ था।

नाना नानी से कर रहा था झगड़ा रोकने पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को दबोचा



उत्तम नगर थाना इलाके में एक नाबालिग ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल का नाम साधु (22) है। पुलिस ने साधु के बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी नाबालिग को पकड़ा लिया है। पुलिस की माने तो आरोपी अपने नाना नानी से कहासुनी कर रहा था। इस पर युवक ने उसे ऐसा करने से मना किया तो उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, साधु, शिव विहार जेजे कालोनी में सपरिवार रहता है। वह हरिनगर के जेल रोड पर स्थित एक जिम में हेल्पर का काम करता है। गत 27 अक्तूबर की रात 12:30 बजे पुलिस को एक युवक को चाकू मारने की कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस साधु को अस्पताल लेकर गई, जहां उसका उपचार जारी है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी अपने नाना-नानी के साथ रहता है। देर से घर आने पर उसके नाना नानी उसे घर में घुसने नहीं दे रहे थे। इसी बात को लेकर वह उनसे कहासुनी करने के अलावा नीचे के गेट का ताला तोड़ने लगा। उसी दौरान साधु व उसका भाई अनिल वहां से जा रहे थे। नाबालिग को झगड़ता देख साधु उसे रोकने लगा। इस पर नाबालिग ने घर से चाकू लाकर उस पर हमला कर दिया। बाद में आरोपी वहां से फरार हो गया। देर रात पुलिस ने उसे इलाके से ही पकड़ लिया।

एसआई के साथ हुई 15 हजार रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। समयपुर बादली थाना इलाके में एक एसआइ के साथ ठगी का मामला सामने आया है। एक बार कोर्ड को टच करते ही एसआइ के खाते से 15 हजार रुपये निकल गए। पुलिस ने एसआइ सुनील कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फोन नंबर से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सुनील कुमार, मॉडल टाउन में सपरिवार रहते है। वह दिल्ली पुलिस में बतौर एसआइ है। फिलहाल उनकी तैनाती आउटर-नॉर्थ जिले के पुलिस कंट्रोल रूम में है। सुनील कंट्रोल रूम में बैठकर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। उसी समय उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को उन्हें भतीजी का पति बताया और कहा कि उन्हें किसी से 10 हजार रुपये लेने थे। लेकिन उसके पास रुपये लेने वाला एप्प नहीं है। इस पर सुनील को उन पर विश्वास हो गया और उन्होंने अपना नंबर उन्हें दे दिया। इसी बीच उनके व्हाट्सएप पर एक बार कोर्ड आया। कॉलर ने फिर फोन करके कहा कि आपको एक बार कोर्ड भेजा है। उसे क्लिक कर ले। एसआइ ने जैसे ही कोर्ड को क्लिक किया। उनके खाते से 15 हजार रुपये निकल गए। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नई दिल्ली। स्ट्रीट क्राइम पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने पुलिस मुख्यालय में 15 नई प्रखर (स्ट्रीट क्राइम पेट्रोल वैन) को हरी झंडी दिखाई। अब वैनों की संख्या 15 से बढ़कर 30 हो गई है। कमिश्नर के मुताबिक जल्द ही इन वैन की संख्या को बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य है। अब हर जिले में दो प्रखर वैन की तैनाती की जाएगी। प्रखर वैन आधुनिक हथियारों से लैस है। वैन में आधुनिक सॉफ्टवेयर के अलावा टेक्नीकल सर्विलांस भी मौजूद है। इसमें जीपीएस के अलावा मोबाइल डाटा टर्मिनल भी लगाया गया है।

बर्थ-डे पार्टी में गए युवक की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पांच दबोचे, दस दिन पहले भी मृतक के पैर में मारी थी गोली

आदर्श नगर थाना इलाके में दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में गए एक लड़के की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम आदर्श है। पुलिस ने मामले को सुलझाते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) विजयंता आर्या ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल, नरेश, ललित और रंजित है। पुलिस ने इनके पास से चार पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक ने कुछ दिन पहले एक आरोपी को थप्पड़ मार दिया। जिसका बदला लेने के लिए आरोपियों ने उसकी हत्या की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, आदर्श, मुकुंदपुर गांव में अपने दादा दादी के साथ रहता था। सोमवार रात पुलिस को लालबाग में आदर्श को गोली मारे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घायल को अस्पताल लेकर गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त आदर्श के रूप में हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि आदर्श घटना के दौरान लालबाग में रहने वाले अपने एक दोस्त के बर्थडे पार्टी में शामिल होने आया था। मृतक के चाचा राजेंद्र ने बताया कि उनके परिवार से मुकेश बोना नाम के बदमाश का विवाद चल रहा है।

मुकेश फिलहाल तिहाड़ में बंद है। मुकेश ने कुछ दिनों पहले आदर्श की हत्या करने की धमकी दी थी। इस पर उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। करीब दस दिन पहले आरोपियों ने आदर्श के पैर में गोली भी मारी थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। लेकिन मुख्य आरोपी अभी भी फरार चल रहा है।

लूट का विरोध करने पर फैक्ट्री गार्ड को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

- वारदात के बाद आरोपी लाखों का माल लेकर हुए फरार

नई दिल्ली। मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया में चोरी का विरोध करने पर बदमाशों ने एक फैक्ट्री गार्ड की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक का नाम भगमल (55) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। वारदात के बाद बदमाश फैक्ट्री से लाखों रुपए का सामान लेकर मौके से फरार हो गए। मंगोलपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाश की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, भगमल, आरके आश्रम में सपरिवार रहता था। वह मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 में गार्ड की नौकरी करता था। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक गार्ड फैक्ट्री में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि उसके गले में एक कपड़ा लपटा हुआ था और फैक्ट्री का सारा सामान फैला हुआ था। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों की माने तो देर रात बदमाश फैक्ट्री में चोरी के इरादे से घुसे होगे। उसी दौरान भगमल ने उन्हें देख लिया होगा। विरोध करने पर बदमाश ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी।

दोस्तों ने चाकू व भारी वस्तु से हमला कर ले ली जान

नई दिल्ली। समयपुर बादली थाना इलाके में कहासुनी के दौरान दोस्तों ने एक दोस्त पर चाकू व भारी वस्तु से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक का नाम विक्रम (25) है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

संसद के दोनों सदनों ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के पक्ष में किया विचार-विमर्श : नायडू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि विभिन्न मुद्दों पर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों के बीच गंभीर मतभेदों से अलग संसद के दोनों सदनों ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के पक्ष में विचार-विमर्श किया। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आरंभ प्रथम अरूण जेटली स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि एक साथ चुनाव कराने के सुझाव पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और सभी हितधारकों को चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान की तारीफ की और कहा कि

शुरुआती दिनों में आलोचकों ने इसकी प्रभावी होने पर संदेह जताया लेकिन पिछले सात दशकों में देश में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उपराष्ट्रपति ने संविधान में जरूरत पड़ने पर किए गए संशोधनों का भी हवाला दिया और पिछले दिनों अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों के बीच गंभीर मतभेद से परे, दोनों सदनों ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के पक्ष में चर्चा एवं विचार विमर्श किया। नायडू ने कहा कि संसदीय प्रणाली की जड़ें तब मजबूत होती हैं जब लोकतांत्रिक मूल्य मजबूत हों। उन्होंने कहा कि और अरुण जेटली एक ऐसे सांसद थे, जिन्होंने लोकतंत्र के साधनों का उपयोग करके व्यवस्था को मजबूत किया, चाहे इस पर बहस हो, सवाल उठाकर या सदन में दूसरे के तर्क सुनकर। उन्होंने अपने संबोधन में चुनाव लड़ने वाले नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए 'विशेष पीठ' बनाने की भी पैरवी की।नायडू ने कहा कि साल दर साल आपराधिक मामले का सामना करने वाले नेता चुनाव लड़ते रहते हैं।

बेटे को गिफ्ट की थी बाइक चोरों ने किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भलस्वा डेरी थाना इलाके में घर के बाहर खड़ी एक बुलट बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद आरोपी आसानी से मौके से फरार हो गए। पुलिस ने किरन देवी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय निवासी रवि ने बताया कि पीछे कई वर्षों से इलाके में पुलिस बूथ नहीं है। रोजाना यहां चोरी जैसी घटनाएं होती रहती है। पुलिस पेट्रोलिंग के नाम पर बस खानापुर्ति करती है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, किरन देवी, मुकुंदपुर, गांव में सपरिवार रहती है। उन्होंने बताया कि बाइक उनका बेटा मुकुल चलाता है। उन्होंने अपने बेटे को बाइक गिफ्ट की थी। शनिवार रात को मुकुल जिम से घर आया और उसने बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। दिवाली की सुबह उठकर उसने देखा तो उसकी बाइक गायब थी। इसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस जांच कर रही है।

टैक्सियों के फिटनेस शुल्क संबंधी माफी की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के टैक्सियों की फिटनेस, जीपीएस और सिम का शुल्क माफ करने के फैसले को लागू करने के लिए मंगलवार को परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी। इसके तहत अब परमिट फीस 2000 से घटाकर 500 रुपए कर दी गई है। इससे करीब 80 हजार टैक्सी वालों को लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गत 14 अक्टूबर को इस बारे में फैसला लिया था। इस योजना का लाभ उस टैक्सी को ही मिलेगा जो टैक्सी किसी व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत होगा। इस योजना का लाभ कंपनियों के नाम से पंजीकृत टैक्सियों को नहीं मिलेगा। यह व्यवस्था दिल्ली परिवहन निगम के सॉफ्टवेयर में परिवर्तन हो जाने पर लागू कर दी जाएगी। इसके लागू होने में तीन से चार दिन लग सकते हैं। सरकार की योजना के अनुसार टैक्सी की फिटनेस फीस 600 रुपये है। जिसका अब एक भी रुपया नहीं देना होगा। इसके अलावा जीपीएस की फीस 1420 रुपये और जीपीएस सिम की फीस 584 रुपये है। सरकार ने इसे माफ कर दिया है। इसके अलावा फिटनेस लेट होने पर पहले दिन एक हजार रुपये लगते हैं। इसके बाद प्रतिदिन 50 रुपये जुमार्ना देना होता था।

समुदाय पर ट्वीट करने पर कपिल मिश्रा के खिलाफ थाने में दी शिकायत

नई दिल्ली। अपने एक ट्वीट के चलते एक बार फिर से भाजपा नेता व पूर्व सांसद कपिल मिश्रा मुसीबत में फंस गए हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में एक समुदाय को टारगेट करते हुए लिखा कि पॉल्यूशन कम करना है तो यह वाले पटाखे बंद करो न कि दीपावली वाले पटाखे। अपनी ट्वीट के नीचे उन्होंने एक फोटो भी लगाई हुई थी। इसके बाद से दिल्ली समेत कई जगहों पर उनके ट्वीट का विरोध करते हुए उनके खिलाफ शिकायत दी जा रही है। मंगलवार को छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव वरुण चौधरी ने नॉर्थ-ईस्ट डीसीपी ऑफिस में उनके खिलाफ शिकायत दी। शिकायत में कहा गया कि कपिल मिश्रा के ट्वीट से सौहार्द खतरे में पड़ता है। पुलिस शिकायत पर छानबीन कर रही है। इससे पहले जामिया नगर थाने में भी कपिल मिश्रा के खिलाफ इसी मामले को लेकर शिकायत दी गई थी।

फ्लैट के अंदर मिला महिला का शव

नई दिल्ली। जगतपुरी इलाके में स्थित एक फ्लैट से सड़ी गली हालत में एक महिला का शव मिला। मृतका का नाम मोना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शव तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। शुरूआती जांच में पुलिस खुदकुशी का मामला मान रही है। लेकिन फ्लैट के बाहर से लगा ताला कई सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब एक बजे गोपाल पार्क कॉलोनी के लोगों ने इलाके के ग्राउंट फ्लोर पर स्थित एक फ्लैट से तेज बदबू आने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों ने पुलिस को बताया कि फ्लैट काफी दिनों से बंद है। पुलिस ताला तोड़कर फ्लैट में घुसी तो उन्होंने देखा कि जमीन पर एक महिला का शव पड़ा हुआ था।

रॉन्ग नंबर से फोन आने पर पत्नी को किया लहू-लूहान, चेहरे पर किये ब्लेड से कई बार वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जान बचाकर घर से बाहर भागी महिला
- 2013 में हुई थी शादी, वारदात के बाद आरोपी फरार

फर्श बाजार थाना इलाके में पत्नी के फोन पर रॉग नंबर से कॉल अपने पर उसका पति उस पर भड़क गया। पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा। मामला इतना बढ़ गया कि आरोपी ने ब्लेड से अपनी पत्नी के चेहरे पर कई वार किये। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस सपना (बदला हुआ नाम) को हेडगेवार अस्पताल में लेकर गई, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सपना, फर्श बाजार इलाके में सपरिवार रहती है। परिवार में पति व अन्य सदस्य हैं। आरोपी एमएनसी कंपनी में काम करता है। 2013 में सपना की शादी हुई थी। सोमवार सुबह करीब चार बजे सपना के फोन पर किसी का फोन आया। इस पर आरोपी सपना पर भड़क गया। दोनों के बीच बहस होने लगी। सपना ने आरोपी को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उसकी एक न सुनी। इसी बीच आरोपी ने उसके चेहरे पर ब्लेड से कई वार किए। सपना किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से बाहर भागी और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बुजुर्ग के साथ की थी 23 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने सेवानिवृत बुजुर्ग के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम संदीप कुमार (24) और जितेंद्र कुमार (19) है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि दोनों ने मिलकर बुजुर्ग के खाते से 23 लाख रुपये निकाले थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 35 हजार रुपये कैश, एक बाइक और खाते से 15 लाख रुपये बरामद किये है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी चिन्मय विश्वाल ने बताया कि गत 22 अक्टूबर को डीआरडीओ से सेवानिवृत हो चुके एक बुजुर्ग ने पुलिस को ठगी की शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें अपनी बातों में फंसाकर ऑनलाइन 23 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पीडित द्वारा दी गई बैंक की स्टेटमेंट को खंगाला तो जिन खातों में रुपये ट्रांसफर किये गए थे।

वायु गुणवत्ता पहुंची गंभीर श्रेणी में

गैस चैंबर बनी राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के तमाम प्रयास के बाद भी दिवाली के बाद भैयादूज की शाम को दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो गई। पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से दिल्ली मंगलवार को आसमान में धुआं छाया रहा और सूर्य देर से निकला तथा कई स्थानों पर हवा की गुणवत्ता बिगड़ गयी । मंलगवार को पूरे दिन वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही लेकिन शाम 6 बजे दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 की वायु गुणवत्ता आपातकालीन स्थिति में पहुंच गई।

एक बेवसाइट के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार शाम द्वारका सेक्टर आठ स्थित मलेरिया अनुसंधान संस्थान के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक 549 दर्ज किया गया जो आपातकाल की श्रेणी में आता है। वहीं दिल्ली के अन्य इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात करें तो आनंद विहार में 480, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 465, पूरा रोड दिल्ली में 454,मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 453, जहांगीरपुरी में 438, वजीरपुर में 440, पंजाबी बाग में 423 दर्ज किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार साढ़े बारह बजे दिन में शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 390 था जो सोमवार को रात आठ बजे के सर्वाधिक 397 एक्यूआई से कम था। एक्यूआई गाजियाबाद में 429, ग्रेटर नोएडा में 418, और नोएडा में 427 रहा जो बहुत बुरी स्थिति है। उल्लेखनीय है कि, 0-50 के बीच एक्यूआई को अच्छा माना जाता है, जबकि 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब , 301-400 ह्यह्यबहुत खराब और 401-500 गंभीर श्रेणी का माना जाता है। एक्यूआई अगर 500 से ऊपर पहुंच जाता है, तो उसेगंभीर व आपातकालीन श्रेणी का माना जाता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी सेवा, वायु गुणवत्ता और मौसम पूवार्नुमान एवं अनुसंधान प्रणाली' (सफर) के मुताबिक दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएम 2.5 का स्तर 740 तक पहुंच गया जो 60 तक अच्छा समझे जाने वाले स्तर से कई गुणा अधिक है। शहर के अन्य क्षेत्रों की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं रही।

■ द्वारका सेक्टर-8 का वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 से पार

पंजाब-हरियाणा सरकार उठाये ठोस कदमः सीएम

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा सरकार से अपील की है कि दोनों ही राज्य दिल्ली को गैस चैंबर होने बचाएं। उन्होंने पंजाब और हरियाणा में जलाई जा रही पराली को लेकर ट्वीट किया कि दिल्ली वसियों की ओर से मेरी पंजाब हरियाणा की सरकारों से हाथ जोड़ कर अपील है कि तुरंत कुछ ठोस कदम उठायें और दिल्ली को गैस चेम्बर बनने से बचायें। उन्होंने कहा कि हमारे स्तर पर हम हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं और करते रहेंगे।

प्रदूषण रोकने के काम पर लगी हैं टीमें

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कूड़ा जलाने, निर्माण स्थल की धूल रोकने के लिए टीमें काम कर रही हैं। इस बार पराली का धुआं जल्द आना शुरू हो गया। कई गुना ज्यादा पराली का धुआं आ रहा है। धुआं रोक पाने के लिए हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। फिर भी सरकार और जनता अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। दिल्ली में ग्रेप लागू करने के पूरे कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन फरीदाबाद, गुरुग्राम में ग्रेप के तहत काम नहीं हो रहा है।

लोगों की आंखों में हुई जलन

नई दिल्ली। मंगलवार को हरियाण और पंजाब राज्यों में पराली की जलने की घटनाओं में वृद्धि से दिल्ली में एकाएक प्रदूषण बढ़ गया। पूरी दिल्ली के आसमान में धुआं छाया। जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि आज प्रदूषण बढ़ने से उनकी आंखों में जलन हुई। ई-रिक्शा चालक राकेश ने बताया कि मंगलवार को प्रदूषण बहुत ज्यादा है। पूरे दिन रोड पर रहता हूं इसलिए आज तो मेरी आंखों में जलन हो रही है।

पराली की घटनाओं में पिछले 24 घंटे में हुई वृद्धि

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने नासा द्वारा लिए गए चित्रों के हवाले से बताया कि पिछले 24 घंटे में पंजाब और हरियाणा में पराली की जलने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। सरकार के अनुसार पराली की घटनाएं पिछले 24 घंटे में 1654 से बढ़कर 2577 हो गई हैं, जो दिल्लीवासियों के लिए अत्यधिक चिंता का विषय है।

तीनों निगमों ने काटे चालान

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली की तीनों नगर निगमों की कार्रवाई जारी है। इस दौरान जो भी एनजीटी व निगम के नियमों की अनदेखी करते पाया जाता है, उसका नियमानुसार चालान किया जाता है। मंगलवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण कर निर्माण गतिविधियों के कारण उत्पन्न प्रदूषण और प्रदूषण फैला रही इकाईयों के खिलाफ कार्यवाही की। उत्तरी निगम ने खुले में कूड़ा जलाने कि के लिए 80 चालान, निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल के लिए 25 चालान, रोड से धूल के लिए 5 चालान, खुले में मलबा डालने के लिए 5 चालान किए है, उद्योगों से वायु उत्सर्जन के लिए 3 चालान किए है जिसकी जुर्माने की राशि 5 लाख, 46 हजार रुपये है। इसके अलावा निगम प्रशासन ने सभी वार्डों में जल छिड़काव की कार्यवाही जारी का दावा किया है। वहीं, उत्तरी निगम ने 15 अक्तूबर से अब तक 6180 स्थानों का निरीक्षण किया और 2507 स्थानों पर उल्लंघन पाया जिनमें से 2458 के चालान काटे गये और उन पर 1 करोड़ 16 लाख 33 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने बढ़ते हुए प्रदूषण के खिलाफ चारों जोनों में सख्त कार्रवाई की। इस दौरान एनजीटी एक्ट और निगम एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में संबधित अधिकारियों ने चालान जारी किये। पिछले 10 दिन में चारों जोन में कुल 3477 चालान किए गए और जुर्माने के रूप में 1 करोड़ 63लाख 78 हजार 7 सौ रुपए प्राप्त किए। सभी चारों जोनों में से लगभग 9505 मी. टन मलबा हटाया गया साथ ही वाटर स्प्रिंकलर ने 1603 कि.मी. सड़क पर पानी का छिड़काव किया। जबकि पूर्वी निगम ने 733 विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर 436 चालान किये और जुर्माने के रूप में 42 लाख 55 हजार की राशि वसूली।

नई दिल्ली में मंगलवार को भैयादूज के अवसर पर भाई को टीका लगाकर लम्बी आयु और सुनहरे भविष्य की कामना के साथ खुशिया मनाते हुए।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज होगा चुनाव कार्यालय का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा दिल्ली प्रदेश लोकसभा चुनाव की तरह ही दिल्ली विधानसभा चुनावों में विजय पताका लहराने के संकल्प को सिद्ध करने के लिए आज बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर विधानसभा चुनाव कार्यालय का भूमि पूजन करेगी। इसकी शुरूआत विधिवत हवन-पूजन के साथ होगी। प्रदेश कार्यालय में बनाए जा रहे दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यालय से दिल्ली की सभी 70 सीटों के चुनाव की तैयारियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

आधुनिक होगा चुनावी वॉर रूम

विधानसभा चुनाव कार्यालय के भूमिपूजन को लेकर भाजपा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री और प्रदेश मुख्यालय प्रभारी राजेश भाटिया ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कार्यालय से दिल्ली प्रदेश में चुनाव की सभी तैयारियों की सुचारू व्यवस्था की जाएगी। चुनावी रैली, रोड शो सहित अन्य चुनावी कार्यों की जिम्मेदारी संभालने वाले नेताओं के लिए भी अलग से कमरे बनेंगे। विधानसभा चुनावों में विजय पताका लहराने के लिए चुनावी वार रूम होना बेहद आवश्यक है और इसी बात का विशेष ध्यान रखते हुये कार्यालय बनायें जा रहे हैं। प्रदेश कार्यालय में आधुनिक तरीके से कंट्रोल रूम, सोशल मीडिया एवं मीडिया के वार रूम बनाये जायेंगे। पार्टी कार्यालय के अन्दर अलग पोर्टा केबिन और टेन्ट आदि के जरिए विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े अलग-अलग दफ्तर एवं मीटिंग रूम बनाये जायेंगे।

पूजन पर मौजूद रहेंगे पदाधिकारी व सांसद

विधानसभा चुनाव कार्यालय के भूमि पूजन के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली के प्रभारी श्याम जाजू, दिल्ली चुनाव सह-प्रभारी हरदीप सिंह पुरी, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, दिल्ली के सभी सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रवाद और ठगों के बीच होगा मुकाबला : भाटिया

भाटिया ने बताया कि भूमिपूजन के बाद प्रदेश कार्यालय पर चुनावों से सम्बन्धित काम शुरू हो जायेगा। हम सभी का मात्र एक लक्ष्य है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर विजय हासिल कर दिल्ली को मजबूत सरकार के साथ एक कुशल मुख्यमंत्री देना है। ये चुनाव ऐतिहासिक होने वाला है क्योंकि एक तरफ राष्ट्रवादी सोच है और दूसरी तरफ वो पार्टी है जिसने दिल्ली की जनता को 56 महीनों में केवल ठगा है।

डीटीसी बसों में मुफ्त सफर कर खुश हुईं महिलाएं, सीएम को कहा 'धन्यवाद'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम भैया दूज पर डीटीसी बसों में मुफ्त में यात्रा कर महिलाएं बेहद खुश हुई और उन्होंने इसके लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया। दिल्ली की डीटीसी और कलस्टर बसों में फ्री में यात्रा करने वाली महिलाओं से जब बात की तो उन्होंने खुश होकर बताया कि महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री ये बहुत ही बेहतर काम किया है। डीटीसी बसों में दिल्ली सरकार की तरफ से इसे लेकर स्टिकर भी लगाए गए हैं। दो तरह के स्टिकर हैं, एक वह जिसमें इस फ्री योजना की जानकारी है, वहीं दूसरा स्टिकर महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर बसों में तैनात किए गए मार्शल्स को लेकर है।

गौरतलब है कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि 29 अक्टूबर यानि भैया दूज के दिन से दिल्ली में महिलाओं के लिए डीटीसी की यात्रा फ्री रहेगी। मंगलवार को लक्ष्मी नगर से सरिता नाम की एक महिला डीटीसी बस में चढ़ी तो बस कंडक्टर ने सरिता को गुलाबी रंगा बस पास दिया जिसके लिए उसने महिला से कोई पैसा नहीं लिया। वहीं एक और महिला अंजली ने बताया कि उन्हें इसकी पहले से जानकारी थी कि आज से दिल्ली सरकार की तरफ से महिलाओं को फ्री सफर करने की सुविधा दी जा रही है। जिसको लेकर वह काफी खुश हैं।

छात्राओं में दिखा उत्साह

मुफ्त बस सेवा शुरू होने से दिल्ली की छात्राओं में एक अलग ही उत्साह दिखा। बस सफर कर रहीं छात्राओं ने कहा कि अब उनकी पैसे की बचत होगी और पॉकेट मनी बचेगी। उन्होंने कहा कि ये सुविधा उनके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

परिवहन मंत्री ने बसों में जाकर लिया जायजा

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को शुरू मुफ्त बस सेवा योजना का बसों में खुद जाकर जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान बसों में सफर कर रही महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान महिलाओं से उन्हें और मुख्यमंत्री को मिल आशीर्वाद से वह गदगद हो गए। वहीं इस योजना को लेकर विपक्षी सवालों पर कैलाश गहलोत का कहना था कि वे इसकी चिंता छोड़ दें। गुलाबी रंग के बस पास पर सीएम की तस्वीर छपने पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्टेट के हेड हैं और उनकी तस्वीर हो सकती है। इस दौरान गहलोत ने केंद्र सरकार से अपील भी की कि केंद्र महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर मेट्रो में भी महिलाओं के लिए फ्री यात्रा की मंजूरी दे।

महिलाओं के लिए आज ऐतिहासिक दिन : आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप)की प्रवक्ता आतिशी ने मंगलवार को प्रैसवार्ता में महिलाओं को मुफ्त में बसों में यात्रा करने के लिए दिल्ली सरकार की योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंगलवार का दिन दिल्ली की महिला के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आप की सरकार ने मंगलवार से महिलाओं के लिए दिल्ली सरकार की बसों में मुफ्त सवारी योजना की शुरूआत की है। यह दुनिया में पहली बार है जहां विशेष रूप से महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त की जा रही है।

महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी देश आगे बढ़ेगा : सीएम

मैया दूज के अवसर पर मंगलवार से दिल्ली सरकार ने महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और कलस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू हो गई है। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करके कहा कि आज सुबह से दिल्ली में महिलाओं की बस यात्रा मुफ्त हो गई है। महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाने की ओर ये एक ऐतिहासिक कदम है। एक और ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि पिंकटिकट दिल्ली परिवार की सभी बहनों को इस भाई की ओर से भाई दूज की ढेरों शुभकामनायें। आप सुरक्षित रहें, खूब तरक्की करें। महिलायें आगे बढ़ेंगी, तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं को अब आसानी होगी। वहीं किराया ना देने वाली छात्राएं की अब पढ़ाई नहीं छुट पाएगी। सीएम ने कहा कि अब किसी किसी बहन को दूर नौकरी करने जाना है तो उसे यह नहीं सोचना पड़ेगा कि कितना किराया लगेगा। दिल्ली की सरकार ने आपका किराया मुफ्त कर दिया है।

बुजुर्गों और छात्रों को भी दी जाएगी मुफ्त बस यात्रा की सुविधा: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की सार्वजनिक बसों में महिलाओं की तरह बुजुर्गों और छात्रों को भी मुफ्त यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी। इस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। इसमें कई अड़चने आ रही है। महिलाओं की पहचान हो जाती है, लेकिन बुजुर्ग और छात्रों के लिए कई क्राइटेरिया तय करने पड़ेगी, जिसमें काफी उलझने हैं। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि सारे काम एक साथ पूरे नहीं किए जा सकते, लेकिन हम इसे जरूर करेंगे। हमने पहले महिलाओं के लिए इसे शुरू किया है और नतीजों के आधार पर हम आने वाले समय में छात्रों और बुजुर्गों के लिए भी मुफ्त बस यात्रा सेवा शुरू करेंगे।

खबर संक्षेप

एनएचपीसी ने जागरूकता सप्ताह का किया आयोजन

फरीदाबाद। एनएचपीसी लिमिटेड ने निगम मुख्यालय फरीदाबाद तथा कई पावर स्टेशनों/परियोजनाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों, फील्ड यूनिटों पर दो नवंबर 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक बलराज जोशी ने निगम मुख्यालय फरीदाबाद में कार्मिकों को (सत्यनिष्ठा) की शपथ दिलाई। उद्घाटन समारोह के दौरान एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक बलराज जोशी द्वारा सतर्कता पत्रिका चेतना के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एनएचपीसी अपने निगम मुख्यालय एवं अपने सभी अन्य कार्यालयों में अपने कार्मिकों के लिए ड्रॉइंग, पेंटिंग, वाद विवाद, पोस्टर बनाने जैसे प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, रैली इत्यादि का आयोजन करेगी।

मानहानि केस में पेश नहीं हुए पूर्व सीएम चौटाला

गुरुग्राम। मानहानि के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सोनिया श्योकंद की अदालत में हुई। मामले के आरोपी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला सहित अन्य आरोपी अभय चौटाला अशोक अरोड़ा, कुलदीप बिश्नोई आदि अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने सभी आरोपियों के अधिवक्ताओं से कहा है कि वे अपने-अपने मुवक्किलों को आगामी 12 दिसंबर को अदालत में पेश करें। आरोपियों के अधिवक्ताओं ने अपने मुवक्किलों की हाजिरी माफी की दरख्वास्त लगाई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। बता दें कि वर्ष 2008 में इनेलो व अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं ने पत्रकार वार्ताओं का आयोजन कर प्रदेश के तत्कालीन सीआईडी प्रमुख आईजी पीआर राठी पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने पंचकूला के एक चिकित्सक को निर्धारित मानदंडों की पालना न करते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराई है, जोकि गलत है।

विनय हत्याकांडः पुलिस गिरफ्त में आया फरार राहुल उर्फ जादू

फरीदाबाद। भूदत्त कॉलोनी बल्लभगढ़ निवासी फोटो जर्नलिस्ट संजय शर्मा के 19 वर्षीय पुत्र विनय कुमार की हत्या के मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी राहुल उर्फ जादू को क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जादू पर आरोप है कि उसने अन्य आरोपियों को चाकू लाकर दिया था। इस मामले में पांच आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। चार्जशीट भी अदालत में पेश हो चुकी है। विगत 19 जुलाई को विनय कुमार की सेक्टर-3 में चाकू व सुआ से गोदकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अनिकेत नागर, दीपक ठाकुर, हर्ष ठाकुर, गौरव, सागर उर्फ बूचा नागर और भूदत्त कॉलोनी निवासी राहुल उर्फ जादू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

अरविंद बासु बीआईएस की टैक्सटाइल काउंसिल के चेयरमैन बने

गाजियाबाद। डॉक्टर अरविंद बासु को भारतीय मानक ब्यूरो की टैक्सटाइल डिवीजन काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वर्तमान में डॉ.बासु नॉर्दन इंडिया टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (निटरा) के महानिदेशक हैं।

मुठभेड़ में चार लुटेरे धरे

नोएडा। पुलिस ने सोमवार की रात को एक मुठभेड़ के दौरान चार लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि पुलिस को, कुछ लुटेरों के दिल्ली से नोएडा आने की सूचना मिली।

मामूली विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

36 घंटे में पांच लोगों की हत्या से दहला गाजियाबाद

विजय नगर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात मामूली विवाद में एक 19 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। इसके अलावा साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की लाश बरामद हुई है। गाजियाबाद में दिवाली के बाद अपराध का ग्राफ एकाएक बढ़ गया है इसके बाद लोगों में दहशत फैल रही है। जिले में पिछले 36 घंटों में ही देखें तो अलग -अलग थाना क्षेत्रों में पांच लोगों की हत्या कर दी गई है। जबकि एक पति ने अपनी पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया।

बाइक से तमंचा बरामद

मुठभेड़ के बाद शातिर हत्यारोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। सोमवार की देर रात मामूली विवाद में बिट्टू नामक युवक की हत्या करने के आरोपी वकील नामक शातिर अपराधी को विजय नगर पुलिस ने मंगलवार को संतोष मेडिकल कॉलेज के पास से दिनदहाड़े मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल व बिट्टू की हत्या में प्रयुक्त किए गया तमंचा बरीमद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रथम) धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया के सोमवार की देर रात में चांदमारी क्षेत्र में मामूली विवाद में 4 मार्च बिट्टू नामक एक 19 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने वकील नामक एक शातिर अपराधी के खिलाफ नामजद मुकदमा कायम कराया था। मुकदमा कायम होने के बाद पुलिसवकील की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर विजय नगर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वकील एक बार फिर विजय नगर क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने आ रहा है।

जनपद में दिवाली के बाद बढ़ गया अपराध का ग्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद,

विजयनगर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की देर रात चांदमारी में कुछ युवक आपस में बैठे हुए बात कर रहे थे तभी मामूली विवाद में दिल्ली निवासी 19 वर्षीय बिट्टू को उसी के साथी ने गोली मार दी इससे बिट्टू की मौत हो गई। इस मामले में बिट्टू के परिजनों ने वकील नामक युवक के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने बिट्टू की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वकील की तलाश शुरू कर दी है। श्याम वीर सिंह का कहना है कि वक़ील को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके अलावा साहिबाबाद थाना क्षेत्र के राजेंद्र इलाके में राजेंद्र नगर इलाके में एक युवक की लाश बरामद पहचान अभी तक नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

आपको बता दें गाजियाबाद में दिवाली के बाद एकाएक अपराध का ग्राफ बढ़ गया है और दिवाली से अब तक पांच लोगों की हत्या हो चुकी है। कविनगर थाना क्षेत्र में जहां एक युवक ने अपने दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी वही थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में आधार नशा मुक्ति केंद्र पुनर्वास केंद्र के केयरटेकर साबिर खान की आठ नशेड़ी युवकों ने गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं मोदीनगर में आम के बाग में चारा लेने गए तेजपाल सिंह की गला रेत कर हत्या कर दी। अभी तक उसके हत्यारों का भी पता नहीं लगा सकी है। वही मोदीनगर में सोमवार की देर शाम को एक सेवानिवृत बीएसएफ जवान ने अपनी पत्नी कसविता को गोली मार दी पुलिस के मुताबिक उसकी पत्नी से अनबन चल रही थी जिसके चलते पत्नी अलग रह रही थी। पत्नी को गंभीर दशा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

तीन तमंचे व लूट के दो लाख, 61 हजार बरामद, नोएडा व जयपुर में लूट करने की बना रखी थी योजना

दिल्ली-एनसीआर में गैंग लीडर समेत पांच शातिर लुटेरे गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने मंगलवार को वसुंधरा सेक्टर 14 से एनसीआर में सक्रिय पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है । कुछ दिन पहले इन्होंने एक दूधिया से 50 हजार रुपये की लूट की थी। पुलिस ने बताया कि यह लोग नोएडा में जयपुर में करोड़ों की लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। लेकिन इससे पहले ही यह लोग धर ले गए। एसपी सिटी मनीष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि इंदिरापुरम थाना प्रभारी महेंद्र सिंह मंगलवार को सेक्टर 14 वसुंधरा में नर्सरी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की पुख्ता सूचना पर मोटर साईकिल व स्कूटी पर सवार वहां से गुजर रहे पांच युवकों को हिरासत में ले लिया और उनकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उनके पास से दो पिस्टल एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। मिश्रा ने बताया कि पूछताछ करने पर इन्होंने अपने नाम संजीव, सोनू कपिल, रोहित, संदीप जाटव, शोकेन्दर केंद्र बताए। ये सभी सिंभावली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। कपिल इनका गैंग लीडर है। एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि यह लोग एनसीआर क्षेत्र में आकर पहले रेकी करते थे और जहां मोटे लेनदेन की जानकारी मिलती थी योजना बनाकर संबंधित व्यक्तियों से लूट कर लेते थे। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को इन लोगों ने वसुंधरा में एक दूधिया से तमंचों के बल पर 50 हजार रुपये लूटे थे। मुरादनगर में एक्सप्रेसवे के पास से होने एक व्यक्ति से 36 हजार रुपए लूटे थे। उन्होंने ने बताया कि इनकी योजना नोएडा में एक फैक्ट्री के कैशियर से 25 लाख तथा जयपुर की एक कंपनी से सवा करोड़ रुपए लूटने की थी। पुलिस के कब्जे से दो लाख, 61 हजार रुपये लूट के बरामद किए हैं। इनका इतिहास खंगाला जा रहा है ।

- **अपराधियों का इतिहास खंगाल रही पुलिस**

हाईकोर्ट के आदेश पर निगम ने तोड़ी 22 दुकानें

एक सप्ताह पहले दिया तोड़फोड़ को अंजाम

फरीदाबाद। हाईकोर्ट में सुनवाई के लफड़े से बचाने के लिए नगर निगम ने बाटा पुल के नीचे बसी हुई झलानी टूल्स मार्केट में तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया। हाईकोर्ट ने मार्केट को तोड़ने के 2013 में दे दिए थे, आगामी 6 नवंबर को मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में होनी है। निगम ने हाईकोर्ट से पड़ने वाली झाड़ से बचने के लिए मंगलवार को छह साल बाद इस तोडफोड़ की कारर्वाई को अंजाम दे गया। इस कार्रवाई में निगम ने मार्केट में बनी हुई 22 दुकानों को तोड़ दिया। मार्केट में लगभग 42 करीब प्लाट बने हुए है। इस कारर्वाई का विरोध करने के लिए पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के भाई बलजीत कौशिक, कांग्रेस नेता रंधावा फागना व एनएसयूआई के नेता विकास फागना पहुंचे।

मंगलवार दोपहर बाद अचानक नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता, भारी पुलिस बल व निगम अधिकारियों की फौज के साथ बाटा पुल के सामने बनी झलानी टूल्स कम्पाउंड पहुंचा। जहां नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह के नेतृत्व में तोड़फोड़ से संबंधित हाईकोर्ट ने आदेश दुकानदारों को दिखाए। ओमवीर सिंह ने बताया कि निगम की ओर से सभी दुकानदारों को पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे। नोटिस मिलने पर दुकानदारों ने रोष जाहिर करना शुरू कर दिया। तोड़फोड़ के दौरान दुकानदार एकत्र हो गए, लेकिन पुलिस बल होने के कारण कोई विरोध की हिम्मत नहीं जुटा सका। ओमवीर सिंह के अनुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। मार्केट में 45 प्लाट थे। जिनमें 22 में दुकानें बनी हुई थी। जिनको तोड़ दिया गया है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने इस मामले को लेकर पूर्व निगम आयुक्त मोहम्मद शाइन पर भी पिछले साल अवमानना का मामला लग गया था। वहीं निगम कोर्ट के आदेश के बावजूद तोड़फोड़ नहीं कर पाया। अब मामले की सुनवाई 6 नवंबर को हाईकोर्ट में होनी है। जिसमे निगम को रिपोर्ट दाखिल करानी है। जिसको लेकर निगम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

हादसे में घायल महिला की अस्पताल में मौत

फरीदाबाद। धौज थाना क्षेत्र में सोहना-बल्लभगढ़ मार्ग पर मोहब्बताबाद गांव के समीप बुजुर्ग महिला खिड़की से बस में चढ़ते समय फिसलकर नीचे गिर गई और बस के पिछले टायर के नीचे आ गई। बस उसके दोनों पैरों से होकर गुजर गई। बुजुर्ग महिला के बस के नीचे आते ही बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। महिला को उसके बेटे ने बस चालक की सहायता से उपचार के लिए बीके अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। धौज पुलिस ने बताया कि मूलरूप गोठड़ा मोहब्बताबाद गांव के रहने वाले वेदपाल पुत्र चंद्रमल अपनी बुजुर्ग मां बतासो देवी के साथ खरीदारी करने धौज आ रहे थे। गांव के बस स्टैंड पर वह करीब 76 वर्षीय मां को रोडवेज बस की खिड़की से बस में बैठाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान लापरवाही बरतते हुए चालक ने बस आगे बढ़ दी। इससे उनकी मां खिड़की से गिर कर बस के पिछले टायर के नीचे आ गई। उन्हें बीके अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

गाजियाबाद में एक्यूआई पहुंचा 400 के पार

जहरीली हवा में सांस लेना हुआ मुश्किल

गाजियाबाद। जिले में मंगलवार को प्रदूषण का स्तर शहर के साथ देहात में भी लाल निशान को पार कर गया। तमाम जागरूकता और ऐहतियात के दावे फेल हो गए और जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय को प्रदूषण नियंत्रण के लिए खुद सड़क पर उतरना पड़ा।

जिसके बाद उन्होंने कई ठोस कदम उठाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर कई स्थानों पर पानी का छिड़काव कराया गया और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ साहिबाबाद व इंदिरापुरम थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

दिवाली पर छोड़े गए पटाखों ने मंगलवार को जिले की हवा जहरीली बनाए रखी । मंगलवार को इसका सीधा असर एक्यूआई पर दिखा। मंगलवार को (एयर क्वालिटी इंडेक्स) एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया। वसुंधरा में एक्यूआई 432, इंदिरापुरम में 422, संजय नगर में 438 तथा लोनी में 434 रहा इसमें पीएम 2.5 का लेबर आठ गुना से दस गुना बढ़ गया जबकि पीएम 10 का लेबर चौदह गुना बढ़ गया जिस कारण लोगों को सांस लेने में दिन भर परेशानी हुई।

दूसरी और वास्तविक स्थिति जानने के लिए जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे खुद सड़क पर उतर गए उन्होंने इंदिरापुरम, कौशांबी, वसुंधरा, राजनगर व लोनी का खुद जायजा लिया। जिसके बाद उन्होंने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कुछ ठोस कदम उठाए ।

उन्होंने जहां-जहां भी धूल के कण फैल रहे हैं वहां पर जेटी मशीन से दिनभर छिड़काव कराया साथ ही पांच मामलों में प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ इंदिरापुरम व साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

सट्टा कारोबारी से नकली नोट बरामद

फरीदाबाद। सेक्टर-30 क्राइम ब्रांच टीम ने मोहना रोड स्थित टोंगर मार्केट के पास सट्टा खाई के लिए आवाज लगाकर लोगों को बुला रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 रुपये के चार नकली नोट सहित 9750 रुपये बरामद किए। आरोपी से नकली नोटों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

सेक्टर-30 क्राइम ब्रांच के एएसआई कर्मजीत सिंह सोमवार रात को चंदावली पुल के पास अपराध पड़ताल गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि मोहना रोड स्थित टोंगर मार्केट के पास हेतराम नामक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाई कर रहा है। आरोपी उसकी आड़ में नकली नोट चलाने का भी काम करता है। अगर तुरन्त रेड की जाए तो आरोपी सट्टा खाई करते हुए काबू आ सकता और उसके पास नकली नोट भी बरामद हो सकते हैं। मुखबिर की सूचना को सही मानते हुए पुलिस टीम मार्केट में पहुंच गई। वहां पर एक व्यक्ति जोर-जोर से आवाज लगा रहा था की किसी भी नंबर पर पैसा लगाओ और लगाया हुआ सही नंबर आने पर 100 गुणा रकम पाओ। पुलिस टीम ने आरोपी को काबू किया।

भाईदूज

गुरुग्राम में मंगलवार को भाईदूज के अवसर पर भाई को तिलक कर उसकी लंबी आयु की कामना करती बहन।

पेपर मिल में आग से भारी नुकसान

गाजियाबाद। साहिबाबाद साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक पेपर मिल में आग लग गई। दआग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और चारों तरफ हड़कंप मच गया। गाजियाबाद व नोएडा की 14 दमकल गाड़ियों ने तत्काल पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालांकि इसमें किसी जान की हानि नहीं हुई है। लेकिन लाखों रुपए का कागज जलकर राख हो गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह साहिबाबाद साइट -4 औद्योगिक क्षेत्र शिवम उद्योग फैक्ट्री में अचानक आग लग गई।

गुरुग्राम में 22 स्थानों पर होगी छठ पूजा, तैयारियां पूरी

छठ पूजा के मद्देनजर डीसीपी से मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में 22 स्थानों पर छठ पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी स्थानों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छठ पूजा का बड़ा आयोजन यहां श्रीशीतला माता मंदिर परिसर में बने ब्रह्मसरोवर तालाब में होगा। यहां पर हजारों श्रद्धालु भगवान भास्कर की आराधना करके छठ पूजा करेंगे।

मंगलवार को प्रवासी एकता मंच की ओर से यहां डीसीपी शशांक कुमार सावन को पत्र देकर छठ पूजा में सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई। मंच की ओर से सतेंद्र सिंह, राहुल निराला, केके सिंह, राम साहू, उमेश, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, राजेश पटेल, कमल किशोर, डॉक्टर जेपी कुशवाहा, भगवान झा, जनार्दन कुमार, मुन्ना सिंह आदि ने कहा कि वैसे तो सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाते हैं। फिर भी एहतियात के तौर पर उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है, ताकि कोई शरारती तत्व कोई गलत हरकत न करे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में 22 स्थानों पर छठ पूजा के लिए घाट बनाए गए हैं। कुछ घाट स्थायी हैं तो कुछ अस्थायी। सभी घाटों की सफाई आदि करके तैयारियां पूर्ण कर दी गई हैं।

इन स्थानों पर होगी छठ पूजा

छठ पूजा के लिए कन्हई, सिकंदरपुर, सूरत नगर में दो जगह, राजेंद्रा पार्क, श्रीशीतला माता मंदिर, पंजीरी प्लांट सेक्टर-5, लेबर चौक सेक्टर-5, धर्म कालोनी, सरस्वती एंक्लेव, शक्ति पार्क खांडसा रोड, देवीलाल नगर, बसई एंक्लेव में दो जगह, मानेसर, सोहना, बादशाहपुर, गढ़ी हरसरू, सेक्टर-15 पार्ट दो, नाहरपुर रूपा, न्यू पालम विहार, रेलवे स्टेशन सब्जी मंडी आदि स्थान चिन्हित हैं।

फरीदाबाद में छठ की तैयारियों में जुटी संस्थाएं

फरीदाबाद। शहर में छठ पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्थाएं जुट गई है। इस बार करीब 25 से अधिक जगहों पर छठ का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं घर के छतों पर भी पूजा की व्यवस्था की गई है। प्रमुख पूर्वांचल संगठनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें भोजपुरी लोक कलाकार बिहार व यूपी की संस्कृति का बखान अपने गीत व संगीत से करेंगे। समाजसेवी गंगेश तिवारी ने कहा है कि सैक्टर-22 स्थित हनुमान मंदिर में छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पहले अर्घ्य की तैयारियों को मूर्तरूप दे दिया गया है। संध्या अर्घ्य सायं 4 से 6 बजे तक होगा। छठ घाट की सफाई करवा दी गई है।

कल से नहाय-खाए के साथ शुरू होगा चार दिवसीय छठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पूर्वांचल मूल के वासियों का छठ पर्व बड़ा ही महत्वपूर्ण होता है। प्राचीन काल से ही इस पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। साइबर सिटी में लाखों की संख्या में पूर्वांचल मूल के लोग स्थायी व अस्थायी रुप से निवास कर रहे हैं। इस पर्व को ये लोग बड़ी ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। पूर्वांचल की सभ्यता एवं संस्कृति का दीदार साइबर सिटीवासियों को ये लोग अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा कराते रहे हैं। इस आयोजन में स्थानीय लोग जहां बढ़-चढक़र भाग लेते हैं, वहीं इन आयोजनों में हर तरह का सहयोग भी करते हैं। इस पर्व में इस्तेमाल होने वाली पूजा सामग्री की दुकानें सजनी शुरु हो गई हैं। शहर के मुख्य सदर बाजार से लगती सब्जी मंडी में पूजा सामग्री बड़ी मात्रा में आ रही है और लोग खरीदारी भी कर रहे हैं, हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा पूजा सामग्री सूप आदि की दरें अधिक हैं, फिर भी श्रद्धालु भाव-तोल कर सूप आदि खरीद रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि बुधवार से पूजा सामग्री खरीदने वालों का तांता लगना शुरु हो जाएगा। उन्होंने पूरी व्यवस्था कर ली है। बताया जाता है कि महापर्व छठ का 4 दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाए से 31 अक्टूबर से शुरू होगा। 1 नवंबर को खरना और 2 नवंबर की सायं भगवान भास्कर को पहला सायंकालीन अर्घ्य और 3 नवंबर की प्रातः सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन किया जाएगा। शहर के कई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्थायी व अस्थायी घाटों पर बड़ी संख्या में पूर्वांचल मूल के लोग पहुंचते हैं।

खबर संक्षेप

मैदानी तोपखाना रेजिमेंट का स्थापना दिवस एक को रेवाड़ी में

रेवाड़ी। पूर्व सैनिकों द्वारा मैदानी तोपखाना रेजिमेंट का 79वां स्थापना दिवस 1 नवंबर को कनीना में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से पूर्व सैनिक भाग लेंगे। रिटायर्ड सुबेदार मेजर ऑनरी कैप्टन राम सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मेजर जरनल पीआर बोस, मेजर जरनल टीके सचदेवा, ब्रिगेडियर एस वशिष्ठ, ब्रिगेडियर पीएस पुरी, कर्नल आरएस यादव, मेजर संदीप साहनी, कैप्टन विक्रम खन्ना उपस्थित रहेंगे। राम सिंह यादव ने बताया कि मैदानी तोपखाना रेजिमेंट का गठन ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1 नवंबर 1941 के दिन हुआ था। रेजिमेंट ने 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 के भारत-पाक व 1971 के पाकिस्तान युद्ध में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई थी। यूनिट युद्ध क्षेत्र में होने के कारण अपना स्थापना दिवस नहीं मना पा रही है। इसलिए पूर्व सैनिकों द्वारा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

केंद्रीय विवि में सूक्ष्मजीव विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 15 से

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 15 से 18 नवंबर तक भारतीय सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक संघ का 60वां वार्षिक सम्मेलन तथा ऊर्जा, पर्यावरण कृषि और स्वास्थ्य के सतत विकास में सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य सतत विकास के लिए आवश्यक अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा विचार-विमर्श और उपायों का खाका तैयार करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन में 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें देश-विदेश के प्रमुख सूक्ष्मजीव विज्ञानी अंतर्विषय शोधकर्ता चिकित्सक और शिक्षक शामिल होंगे। प्रो. सतीश के अनुसार इस सम्मेलन में भारत के प्रमुख विश्व विद्यालयों व शोध संस्थानों के वैज्ञानिक, इजराएल, अमेरिका, कनाडा, स्पेन, पुर्तगाल, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया आदि के प्रख्यात वक्ता भी होंगे। सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक छात्र संकाय और उद्योगी 30 अक्टूबर से पहले पंजीकरण करा सकते हैं।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

चंडीगढ़। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा विभिन्न श्रेणियों के लिए द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2019 के तहत जल संरक्षण तथा प्रबन्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठ राज्यों, जिलों, ग्राम पंचायतों, नगरनिगमों/ अन्य पालिका निकायों, स्कूलों, टीवी शो तथा श्रेष्ठ समाचार पत्रों को सम्मानित किया जाएगा। प्रविष्टियां जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, 2019 है तथा पुरस्कार वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान दिल्ली में एक समारोह के दौरान दिए जाएंगे।

आईटीआई में कैम्पस इंटरव्यू 31 अक्टूबर को

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 31 अक्टूबर को कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इसमें वोल्वों (यूडी ट्रक्स जापान) के लिए मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई उर्तीण, दो वर्षीय व ऑटोमोबाइल मैकेनिकल ट्रेड में पोलिटैक्निक डिप्लोमा एक वर्षीय हैवी व्हीकल सर्विस का अनुभव (हरियाणा रोडवेज व दूसरी संबंधित ऑटो कंपनियां) रखने वाले सदस्यों का जापान प्लांट के लिए सर्विस टैक्नीशियन का साक्षात्कार होगा। इसमें उर्तीण होने वाले सदस्यों का फाईनल साक्षात्कार कंपनी के गुरूग्राम स्थित कार्यालय में लिया जाएगा। इसमें चयनित होने वाले सदस्यों को जापानी भाषा सीखने की 6 महीने की ट्रेनिंग गुरूग्राम व चेन्नई में दी जाएगी। इस दौरान 8 हजार रुपए व दूसरे अलाउंस दिए जाएंगे। जापानी भाषा सीखने बाद चयनित सदस्यों को वोल्वों (यूडी ट्रक्स जापान) में पासपोर्ट व औपचारिकता होने के बाद 75 हजार रुपए के मानदेय पर सभी सुविधाओं के साथ जापान भेजा जाएगा।

सीएमओ में होगा बड़ा फेरबदल

हरियाणा: मुख्यमंत्री कार्यालय में जल्द शामिल किए जा सकते हैं नए चेहरे

■ विधानसभा चुनाव में अपेक्षा से कम सीटें मिलने पर पार्टी ने समीक्षा शुरू की

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

विधानसभा चुनाव के सियासी रण-2019 में रखे लक्ष्य- अब की बार-75 पार से विपरीत परिणाण आने के बाद में भाजपा हाईकमान और सीएम खुद चिंतित हैं। 90 विधानसभा सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में 75 सीटें जीतने के दावों के विपरीत बहुमत भी नहीं मिला। पार्टी ने कम सीटें मिलने की समीक्षा शुरू कर दी है। इस क्रम में (पार्ट वन) सरकार में सीएमओ में अहम सीटों पर बैठे चेहरों की छुट्टी होना लगभग तय माना जा रहा है।

विधायकों की भी नाराजगी

उच्चपदस्थ भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री और विधायक रहे नेताओं ने सीएमओ में तैनात अफसरों पर नाराजगी जताई है। कुछ चेहरों को लेकर जहां पहली सरकार के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष तक की और से कई तरह के सवाल उठते रहे। वहीं, सत्तासुख भुगत रहे इन चेहरों का कामकाज भी सरकार को लोकप्रिय बनाने वाला नहीं रहा। दूसरा पार्ट वन सरकार में तैनात किए कई चेहरों को हरियाणा के बारे में अनुभव और किसी भी तरह का कोई ज्ञान नहीं था, इसीलिए काफी समय राज्य और यहां के लोगों को समझने में लग गया जबकि कई की कार्यशैली के कारण कई तरह के साइड इफेक्ट भी देखने को मिल रहे हैं। लोकसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत दस की दस सीटों पर जीत और विधानसभा चुनाव में मात्र 40 सीटों पर सिमट जाने के कारणों की समीक्षा का वक्त आ गया है। इसके साथ ही कुछ हारे चेहरों और कुछ जीतकर आने वालों ने सीएमओ में कुछ ओएसडी समेत कुछ अन्य चेहरों, कुछ सरकारी अफसरों के नाम लेकर साफ कर दिया है कि इनमें तुरंत ही बदलाव होना चाहिए।

कंबोज और राणा में आरोप-प्रत्यारोप



हरियाणा विधानसभा चुनावों के सियासी रण 2019 के मैदान में मनोहरलाल केबिनेट के दो मंत्रियों अनिल विज और डा. बनवारी लाल को छोड़कर अधिकांश सदस्य चुनाव हार चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी हाईकमान जहां हार के कारणों की समीक्षा करेगा, वहीं 75 पार के लक्ष्य के विपरीत बेहद ही कम सीटें आना बेहद ही चिंता का विषय बना हुआ है। हार के बाद में कई स्थानों पर भाजपा में भितरघात की बातें भी उठने लगी हैं। राज्य की मनोहरलाल सरकार पार्ट वन में मंत्री रह चुके कर्णदेव कांबोज ने हार का ठीकरा पूर्व विधायक व सीपीएस श्याम सिंह राणा पर फोड़ दिया है। राणा की एक आडियो वाट्सएप ग्रुपों में चल रही है। जिसमें राणा अपने एक कार्यकर्ता को फोन पर सहयोग नहीं करने के लिए बोल रहे हैं, उक्त आडियो वायरल होने के बाद में मामला मीडिया की सुर्खियां बन गया है। आरोप है कि राणा ने अपने कार्यकर्ता को कंबोज को सहयोग नहीं करने, घर बैठने व उनके हिसाब से चलने का आदेश दिया है। दूसरी तरफ पहली सरकार में इंद्री सीट से विधायक व बाद में मंत्री बने करण देव कांबोज ने राणा की चुनाव के दौरान भूमिका के बारे में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को शिकायत करने की चेतावनी भी दी है।उधर, श्याम सिंह राणा अब पूरे मामले के तूल पकड़ लेने के बाद में बोल रहे हैं कि उन्हें नहीं पता कि यह आडियो कब का है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से शिकायत की तैयारी

पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज भी खुलकर मैदान में आ गए हैं। उन्होंने श्याम सिंह राणा का नाम लेकर कहा है कि उनकी हार बेहद ही कम अंतर से हुई है, क्योंकि पार्टी के अंदर भीतरघात हुआ है। कांबोज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग पार्टी को अपनी मां की तरह से सम्मान देते हैं लेकिन श्याम सिंह राणा के आडियो वायरल होने के कारण यह बात साबित हो गई है कि उन्होंने अपनी मां जैसी पार्टी के साथ में गद्दारी कर रहें हैं। कांबोज ने दोहराया कि वे इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को शिकायत करेंगे।

विज ने अहम पदों के लिए दबाव बनाने का खंडन किया

चंडीगढ़। मनोहर लाल सरकार में स्वास्थ्य व खेल मंत्री रहे अनिल विज ने उन तमाम खबरों का खंडन किया हैं, जिसमें उन पर डिप्टी सीएम व अन्य अहम विभाग देने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया हैं। विज ने ट्वीट कर कहा कि यह सभी गलत हैं।

ध्वनि प्रदूषण रोकने को पुलिस ने शुरू की सख्ती

हाईकोर्ट ने जताई थी सख्त नाराजगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ रात दस बजे से लेकर सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक

■ सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों में प्रयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश

पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में सार्वजनिक और निजी स्थानों पर संचालित लाउडस्पीकर और जन संबोधन प्रणाली के इस्तेमाल पर रोक लगाने संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि न्यायालय द्वारा हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत संबंधित अथोरिटी से पूर्व अनुमति के बिना धार्मिक निकायों सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को कहा गया है कि वे निर्धारित सीमा के तहत शोर स्तर को लाने के लिए अदालत के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार लाउडस्पीकर और जन संबोधन प्रणाली का इस्तेमाल, किसी सांस्कृतिक या धार्मिक उत्सव को छोड़कर (रात दस बजे से 12 बजे तक) रात दस बजे से सुबह छह बजे तक नहीं होना चाहिए। सांस्कृतिक या धार्मिक उत्सव को दी गई यह छूट साल में 15 दिन से अधिक नहीं होनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए लाउडस्पीकर के लिए शोर का स्तर दस डेसिबल (ए) से अधिक नहीं हो तथा किसी निजी स्थान के मामले में यह स्तर पांच डेसिबल (ए) से अधिक नहीं होना चाहिए।

साइलेंस जोन: पुलिस अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर आवासीय क्षेत्रों में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच साइलेंस जोन में कोई हॉर्न नहीं बजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि आदेशों का उल्लंघन न हो।

अब कोयले का प्रयोग करने वाले उद्योगों को बंद करने का आदेश

■ ईपीसीए ने दी एनसीआर में 26 से 30 अक्टूबर तक ऐसी इंडस्ट्री को बंद करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं संरक्षण प्राधिकरण (ईपीसीए) ने डीजल जनरेटर के बाद अब कोयला आधारित इंडस्ट्री पर सख्ती बढ़ा दी है। दिल्ली-एनसीआर व हरियाणा के एनसीआर क्षेत्रों में 26 से 30 अक्टूबर तक इस प्रकार की इंडस्ट्री को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर ईपीसीए चेयरमैन डॉ. भूरेलाल ने प्रदेश की मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसके बाद उद्योग जगत में काफी बेचैनी देखी जा रही है।

उद्यमियों का कहना है कि वायु प्रदूषण के नाम पर सिर्फ इंडस्ट्री पर ही क्यों सख्ती की जाती है, जबकि वायु प्रदूषण को बढ़ावा देने के अन्य कारणों पर ध्यान क्यों नहीं जाता। बहादुरगढ़ में कई हजार डीजल ऑटो चलते हैं। यदि इन्हें बंद करा दिया जाए तो वायु प्रदूषण से काफी हद तक राहत मिल जाए। उद्योग जगत प्रदूषण के मामले में हमेशा से ही सजग रहा है। नए आदेश से उद्योग जगत सहमा हुआ है।

कोयला आधारित बॉयलर को बंद कर दिया जाए: अचानक इस प्रकार का आदेश आना कि कोयला आधारित बॉयलर को बंद कर दिया जाए। इसका परिणाम औद्योगिक दृष्टि से बड़ा अहितकारी साबित होगा। उद्यमियों की मांग है कि इस प्रकार के आदेश की फिर से समीक्षा होनी चाहिए। अनेक औद्योगिक इकाइयों में कोयले से बॉयलर चलाया जाता है। अब इन औद्योगिक इकाइयों के संचालक काफी परेशान है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी का कहना है कि अचानक इस प्रकार के आदेश से उद्योग जगत के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है। यह आदेश अगर 10 से 15 दिन पहले आया होता तो इसका कोई न काई विकल्प तलाशा जाता है। इसे लेकर हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कृष्ण यादव का कहना है कि ईपीसीए के आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। यदि इसकी कहीं भी अवहेलना मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ड्रग तस्करी मामले में महिला एएसआई गिरफ्तार

पटियाला। नारकोटिक्स सेल ने गैंगस्टरों से संबंध व ड्रग तस्करी के मामले में एक महिला एएसआइ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एएसआई रेनु बाला अर्बन एस्टेट पटियाला थाने में तैनात थी। बताया जा रहा है कि पंजाब पुलिस के चार आलाधिकारी उसके रिश्तेदार हैं। नारकोटिक्स सेल महिला एएसआई से पूछताछ में जुटी है। पूछताछ में ड्रग तस्करी के बड़े खेल का खुलासा हो सकता है। रेनु बाला को तरनतारन के पट्टी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। उससे 50 ग्राम हेरोइन भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार महिला एएसआइ के पट्टी निवासी निशान सिंह के साथ संबंध थे और उसके साथ मिलकर ही नशा तस्करी करती थी। इसकी पुष्टि करते हुए एसएसपी मनदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि नारकोटिक्स सेल की तरफ से उक्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही उनकी तरफ से थाना अर्बन इस्टेट इंचार्ज के खिलाफ भी विभागीय जांच की सिफारिश की गई है। रेनू बाला थाना अर्बन अस्टेट में 19 जून से तैनात थी। महिला एएसआइ का पति और अन्य तीन परिजन भी पुलिस विभाग में ही तैनात है। रेनू बाला पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर चल रही थी। इसी दौरान मंगलवार सुबह पुलिस ने उसे हेरोइन समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों अनुसार रेनू बाला के पट्टी निवासी निशान सिंह के साथ पिछले दो साल से जान पहचान थी और दोनों अक्सर मिलते भी थे। सूत्रों अनुसार एएसआई रेनू बाला की तरफ से दिल्ली से हेरोइन लेकर निशान सिंह को सप्लाई की जाती थी। जिसकी पिछले लंबे समय से नारकोटिक्स सेल की तरफ से जांच भी की जा रही थी।

■ नारकोटिक्स सेल की बड़ी कार्रवाई, हो सकता है बड़े खेल का खुलासा

पंजाब में व्यापारी ने पत्नी-बेटे को गोली मारने के बाद की आत्महत्या

संगरूर। मंगलवार सुबह शहर के प्रसिद्ध मिठाई व्यापारी ने लाइसेंसी रिवाल्वर से पहले अपनी पत्नी और बेटे को गोली मारी, फिर खुद के सीने पर फायर कर दिया। व्यापारी पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनका 13 साल का बेटा लुधियाना के एक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उसे चार गोलियां लगी हैं। बताया जा रहा है कि व्यापारी मानसिक तौर पर परेशान था। इस हृदय विदारक घटना के बारे में कोई भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी काफी छानबीन की, लेकिन निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई।

लुधियाना: फैक्ट्रियों में भीषण आग

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

■ लाखों का माल जलकर खाक

■ कुछ लोगों ने फैक्ट्रियों को आग लगाने की धमकी दी थी

शहर के इंस्टमैन चौक की सूआ रोड स्थित सिंगला कॉलोनी इलाके में सोमवार देर रात प्लास्टिक व रबड़ फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी के साथ फैली के उसने दोनों फैक्ट्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे लाखों रुपये कीमत का माल जल कर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने 5 गाड़ियों की मदद से 3 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे फैक्ट्रियों से सटी दो दुकानें बाल-बाल बच गईं। आग की यह घटना रहमान इंडस्ट्रीज व रोहित इंडस्ट्रीज में हुई। चौड़ा बाजार के घास मंडी इलाके में रहने वाले रोहित इंडस्ट्रीज के मालिक रोहित कुमार ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में रबड़ के पार्ट्स तैयार होते हैं। जबकि ग्यासपुरा की सम्राट कॉलोनी निवासी रहमान इंडस्ट्रीज के मालिक मोहम्मद शमशाद ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में रबड़ का दाना तैयार किया जाता है। घटना सोमवार रात 1 बजे की है। रोहित इंडस्ट्रीज की छत पर तीन कमरे भी बनाए गए हैं। जिनमें वहां काम करने वाली मजदूर विरेंद्र, कन्हैया व राम सिधारे रहते हैं। धुआं उठता देख तीनों कमरों से बाहर निकले तो देखा कि नीचे फैक्ट्रियों में आग लगी हुई थी। उन्होंने आनन-फानन में वहां से भागकर जान बचाई और घटना की जानकारी फैक्ट्री मालिक व फायर ब्रिगेड टीम को दी।

एचपीजीसीएल नेशनल पुरस्कार से सम्मानित

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम (एचपीजीसीएल) जो हरियाणा सरकार का एक उपक्रम है, को इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 16वें नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन कोस्ट मैनेजमेंट-2018 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है वहीं एनएचपीसी को इसमें द्वितीय स्थान मिला है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न वर्गों में सरकारी एवं गैर सरकारी उपक्रमों को दिया जाता है। एचपीजीसीएल को यह पुरस्कार 'ऊर्जा के उत्पादन, वितरण एवं प्रसारण' की श्रेणी में दिया गया है।यह पुरस्कार प्रतिभागियों का एक स्वतन्त्र रेटिंग संस्थान (केयर रेटिंग लिमिटेड) द्वारा विस्तृत मुल्यांकन कर विशेषज्ञों की सक्रीनिंग कमेटी (ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) के वित्त निदेशक विवेकानंद की अध्यक्षता वाली के अनुमोदन के बाद प्रख्यात विद्वानों की पंचायत (सुभाष चंद्र गर्ग, वित्त सचिव एवं सचिव डीईए, भारत सरकार की अध्यक्षता वाली) द्वारा चयनित संस्थान को दिया जाता है।

टीम को दी बधाई

यह पुरस्कार हाल ही में दिल्ली में राज्य मंत्री वित्त एंव कॉरपोर्टर मामले, भारत सरकार एवं सुभाष चन्द्र गर्ग, सचिव (बिजली) भारत सरकार द्वारा बलविन्दर सिंह अध्यक्ष, आईसीएआई एवं अन्य की उपस्थिति में प्रदान किए गए।अतिरिक्त मुख्य सचिव (बिजली), हरियाणा सरकार एवं अध्यक्ष एचपीजीसीएल त्रिलोक चन्द्र गुप्ता ने प्रबंध निर्देशक एचपीजीसीएल मोहम्मद शाईन, एवं उनकी टीम को अभूतपूर्व उपलब्धी पर बधाई दी।

रन फॉर यूनिटी में दौड़ेगा प्रदेश

पंचकूला। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में 31 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। इसके तहत प्रदेश भर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा जिसमें खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट व शहरवासी भागीदारी करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय एकता की शपथ का भी आयोजन किया जाएगा।

■ सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी

पंचकूला के उपायुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने आज अपने कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक के दौरान दी। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में की जाने वाली तैयारियों के लिए कमेटी का गठन किया और प्रबंधों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी की तीन स्तरीय दौड़ क्रमशः 10 कि.मी.,5 कि.मी. व 3 कि.मी की होगी। इनमें से 10 कि.मी. की दौड़ परेड ग्राउंड से आरंभ होकर बेला विस्टा चौक से लेकर अन्य जगह जाएगी।

बस ने बोलेरो में टक्कर मारी, 4 युवकों की मौत

मोगा। मोगा जिले में भीषण सड़क दुर्घटना में चाह युवकों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वो सभी एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने वाहन में बरनाला जिले के गांव ताजोके लौट रहे थे। रास्ते उनकी बोलेरो गाड़ी की एक बस से टक्कर हो गई। घायलों में से तीन की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बरनाला जिले के तपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव ताजोके से एक बारात मोगा आई थी। शादी समारोह के बाद बरात में आए युवक बोलेरो में वापस जा रहे थे। बोलेरो मोगा-बरनाला हाईवे पर गांव बोड़े के निकट पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रही मालवा बस सर्विस की एक निजी बस के साथ उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।

गंदा पानी रोकने के लिए 42 स्थानों पर प्रशासन ने किया काम शुरू

यमुना एक्शन प्लान की रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ पानीपत में 59 उद्योग बिना सीटीई और सीटीओ के चल रहे

■ प्रदेश में 2597 उद्योग यमुना के किनारे

यमुना को प्रदूषित होने से बचाने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ठोस कदम उठाने के निर्देश जारी हो चुके है। अब हरियाणा के सभी जिलों के प्रशासन ने अपनी अपनी रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी है। पानीपत प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में एनजीटी को कुछ संतुलित जवाब जरूर दिए है, लेकिन ये यमुना को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नाकाफी है। यमुना में अब भी ड्रेन का गंदा पानी ही जा रहा है। बापौली क्षेत्र की सैकड़ों फैक्ट्रियां अपना प्रदूषित पानी यमुना में छोड़ रही है। प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यमुना में सीवरेज का गंदा पानी रोकने के लिए प्रशासन ने 52 प्वाइंट चिह्नित किए है। इनमें से 42 स्थानों पर काम चल रहा है, 16 स्थानों पर काम शुरू नहीं हो पाया है। प्रदेश में 2597 उद्योग यमुना के किनारे है। इनमें से 346 पानीपत में है। पानीपत में 59 उद्योग बिना सीटीई और सीटीओ के चल रहे थे। इन सभी पर ताला जड़ चुका है। 1 अगस्त 2018 से अब तक 44 फैक्ट्रियां का जायजा लिया गया है। इनमें से 16 नियमों के विरुद्ध चलती मिली। इनको बंद किया जा चुका है। यमुना किनारे 23 फैक्ट्रियों में से मात्र 2 में ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम नहीं है। इन पर कार्रवाई की जाएगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निर्देश दिए थे कि सभी यमुना नदी या उसके राज्य में उसकी सहायक नदियों में संगठनों से पहले सभी नालों में स्थायी प्रवाह निगरानी स्टेशनों को यमुना नदी या उसकी सहायक नदियों में निर्वहन के योगदान को जानने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए और संबंधित विभाग द्वारा रिकॉर्ड बनाए रखा जाएगा। लेकिन इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। सिंचाई विभाग व यमुना के रख रखाव से संबंध रखने वाले विभागों द्वारा एक्शन प्लान तो दिए गए है, लेकिन मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। सभी विभागों को अपनी रिपोर्ट हर माह की 5 तारीख तक जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन रिपोर्ट नहीं जमा कराई गई।

35 इकाई को बंद करने के निर्देश दिए

एनजीटी ने जून माह में यमुना नदी को प्रदूषित करने वाली 35 इकाई को बंद करने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में भी कोई कार्रवाई नहीं की। अवैध कॉलोनियों से निकलने वाले पानी के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होना आवश्यक है। इसके बाद ही गंदे पानी को ड्रेन में छोड़ा जाए, लेकिन इस संबंध में भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पाया। गंदा पानी सीधा ड्रेन में जा रहा है और ड्रेन सीधे यमुना में गिर रही है। समीक्षा रिपोर्ट में आईएमटी रोहतक, पानीपत, कुंडली, मुरथल, राय और बरही में सीईटीपी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। उन्हें हटाने के लिए कार्य योजना के साथ कमियों का विवरण आवश्यक है। औद्योगिक क्षेत्र में स्थित उद्योग बिना सहमति के चल रहे है। इन उद्योगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि दिसंबर 2020 तक उसके सभी आदेशों का प्रभावी तरीके से पालन नहीं किया गया तो इसे आपराधिक कृत्य माना जाएगा। इसके साथ ही पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है। ट्रिब्यूनल ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को कामकाज की निगरानी करने का आदेश दिया है।

रोकेंगे प्रदूषण

प्रदूषण रोकने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे है। यमुना को प्रदूषित होने से बचाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। -संजीव बुद्धिराजा, रिजनल ऑफिसर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

रिपोर्ट मांगी थी

एनजीटी ने तीनों राज्यों के मुख्य सचिवों को कामकाज के प्रगति की हर माह रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। साथ ही रिपोर्ट को दिल्ली सरकार के पूर्व मुख्य सचिव शैलजा चंद्रा व एनजीटी के पूर्व विशेषज्ञ सदस्य बीएस, साजवानी की निगरानी समिति के साथ साझा करने को कहा है। पीठ ने कहा है कि यदि तय समय में एसटीपी का निर्माण नहीं होता है तो संबंधित विभाग को हर माह जुर्माना देना होगा। जुर्माने की रकम प्रति एसटीपी 10 लाख रुपये प्रति माह होगी। दिसंबर 2020 तक इसे पूरा करना है।

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम रामसागर, पुत्र रामधनुष निवासी रामधनुष, उम्र 45 साल लगभग, कद 5'7", जिसने पूरा रंग गेहुंआ पहनावा जिसके एक टेटू मार्क सिंह, रामसागर और जिसे में "भाला", बवानदी स्थल जो दिनांक 18.10.2019 को दीपक कॉलोनी के क्षेत्र में एक्सपायरी अस्पताल में भर्ती किया गया, किसी कारणवश वो दीपक कॉलोनी से कूद घोषित कर दिया।

इस संबंध में DD No. 8-A, दिनांक 18.10.2019 पुलिस स्टेशन, बवानखली, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, कोतवाली, दिल्ली
फोन: 011-23953442, 23977100

DP/568N/19

खबर संक्षेप

आज से स्मृति ईरानी का दो दिवसीय अमेठी दौरा

अमेठी। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आगामी 30 अक्टूबर को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के दो दिन के दौरे आएंगी। भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने मंगलवार को यहां बताया कि स्मृति 30 अक्टूबर को अमेठी पहुंचेंगी। दौरे के पहले दिन वह मुसाफिरखाना में भागवतकथा कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। साथ ही कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगी। वह अपने आवास पर रात्रि विश्राम करेंगी। त्रिपाठी ने बताया कि स्मृति 31 अक्टूबर को भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों से मुलाकात के बाद अमेठी नगर में महात्मा गांधी संकल्प संदेश पद यात्रा में शामिल होंगी। उसके बाद वह दिल्ली लौट जाएंगी।

उमा ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भ्रमण पर पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने मंगलवार को यहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। इस दौरान, उन्होंने नगर के केदार मंदिर, हनुमान मंदिर और शक्ति मंदिर के भी दर्शन किए तथा स्थानीय लोगों से मिलकर उन्हें भैयादूज की शुभकामनाएं दीं।

बांकेबिहारी मंदिर में दर्शनों का समय बदला

मथुरा। वृन्दावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर की प्राचीन परंपरा के अनुसार यम द्वितीया पर्व से ठाकुरजी के दर्शनों का समय बदल गया है। मंदिर के प्रबंधक मुनीष शर्मा के अनुसार शीतकालीन सेवा अंतर्गत मंदिर के पट अब सुबह 8:45 बजे खुलेंगे, श्रृंगार आरती 8 बजकर 55 मिनट पर होगी।

तीन हाइवा-चार लोडर आग के हवाले, इलाके में दहशत

टीएसपीसी नामक उग्रवादी संगठन ने ली घटना की जिम्मेदारी

हजारीबाग में उग्रवादियों ने सात वाहन फूंके

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग

सोमवार की देर रात एक बार फिर उग्रवादियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी रेलवे क्रॉसिंग के पास उग्रवादियों ने एक साथ सात वाहन फूंक दिए। यहां तीन हाइवा व चार लोडर में आग लगा दी गई है। आगजनी की घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटनास्थल से तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी का पर्चा बरामद किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। उग्रवादियों के धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

बताया जाता है घटना टीएसपीसी नामक उग्रवादी संगठन के द्वारा अंजाम दिया गया है। पुलिस आगजनी में शामिल उग्रवादी संगठन की पहचान करने और उग्रवादियों की पुष्टि में जुटी है। आगजनी की इस घटना को रेलवे क्रॉसिंग के समीप ग्रामीण कमलेश के घर के सामने अंजाम दिया गया है। सूचना के बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए हैं। सभी वाहन कटकमसांडी स्टेशन के पास बने कोल डंप से कोयला ढोने के काम में लगे थे। घटनास्थल पर पर्चा देकर टीएसपीसी नामक उग्रवादी संगठन ने घटना की जिम्मेदारी ली है।

हजारीबाग। सोमवार देर रात कटकमसांडी में टीएसपीसी उग्रवादियों द्वारा फूंके गए वाहन।

कोलकाता जा रही बस में बीच सड़क पर लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

हजारीबाग। बरकट्ठा के गोरहर थाना क्षेत्र के बड़कीटांड फोरलेन एनएच 2 चौक के पास अहले सुबह मां वैष्णवी यात्री बस यूपी 72 एटी 2984 में अचानक आग लग गई। टायर से शुरू हुई आग ने पल भर में बस को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इससे सभी यात्री सुरक्षित बस से निकल गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि जबतक इस पर काबू पाया जाता पूरी बस जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद गोरहर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर सभी यात्रियों को दूसरे वाहन से गन्तव्य स्थान के लिए भेजा। थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर के अनुसार बस लम्बी दूरी से बिना रुके आ रही थी जिससे टायर गर्म हो गया और आग लग गई। घटना सुबह 4:00 बजे की है। बस पटना से कोलकाता जा रही थी।

नेता, अफसरों तथा सरकारी विभागों पर 13 हजार करोड़ रुपये बिजली बिल बकाया

लखनऊ। 15वें वित्त आयोग के उत्तर प्रदेश के ऊर्जा विभाग के काम पर ऊंगली उठाने के बाद अब विभाग जाग गया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने जब डिफाल्टर्स का रिकार्ड खंगालना शुरू किया तो कठघरे में सरकार ही मिली।

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा का मानना है कि बिजली बिल भरने के मामले में प्रदेश के नेताओं, अधिकारियों और सरकारी विभागों का रिकॉर्ड ठीक नहीं है। यह सब लोग बिजली इस्तेमाल करने में जितने तेज हैं, बिल जमा करने में उतने ही सुस्त हैं। इन पर बिल का लगभग 13 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इसी कारण ऊर्जा विभाग अब उनके सरकारी बंगलों पर प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाएगा, ताकि बिल की रकम एडवांस आ जाए और वसूली का कोई झंझट ही न रहे।

इसकी शुरुआत ऊर्जा मंत्री खुद अपने कालिदास मार्ग स्थित सरकारी बंगले में 15 नवंबर को प्रीपेड मीटर लगाकर करेंगे। इसके साथ ही सरकारी आवासों में यह मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। मंत्री ने बताया कि एक लाख प्रीपेड मीटरों के ऑर्डर दे दिए गए हैं। जैसे-जैसे मीटर आते जाएंगे, इन्हें लगाया जाएगा। दरअसल सरकारी विभागों और नेताओं-अधिकारियों के आवासों पर बिजली बिल का करीब 13 हजार करोड़ रुपये बकाया हो गया है। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि सरकारी विभागों के दफ्तरों तथा नेताओं व अधिकारियों के सरकारी आवास से न तो बिजली बिल की वसूली हो पाती है और न ही कनेक्शन काट पाना संभव होता है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बकाया वसूली के लिए राज्य सरकार ने सरकारी विभागों तथा नेताओं-अफसरों को जहां किस्तों में भुगतान का विकल्प दिया है, वहीं वसूली की समस्या को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी कर ली गई है।

विपक्ष को भी जम्मू-कश्मीर जाने की इजाजत मिलती तो बेहतर होता : मायावती

लखनऊ। बसपा अध्यक्ष मायावती ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा यूरोपीय संघ के सांसदों को जम्मू-कश्मीर जाने की इजाजत दिए जाने पर कहा है कि विपक्षी दलों को भी जाने की अनुमति दी जाती तो अच्छा होता। मायावती ने कहा कि वहां की वर्तमान स्थिति के आकलन के लिए यूरोपीय संघ के सांसदों को जम्मू-कश्मीर भेजने से पहले केन्द्र सरकार अगर अपने देश के, खासकर विपक्षी पार्टियों के सांसदों को वहां जाने की अनुमति देती तो बेहतर होता।

हिरासत में व्यक्ति की मौत : थाना पुलिस और एसओजी पर हत्या का केस दर्ज

एजेंसी ▶▶| अमेठी/सुल्तानपुर

अमेठी जिले के पीपरपुर क्षेत्र में हाल ही में हुई बैंक कर्मचारी से 26 लाख रुपये की लूट के मामले में पूछताछ के मकसद से हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मृतक के परिजन ने पुलिस पर हिरासत में प्रताड़ना देने और जहर खिलाने का आरोप लगाया है, इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सुल्तानपुर नगर कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम ने बताया कि पिछली पांच अक्टूबर को पीपरपुर थाना क्षेत्र के परसोईया इलाके में यूको बैंक की दूसरी शाखा में धन डालने जा रहे शाखा प्रबंधक से हुई 26 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस तथा स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सत्य प्रकाश शुक्ला (50) तथा उनके बेटों को 28/29 अक्टूबर की दरम्यानी रात करीब दो बजे घर से हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि शुक्ला ने दबिश के दौरान अपने घर में ही जहर खा लिया और रास्ते में तबीयत खराब होने पर उसे सुलतानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अखिलेश बोले- मामले की हो निष्पक्ष जांच

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेठी में पुलिस हिरासत में सत्य प्रकाश शुक्ला उर्फ साजन की मौत मामले की हो निष्पक्ष जांच की मांग की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ने एक ट्वीट में कहा कि अमेठी में पुलिस-हिरासत में हुई सत्य प्रकाश शुक्ला की मौत से उपजे जनाक्रोश को भाजपा सरकार झूठी दलीलें देकर दबाना चाह रही है।

प्रार्थना

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की।

राशिफल 30 अक्टूबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेगी। जीवनसाथी की बात मानने में समझदारी होगा। गाडी चलाते समय सतर्क रहें। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंक:** 22, **रंग :** डार्क ब्लू।

वृषः कार्यक्षेत्र पर अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। आपके मूड के कारण परिवार का माहौल खराब हो सकता है। घर खरीदने का सपना पूरा होगा। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। **शुभ अंकः** 3, **रंगः** रोजी ब्राउन।

मिथुनः कार्यक्षेत्र पर सभी का साथ मिलेगा। परिवार के सदस्य पर गर्व महसूस करेंगे। किसी यात्रा पर जाने से पहले मौसम का हाल जान लें। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग हैं। **शुभ अंक :** 9, **रंगः** पर्पल।

कर्कः आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बचत करें। सेहत को लेकर आपकी पहल काम आएगी। घर पर कुछ काम कराने की सोच सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं। **शुभ अंकः** 8, **रंगः** वॉयलेट।

सिंहः परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। रियल स्टेट्स से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोग जमकर मेहनत करें। **शुभ अंकः** 15, **रंगः** गाढ़ा हरा।

कन्याः सेहत को लेकर सतर्क रहें। परिवार में किसी चीज को लेकर आम सहमति बनना मुश्किल होगा। किसी यात्रा पर बचपन के दोस्त से मिलना होगा। घर में बदलाव कर खुशी महसूस करेंगे। **शुभ अंकः** 2, **रंगः** गुलाबी।

तुलाः जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते रहें। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंकः** 4, **रंग :** डार्क स्लेट ग्रे।

वृश्चिकः कार्यक्षेत्र पर आपके काम की तारीफ होगी। मौसमी बीमारियों से बचकर रहें। कामकाजी महिलाओं को सामांजस्य बिठाने में मुश्किल होगी। खानदानी प्रॉपर्टी मिलने के योग हैं। **शुभ अंकः** 11, **रंग :** क्रीम।

धनुः कार्यक्षेत्र पर कोई आपको गुस्सा दिला सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। घर को दोबारा व्यवस्थित कर सकते हैं। किसी दोस्त के साथ घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक :** 5, **रंगः** सी ग्रीन।

मकरः जीवनशैली में किए गए बदलाव सेहत के लिए फायदेमंद रहेंगे। फिजूलखर्च कम करने की कोशिश करें। परिवार के लोगों से मदद मांग सकते हैं। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक :** 18, **रंगः** सैंडी ब्राउन।

कुंभ : किसी चीज के लिए पैसे बचाने की सोच सकते हैं। काम के लिए छुट्टी मिलने में समस्या हो सकती है। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। प्रॉप्रर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक :** 17, **रंगः** हरा।

मीनः कार्यक्षेत्र पर बोरियत से बचने के लिए काम में वैराइटी लाएं। घर को दोबारा व्यवस्थित कर सकते हैं। प्रॉप्रर्टी खरीदने और बेचने के लिए दिन अच्छा है। प्रेम संबंधों पर ध्यान देंगे। **शुभ अंक :** 7, **रंग :** गुलाबी।

: टिप्स :

1. दरवाजे के पीछे रखी चीजों को हटा दें। इससे घर में ज्यादा मौके प्रवेश होंगे।
2. ध्यान को बढ़ाने व एकाग्र करने के लिए अपनी पढ़ाई की मेज पर एमेथिस्ट क्रिस्टल बॉल रखें। ये क्रिस्टल पर्पल कलर का होता है। गहरे रंग वाले क्रिस्टल को ज्यादा अच्छा व प्रभावशील माना जाता है।
3. मृत पौधों को हटा दें क्योंकि इससे घर में भी ऊर्जा का प्रवाह नीरस ही होगा। इनकी जगह नए पौधों को लगाएं जो समृद्धि व खुशहाली का प्रतीक होते हैं।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

जहरीला चारा खाने के बाद 14 मवेशियों की मौत

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कादेरघर गांव में जहरीला चारा खाने के बाद गाय और भैंस सहित 14 मवेशियों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम चारा खाने के बाद मवेशियों की मौत हुई। घटना की पड़ताल के लिए एक चिकित्सा दल को गांव के लिए रवाना किया गया। मवेशियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। बहरहाल, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने गांव का दौरा किया और मवेशियों के मालिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

■ कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने गांव का दौरा किया और मवेशियों के मालिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया

गाय को जहर देने के विवाद में चले लाठी-डंडे, एक व्यक्ति की मौत

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल क्षेत्र में गाय को कथित रूप से जहर देने के मामले में दो पक्षों के बीच हुए हिंसक टकराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में गाय को जहर देने का आरोप लगाये जाने पर भड़कन बिंद नामक व्यक्ति का अपने भतीजों से विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते बात बढ़ गयी और दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

बसों की भिड़ंत में एक की मौत, 17 घायल

बदायूं। बदायूं जिले में मंगलवार सुबह बदायूं-दिल्ली मार्ग पर दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई तथा 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि उझानी कोतवाली इलाके के मानकपुर चौराहे पर राजस्थान से बरेली जा रही डग्गामार डबल डेकर बस की दिल्ली जा रही रोडवेज बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में डबल डेकर बस के परिचालक शेर खान (44) की मौके पर ही मौत हो गई और 17 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बीबी पुष्कर ने बताया कि गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अलीगढ़ हायर सेंटर रेफर किया गया है। शेष सभी लोगों का इलाज किया जा रहा है।

प्रतिक्षा

मथुरा। मंगलवार को भाई दूज के अवसर पर जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने के लिए कतार में प्रतीक्षा करती बहनें।

बदायूं में दबंगई का वीडियो वायरल

अनुसूचित जाति के लोगों को पीटते हुए गांव में घुमाया

'मामले की जांच जारी'

घटनास्थल का मुआयना किया है। दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। दोनों पक्षों में एक-एक हिस्ट्रीशीटर भी शामिल हैं। वीडियो का अवलोकन कर पूरे प्रकरण की पड़ताल की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना स्तर पर कहां लापरवाही हुई इसकी भी जांच जारी है।

-डॉ. एसपी सिंह, एसपी देहात

बदायूं। मोबाइल की खरीद-फरोख्त में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद इतना तूल पकड़ गया कि एक पक्ष ने अनुसूचित जाति के लोगों को पीटते हुए सड़क पर घुमाया। हमलावरों के तेवर देख ग्रामीण विरोध का साहस नहीं जुटा सके। शिकायत करने पर न तो थाना स्तर पर कोई कार्रवाई हुई और न ही सीओ स्तर से। सोमवार को सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो गया। तब एसपी देहात ने गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की।

थाना जरीफनगर के गांव भोयस निवासी राजीव से गांव के ही अनुसूचित जाति के एक युवक ने सात हजार रुपये में मोबाइल खरीदा था। उसने आधे रुपये तुरंत दे दिए थे, जबकि बाकी के रुपये 15 दिन बाद देने को कहा था। आरोप है कि राजीव पक्ष के लोग तय समय से पहले रुपये मांगने लगे। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद राजीव पक्ष के लोगों ने अनुसूचित जाति के लोगों पर हमला बोल दिया। पीटते हुए सड़कों पर घुमाया गया। महिलाओं से घर में घुसकर बदसलूकी भी की गई। शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मामला सीओ सहसवान के पास पहुंचा तो उन्होंने फोन पर मंगलवार को आने को कह दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अनुसूचित समाज के लोगों ने हंगामा किया।

मंगलवार सुबह आरपीएफ जवानों को स्टेशन पर तड़पती मिली वृद्धा

बुखार से तपती 80 बरस की बूढ़ी मां को स्टेशन पर छोड़ गए अपने ही बेटे

जवानों ने दवा दिलाई और खाना खिलाया, होश में आने पर वृद्धा ने लगाई बेटों को आवाज

एजेंसी ▶▶| मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में मंगलवार तड़के रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के जवानों को 80 वर्ष की एक वृद्धा स्टेशन पर लावारिस अवस्था में बुखार से तड़पती मिली जिसे उसके बेटे उसे वहां छोड़ गए थे। उसे बेघरों का आश्रम 'अपना घर' भिजवा दिया गया।

रेलवे पुलिस फोर्स के मथुरा जंक्शन प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान प्रसाद ने बताया कि सुबह आरपीएफ की एक गश्ती टीम को एक बेंच पर महिला मिली।

उसे तेज बुखार था। उसकी स्थिति के बारे में जानने का प्रयास किया गया तो भाषा समझ में न आने के कारण संवाद न हो सका।

उन्होंने बताया कि उसे बुखार की दवा दी गई और खाना खिलाया गया। बुखार उतरने पर वह बस इतना ही समझा पाई कि उसके बेटे उसे यहां छोड़ गए हैं।

रेलवे पुलिस फोर्स के मथुरा जंक्शन प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान प्रसाद ने बताया कि जब वृद्धा अपने होश में आई तो स्टेशन तथा आसपास आवाज लगवाकर उसके साथ आए संभावित लोगों को ढूंढने तथा उन्हें सौंपने का प्रयास किया गया। जब कोई चारा न रहा तब 'अपना घर' के लोगों के सुपुर्द कर दिया।

हादसे में दो महिलाओं की मौत, दस जख्मी

कटिहार। बिहार के कटिहार जिला के मुफस्सिल थाना अंतर्गत कुमारीपुर गांव के समीप मंगलवार को एक ट्रैक्टर और एक ऑटोरिक्शा की टक्कर में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि दस अन्य जख्मी हो गए। कटिहार अनुमंडल पुलिस अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि कटिहार-मनिहारी सड़क मार्ग पर हुए इस हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि ऑटोरिक्शा चालक सहित दस अन्य जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि ऑटोरिक्शा पर पूर्णिया के लोग सवार थे और छठ पर्व को लेकर गंगा स्नान करने के लिए मनिहारी जा रहे थे।

खबर संक्षेप

दो साल की बच्ची की पानी के टब में डूबकर मौत

तूतीकोरिन। तमिलनाडु के त्रेसपुरम गांव में दो साल की एक बच्ची की घर में पानी के टब में डूबकर मौत हो गयी। हादसे के दौरान उसके माता-पिता टेलीविजन पर तीन साल के सुजीत विल्सन को गहरे बोरवेल से निकालने के लिए चलाया जा रहा अभियान देख रहे थे। पुलिस ने बताया कि दो साल की रेवती संजना कल रात टब में खेल रहे थी जबकि उसके माता-पिता सुजीत विल्सन को गहरे बोरवेल से निकालने के लिए चलाया जा रहा अभियान टीवी पर देख रहे थे। पुलिस के अनुसार, अचानक उन्हें अहसास हुआ कि रेवती आसपास नहीं है। खोजने पर वह टब में बेसुध मिली। पति पत्नी उसे तुरंत अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रेलवे के ऑनलाइन टिकटों पर मिलेगा रिफंड

नई दिल्लीण.ब्यूरो। भारतीय रेलवे ने रद्द टिकटों या फिर आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंटों द्वारा बुक किए गए फुली वेटलिस्टेड ड्रॉप्ड टिकट के लिए ओटीपी आधारित रिफंड योजना शुरू की है। रेल मंत्रालय के अनुसार भारतीय रेल ने अधिकृत रेलवे टिकट एजेंटों के माध्यम से बुक किए गए टिकटों के लिए एक नई ओटीपी आधारित रिफंड प्रणाली की शुरूआत की है। इसका लक्ष्य उन आरक्षित ई-टिकटों के लिए एक पारदर्शी और ग्राहकों के अनुकूल प्रणाली तैयार करना है, जो रद्द किए गए हों अथवा फुली वेटलिस्टेड ड्रॉप्ड टिकट हों। भारतीय रेल के सार्वजनिक उपक्रम भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा यह नई प्रणाली लागू की जाएगी।

पश्चिम बंगाल में हाथियों ने तीन व्यक्तियों को कुचलकर मार डाला

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में अलग-अलग घटनाओं में हाथियों ने तीन व्यक्तियों को कुचलकर मार डाला। एक वन अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) जनमेजय पाल ने बताया कि दोनों घटनाएं जिले के गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान से सटे रामसाई इलाके में सोमवार की रात हुई थीं। उन्होंने कहा जादवपुर चाय बगान के पास गौना उरांव और उनकी पत्नी कुमारी उरांव को हाथियों ने कुचलकर मार डाला, जबकि एक अन्य व्यक्ति की कालामाटी इलाके में हाथी ने जान ले ली। इस व्यक्ति की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। एसीएफ ने बताया कि उरांव दंपति के चार, छह और आठ साल के तीन बच्चे हैं।

उदयपुर में सड़क हादसे में चार की मौत

जयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले में मंगलवार को सुबह एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गए। प्रसाद पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर सुबह करीब दस बजे एक कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों में तीन पुरुष और एक महिला है। पुलिस के अनुसार दो महिलाओं और एक बच्ची को घायल अवस्था में उदयपुर रैफर किया गया है। कार सवार बड़ौदा (गुजरात) से आ रहे थे। मृतकों की पहचान की जा रही है।

दिल्ली-हरियाणा भवन में हुई कैबिनेट की पहली बैठक

चार को विस सत्र, इसके बाद होगा मंत्रिमंडल विस्तार: मनोहर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के विस्तार के बारे में बताया कि 4 नवंबर को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र का आयोजन होगा और उसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। भाजपा-जजपा सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र चार नवंबर को बुलाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय की राज्य के राज्यपाल ने भी अनुसंशा कर दी है। यहां नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा मंत्री परिषद की पहली बैठक अयोजित की गई, जिसमें उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी हिस्सा लिया। फिलहाल हरियाणा मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ही प्रमुख सदस्य के रूप में शामिल हैं। इस बैठक में हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने के लिए हरियाणा सरकार ने चार नवंबर को दो बजे का प्रस्ताव रखा, जिसे राज्यपाल को भेजा, जिन्होंने इस विशेष सत्र के तारीख और समय की अनुसंशा कर दी है। इस बैठक में हरियाणा की प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

न्यूनतम साझा कार्यक्रम के लिए गठित होंगी समितियां

नई दिल्ली.ब्यूरो । हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करने के लिए समितियों का गठन करेगी, ताकि राज्य और जनहित के लिए दोनों दलों द्वारा किये गये चुनावी वादों को पूरा करने के दबाव को कम किया जा सके। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इन मुलाकातों के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान हरियाण के विकास के लिए प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा और जजपा के चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों के आधार पर एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार किया जाएगा, जिसे तैयार करने के लिए दोनों दलों के नेताओं की समितियों को गठन किया जाएगा। रविवार को मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद सोमवार की शाम को ही मनोहर लाल खट्टर दिल्ली पहुंच गये थे, जिन्होंने हरियाणा भवन में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

डिप्टी सीएम बनाने के खिलाफ याचिका

जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता और उचाना कलां से विधायक दुष्यंत चौटाला की हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी के साथ ही अब नियुक्ति से जुड़ा विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। दुष्यंत को उप-मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है और याचिका लंबित रहते कोई वित्तीय लाभ जारी न करने की अपील की गई है। हाईकोर्ट के वकील जगमोहन भट्टी ने जनहित याचिका दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया कि उप-मुख्यमंत्री नियुक्त करना संविधान के खिलाफ है। याचिका के अनुसार राज्यपाल द्वारा दुष्यंत चौटाला को उप-मुख्यमंत्री की शपथ दिलाना आर्टिकल 164 का उल्लंघन है। संविधान में कहीं भी उप-मुख्यमंत्री पद का प्रावधान नहीं है तो कैसे राज्यपाल उन्हें उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला सकते हैं। यह शपथ ग्रहण सीधे तौर पर जन प्रतिनिधि एक्ट 1995 का उल्लंघन है।

निकाय चुनाव

बीजेपी ने हनुमान बेनीवाल की आरएलपी से किया किनारा

एजेंसी ⏭ जयपुर

लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) से गठबंधन करने वाली बीजेपी ने अब निकाय चुनाव में उनसे किनारा कर लिया है। स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी आरएलपी से गठबंधन नहीं करेगी। राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है पार्टी का अपना वजूद और जनाधार है।

गठबंधन नहीं करने की यह बड़ी वजह मानी जा रही है

माना जा रहा है कि विधानसभा उपचुनाव के बाद बेनीवाल की ओर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अन्य नेताओं के खिलाफ खोले गए मोर्चे के बाद पार्टी ने यह कदम उठाया है। मंगलवार को निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी की जयपुर में पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बेनीवाल की ओर से उपचुनाव के बाद बीजेपी नेताओं पर लगाए गए आरोपों पर सतीश पूनिया ने कहा कि हमने साफ तौर पर हनुमान को कहा है कि वो पार्टी नेताओं के प्रति मर्यादित भाषा का प्रयोग करें। बकौल पूनिया बीजेपी ने पूरी ताकत से खींवसर में काम किया। पूनिया ने हनुमान बेनीवाल ने जल्द मिलने की बात कही है। मंगलवार को आरएलपी अपना पहला स्थापना दिवस मना रही है। पार्टी की पहली वर्षगांव के मौके पर बीजेपी ने उसे तगड़ा झटका दिया है। बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2019 में आरएलपी से गठबंधन किया था। गठबंधन के तहत बीजेपी ने नागौर संसदीय सीट उसके लिए छोड़ी थी और वहां हनुमान बेनीवाल को एनडीए प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा था। बेनीवाल ने लोकसभा चुनाव में भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

बेनीवाल ने लगाए थे आरोप

उसके बाद दोनों ने हाल में हुए खींवसर और मंडावा विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में भी गठबंधन को जारी रखते हुए खींवसर से हनुमान बेनीवाल के छोटे भाई नारायण बेनीवाल को चुनाव लड़ाया था। इस चुनाव में नारायण बेनीवाल कांग्रेस के हरेंद्र मिर्धा से करीब पौने पांच हजार मतों से जीते थे। उसके बाद हनुमान बेनीवाल ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत अन्य नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए थे। बेनीवाल ने आरोप लगाया बीजेपी के कई नेताओं ने भितरघात किया, जिसके चलते जीत का अंतर कम रहा। उसके बाद पार्टी में अंदरखाने की इस बात का विरोध हुआ।

नाराज पीएमसी बैंक के ग्राहकों का गुस्सा फूटा

आरबीआई ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन

एजेंसी ⏭ मुंबई

पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक के सैकड़ों खाताधारक मंगवलार को भारतीय रिजर्व बैंक के ऑफिस के सामने एकत्रित हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। पीएमसी बैंक के खाताधारकों ने आरबीआई से उनके जमा पैसे सुरक्षित होने का आश्वासन मांगा। इसके साथ हि उन्होंने यह भी मांग की कि पीएमसी बैंक को फिर से रिवाइव किया जाए ताकि वे अपना पैसा निकाल सकें। बता दें कि आरबीई ने 4,355 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद पीएमसी बैंक पर 6 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई ने शुरू में जमाकर्ताओं को 1,000 रुपये निकालने की अनुमति दी थी, बाद में इसे बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया और अब बढ़ाकर 40,000 रुपये कर दिया गया है।

200 से ज्यादा ग्राहक आरबीआई ऑफिस के बाहर हुए जमा

मंगलवार को पीएमसी बैंक के 200 से ज्यादा ग्राहक बांद्रा स्थि आरबीआई के दफ्तर पहुंचे और उन्होंने अपने अकाउंट को चालू करने की मांग की। बाद में, जमाकर्ताओं के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आरबीआई अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी शिकायतों और मांगों को सामने रखा। जमाकर्ताओं में एक सतीश थापर ने कहा बैंक को रिवाइव किया जा सकता है क्योंकि जांच एजेंसी ने दिए गए लोन की तुलना में अभियुक्तों की ज्यादा संपत्ति जब्त की है। बैंक एक डूबता जहाज बन गया है, लेकिन हम चाहते हैं कि इसे तुरंत फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने कहा पीएमसी बैंक के जमाकर्ताओं के करंट और बचत खाते तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए ताकि वे अपना घर चला सकें। हम चाहते हैं कि आरबीआई आगे आए और वो एक बयान जारी करे कि हमारा पैसा सुरक्षित है। थापर ने कहा जब पूर्व प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) इस मामले पर बोल सकते हैं तो मौजूदा प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) क्यों नहीं। करीब 16,000 खाताधारक इससे पीड़ित हैं लेकिन सरकार इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है।

इंडिगो ने ए320 नियो श्रेणी के 300 विमानों का आर्डर दिया

मुंबई। किफायती विमानन सेवाएं देने वाली एयरलाइन इंडिगो ने यूरोप की एयर बस इंडस्ट्री को ए 320 नियो श्रेणी के 300 विमानों की आपूर्ति का आर्डर दिया है। इसमें ए 320 नियोज, ए321 नियोज और ए321 एक्सएलआर विमान शामिल हैं। निजी क्षेत्र की एयरलाइन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने यह नहीं बताया कि यह आर्डर कितनी राशि का है। इंडिगो के एक बयान में कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रोनोजॉय दत्ता के हवाले से कहा गया है, "यह आर्डर ऐतिहासिक है। भारत में विमानन क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। हम और ग्राहकों को सेवा और कम किराये की पेशकश समेत अपने अन्य वादे को पूरा करने के रास्ते पर हैं। इससे पहले, इंडिगो ने 2005 से 2015 के बीच तीन किस्तों में 530 एयरबस विमानों का आर्डर दिया था।

विशेष भर्ती...

जम्मू के गुलशन ग्राउंड में मंगलवार को विशेष पुलिस अधिकारियों के पद के लिए भर्ती के दौरान दौड़ते उम्मीदवार।

मोदी सरकार को घेरने के लिए 35 शहरों में संवाददाता सम्मेलन करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अर्थव्यवस्था में सुस्ती, बेरोजगारी और किसानों के संकट सहित कई मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने के मकसद से आगामी एक से आठ नवंबर के बीच देश के 35 प्रमुख शहरों में संवाददाता सम्मेलन करेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता विभिन्न शहरों में मीडिया के सामने आकर मोदी सरकार की 'विफलताओं' के बारे में जानता को जागरुक करेंगे। कांग्रेस के एक नेता ने बताया आर्थिक मंदी, किसानों पर संकट, बेरोजगार और आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार की अन्य विफलताओं को लेकर एक नवंबर से आठ नवंबर के बीच करीब 35 प्रमुख शहरों में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन होगा। कांग्रेस की ओर से तय कार्यक्रम के मुताबिक पार्टी के

■ सरकार की 'विफलताओं' के बारे में जानता को जागरुक करेंगे

वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद हैदराबाद, ए के एंटनी तिरूवनंतपुरम, जयराम रमेश दिल्ली, अजय माकन लखनऊ, मल्लिकार्जुन खड़गे जयपुर, सचिन पायलट बेंगलुरू, मुकुल वासनिक भोपाल, पीएल पूनिया इंदौर, अभिषेक मनु सिंघवी रायपुर, सुष्मिता देव कोलकाता, अंबिका सोनी जम्मू संवाददाता सम्मेलन संबोधित करेंगे।

जबरन वसूली करने को लेकर हेड कांस्टेबल एवं उसके साथी को किया गया गिरफ्तार

मुम्बई। ड्रग तस्करों से कथित रूप से जबरन वसूली करने को लेकर एक पुलिस हेड कास्टेबल और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है। उसका साथी अपने आप को अपराध शाखा का अधिकारी बताता था। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर मुम्बई अपराध शाखा की इकाई 12 ने सोमवार को हेड कांस्टेबल विट्ठल दहीबांकर (54) और उनके साथी लखन मंडल (24) को गोरेगांव के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे से गिरफ्तार किया। दहीबांकर वर्ली में स्थानीय आयुध संभाग में तैनात है और सांताक्रूज का रहने वाला है। मंडल एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर है। अधिकारी के अनुसार मंडल अपने आप को अपराध शाखा का अधिकारी बताता था और जबरन वसूली में दहीबांकर की मदद करता था।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का दावा

पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक हैं विदेशी कैदी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक विदेशी कैदी होने का दावा किया गया है। इनमें से ज्यादातर बांग्लादेशी हैं। इस रिपोर्ट से भाजपा को राज्य में एनआरसी लागू करने की वकालत करने के लिये एक और ठोस वजह मिल गई है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में एनआरसी, बांग्लादेश से घुसपैठ और तृणमूल सरकार द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण किये जाने को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया था। उसे राज्य की 42 में से 18 सीटें हासिल हुई थीं और अब इन आंकड़ों को भी वह चुनावी हथियार बनाने की तैयारी कर रही है।

कितने बंदी कहां हैं बंद

एनसीआरबी के 2017 के आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक विदेशी कैदी हैं। उसके अनुसार 1,379 विदेशी कैदी पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद हैं, जो कि देश में बंद कुल विदेशी कैदियों का 61.9 प्रतिशत है। इस महीने की शुरुआत में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इसके बाद करीब सात प्रतिशत विदेशी कैदी महाराष्ट्र, 6.8 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में बंद है। आंकड़ों के अनुसार भारत में सबसे अधिक बांग्लादेशी विदेशी कैदी बंद हैं। कुल 1,403 बांग्लादेशी भारतीय जेलों में बंद है, जिसमें से 1,284 पश्चिम बंगाल में बंद हैं।

गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है एनसीआरबी

एनसीआरबी गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। यह देश में भारतीय दंड संहिता और विशेष तथा स्थानीय कानूनों द्वारा परिभाषित अपराध के आंकड़ों को एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने का काम करता है। इस बीच, इसे चुनावी हथियार बनाने की तैयारी कर रही भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा एनसीआरबी के आंकड़े बांग्लादेश से लगातार हो रही अवैध घुसपैठ से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्पन्न हो रहे खतरे को दर्शाता है। इस आंकड़े से हमारी एनआरसी लागू करने की मांग को ठोस आधार मिलेगा। बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल 2,216.7 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसके अधिकतर हिस्से में बाड़ नहीं लगी है।

26 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत

पांच पुलिसकर्मी निलंबित

मुंबई। मुंबई में 26 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में मंगलवार को पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सियोन इलाके का निवासी विजय सिंह एक दवा कंपनी में चिकित्सक प्रतिनिधि (एमआर) के रूप में काम करता था। उसे एक हमले के संबंध में पूछताछ के लिये हिरासत में वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस थाने में रखा गया था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार के सदस्यों और दोस्तों का आरोप है कि पुलिस हिरासत में उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, घटना की जांच के बाद वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस थाने के एक निरीक्षक, एक उप निरीक्षक और तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को हिरासत में हुई मौत के मामले की तरह लिया जा रहा है और अपराध शाखा ने जांच शुरू कर दी है।

फडणवीस ने कठोर कार्रवाई के आदेश दिए

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने मुंबई में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर हिरासत में हुई मौत के मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस को कठोर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सायन निवासी विजय सिंह एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रजेंटेटिव के रूप में काम करता था। उसे एक हमले के संबंध में रविवार को पूछताछ के लिये हिरासत में वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस थाने में रखा गया था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों और दोस्तों का आरोप है कि पुलिस हिरासत में पिटाई से उसकी मौत हुई।

चिंतन

विदेशी सांसदों के दौरे से विपक्ष परेशान क्यों

समझ में नहीं आ रहा कि अगर विदेशी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर का दौरा कर रहा है तो विपक्ष इतना परेशान क्यों है। होना तो यह चाहिए था कि विपक्षी निजी हैसियत से आ रहे ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के इन 27 सांसदों का स्वागत करते ताकि विश्व के सामने जम्मू-कश्मार को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है, उसे तारपीडो किया जा सके। कौन नहीं जानता कि पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म होने के बाद से पाकिस्तान और विदेशी मीडिया वहां के हालात को लेकर तरह-तरह के प्रोपेगेंडा चला रहे हैं। फर्जी फोटो और वीडियो से सहारे यह दिखाने का असफल प्रयास हो रहा है कि जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है। विदेशी मीडिया का एक वर्ग पाकिस्तान के इशारों पर लगातार भ्रम की स्थिति पैदा कर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान कश्मीर को लेकर मीडिया के सहारे इस प्रचार में लगा है कि कश्मीर में मुस्लिमों पर अत्याचार किए जा रहे हैं, उन्हें घरों में कैद कर दिया गया है, जबकि सच्चाई यह है कि जम्मू-कश्मीर से सभी तरह की पाबंदियां हटा ली गई हैं। राज्य को 10 अक्टूबर से देशी-विदेशी सभी पर्यटकों के लिए भी खोल दिया गया है, लेकिन अभी तक हमारे विपक्षी दल कश्मीर को लेकर ऐसी ही भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जो पाकिस्तान के लिए हितकारी साबित होती रही है। दरअसल, सांसदों का दौरा दुनिया को कश्मीर की सच्चाई से रूबरू करवाने के लिए भारत के ही एक एनजीओ की पहल है। इससे दुनिया को कश्मीर की सच्चाई पता लगेगी, लेकिन विपक्ष इस पर सवाल खड़े कर रहा है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी, बीएसपी सुप्रीमो मायावती समेत अनेक नेताओं का कहना है कि भारतीय राजनीतिज्ञों को जम्मू-कश्मीर नहीं जाने दिया जा रहा तो फिर विदेशी सांसदों को दौरा करने की इजाजत कैसे दी गई। इन नेताओं के तर्क पर हंसी आती है। नंबर एक तो 10 अक्टूबर से जम्मू-कश्मीर को पर्यटकों के लिए भी खोल दिया है तो उन्हें वहां जाने से किसने मना किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने ठीक ही कहा है कि अगर कश्मीर जाना है तो कांग्रेस वाले सुबह की फ्लाइट पकड़कर चले जाएं। गुलमर्ग जाएं, अनंतनाग जाएं, सैर करें, घूमें-टहलें। उन्हें किसने रोका है? लेकिन विपक्षी दल हैं कि अभी तक पाबंदियों का ही राग आलाप रहे हैं। जब कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया गया था, तब शांति-व्यवस्था के लिए ऐहतियातन कुछ कदम जरूर उठाए गए थे। अब सरकार ने विधिवत ऐलान किया कि 10 अक्टूबर से पर्यटक घाटी अथवा पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य में कहीं भी घूम सकते हैं। इसके बाद सैलानियों की वहां आवाजाही शुरू भी हो गई, लेकिन कांग्रेस समेत उसके सहयोगी राजनीतिक दल अभी भी पाबंदियों पर अटके हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाक़ात के बाद विदेशी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऐसे समय में राज्य का दौरा कर रहा है जब 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में तब्दील हो जाएगा। केंद्र सरकार ने दोनों केंद्र शासित प्रदेश के लिए उप राज्यपालों की नियुक्ति भी कर दी है। वे 31 अक्टूबर को विधिवत कार्यभार संभाल लेंगे। ऐसे में विदेशी सांसदों का दौरा भारत के लिए अच्छा साबित होगा। ये सांसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जम्मू-कश्मीर के सच के बारे में अवगत करवाएंगे। इससे न केवल पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ेगी, बल्कि विश्व बिरादरी में भी साफ संदेश जाएगा कि कश्मीर को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है वो सही नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हमारे विपक्षी दल इस तथ्य को समझते हुए कश्मीर में पाक के सहयोगी बनने की बजाय सरकार के साथ खड़े होंगे।

डूइंग बिजनेस

शशांक द्विवेदी

भारत की बड़ी छलांग

मोदी सरकार के प्रयास को अब वर्ल्ड बैंक ने भी स्वीकार किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। यह रैंकिंग उस समय आई है, जब देश आर्थिक सुस्ती का शिकार है। भारतीय रिजर्व बैंक, वर्ल्ड बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, मूडीज सहित कई एजेंसियों ने आर्थिक सुस्ती को देखते हुए जीडीपी में बढ़त के अनुमान को घटा दिया है। अब कारोबारी सुगमता में बड़े सुधार की वजह से अर्थव्यवस्था को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

देश में आर्थिक मंदी की सुगबुगाहट के बीच इकोनॉमी के मोर्चे पर भारत को एक अच्छी खबर मिली है। भारत में कारोबार करना अब और आसान हो गया है। विश्व बैंक की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। भारत अब 14 पायदान के सुधार के साथ 63वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले तीन सालों में भारत की रैंकिंग में 68 पायदान का सुधार आया है।

मोदी सरकार द्वारा इस दिशा में किए गए प्रयास को अब वर्ल्ड बैंक ने भी स्वीकार किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग उस समय आई है, जब देश आर्थिक सुस्ती का शिकार है। साल 2014 में जब पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी, तब भारत की रैंकिंग 190 देशों में 142वें स्थान पर थी। भारत इस सूची में लगातार तीसरे साल शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देश में भी शामिल है। यह रैंकिंग ऐसे समय में आई है, जब भारतीय रिजर्व बैंक, वर्ल्ड बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, मूडीज सहित कई एजेंसियों ने आर्थिक सुस्ती को देखते हुए जीडीपी में बढ़त के अनुमान को घटा दिया है। अब कारोबारी सुगमता में सुधार की वजह से अर्थव्यवस्था को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। किसी भी देश की आर्थिक वृद्धि के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी कारोबार सुगमता बेहद महत्वपूर्ण होता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में सबसे अधिक सुधार की सूची में भारत ने टॉप 20 में अपनी जगह बना ली है। चार क्षेत्रों में, नया बिजनेस शुरू करना, दिवालियेपन का समाधान करना, सीमा पार व्यापार और कंस्ट्रक्शन परमिट्स में भारत ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को आसान किया है, जिसके चलते विश्व बैंक की सूची में भारत टॉप 20 देशों में शामिल रहा। रिपोर्ट के मुताबिक इन-कॉर्पोरेशन फॉर्म और इलेक्ट्रॉनिक मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन को भरने में लगने वाली फीस को खत्म किए जाने के कारण अब नया बिजनेस शुरू करना आसान हो गया है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स विश्व बैंक जारी करता है। इसमें कई अलग-अलग पैरामीटर देखे जाते हैं। अलग-अलग देशों में कारोबार की सुगमता के आधार पर यह इंडेक्स तैयार होता है। रेग्युलेशन की स्थिति प्रमुखता से देखी जाती है। सरकारी रेग्युलेशन के चलते कारोबार आसान हुआ है या मुश्किल, इस पर गंभीरता से विचार किया जाता है। और भी कई फैक्टर हैं जिनको ध्यान में रखते हुए यह इंडेक्स तैयार होता है। इनमें प्रमुख हैं कंस्ट्रक्शन परमिट, रजिस्ट्रेशन, लोन और टैक्स पेमेंट की मशीनरी। इन्हीं आधारों को ध्यान में रखकर देशों को इज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स में स्थान जारी किया जाता है। फिलहाल देश में मोदी सरकार ने सुधार के लिए बारीकी से काम किया है। उसने हर योग्यता पर काम किया। इसी वजह से भारत की रैंकिंग इतनी ज्यादा सुधरी है। डूईंग बिजनेस रैंकिंग डिस्टेंस टू फ्रंटियर के आधार पर तय किया जाता है और ये स्कोर दिखाता है कि वैश्विक मानकों पर अर्थव्यवस्था कारोबार के मामले में कितना अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सरकार का इरादा अब राज्यों

और जिला के स्तर पर भी कारोबार को आसान बनाने के मामले में प्रतिस्पर्धा शुरू करने का है। इस मामले में तो राज्यों की रैंकिंग शुरू हो चुकी है, लेकिन अब जिला स्तर पर भी रैंकिंग शुरू करने की योजना चल रही है। इसके लिए पहले चरण में कुछ चुनिंदा जिलों की पहचान कर इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने का प्रस्ताव है। अगर सभी जिले और राज्य अपने यहां कारोबार को आसान बनाते हैं तो इसका सीधा असर भारत की रैंकिंग पर भी पड़ेगा।

कारोबार की सुगमता में किसी देश की रैंकिंग के जो 10 पैमाने होते हैं उसके 10 में से 7 संकेतकों में विश्व के सबसे अच्छे मानकों में भारत और करीब पहुंच गया है। पहले ये 10 में से 6 मानकों के सबसे अच्छे होने की स्थिति में था। सबसे अच्छी बात ये है कि निर्माण की गतिविधियों के पैमाने पर देश ने सबसे अच्छी प्रगति हासिल की है और ये सीमाओं के पार भी फैल रहा है। सरकार निर्माण गतिविधियों को मंजूरी देने के मामले में लगातार सुधार दिखा रही है। साल 2018 में निर्माण गतिविधियों के मामले में भारत की रैंक सुधरकर 181वें स्थान से 52वें स्थान पर आ गई है। सीमाओं के पार निर्माण गतिविधियों में भी भारत की रैंक में सुधार आया है। रैंकिंग सुधरने की वजह से भारत एशिया का प्रमुख आर्थिक ताकत के तौर पर उभर सकता है।

केंद्र सरकार देश में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी के तहत केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का मानना है कि अगले वित्त वर्ष तक देश में बनने वाले फीचर फोन में स्वदेशी कलपुर्जों का इस्तेमाल मौजूदा 15 फीसद से बढ़कर 37 फीसद हो जाएगा। यही नहीं स्मार्टफोन के निर्माण में भी स्वदेशी कलपुर्जों की हिस्सेदारी मौजूदा 10 फीसद से बढ़कर 26 फीसद हो जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार सरकार मोबाइल हैंडसेट निर्माण के लिए घरेलू स्तर पर पूरा इकोसिस्टम तैयार करना चाहती है।

भारत अब मोबाइल फोन हैंडसेट का निर्यातक बन गया है। वित्त वर्ष 2019-20 में मोबाइल हैंडसेट का निर्यात आठ गुना बढ़कर 11,200 करोड़ रुपये मूल्य का हो गया, जो आयात की तुलना में अधिक है। यह पहली बार है जब किसी साल भारत का मोबाइल फोन हैंडसेट निर्यात, आयात के मुकाबले अधिक रहा है। इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई दौरान मोबाइल फोन हैंडसेट निर्यात 7,000 करोड़ रुपये के करीब रहा। माना जा रहा है कि चालू वित्त वर्ष में यह 25,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू जाएगा।

आइसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू का कहना है कि मोबाइल हैंडसेट मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग का शानदार प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 2017-18 के मुकाबले 2018-19 में मोबाइल हैंडसेट के निर्यात में 800 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2018-19 में मोबाइल आयात 10,000 करोड़ रुपये मूल्य का था जबकि निर्यात 11,200 करोड़ रुपये रहा। यह सुनहरे भविष्य के लिए छोटी, लेकिन दमदार शुरुआत है। यह देश के लिए भी अच्छा है। आइसीईए ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 में भारत में कुल 29 करोड़ मोबाइल फोन हैंडसेट का उत्पादन हुआ, जिनका मूल्य 1.81 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2014-15 में मात्र 5.8 करोड़ मोबाइल हैंडसेट का उत्पादन हुआ था जिसका मूल्य 18,900 करोड़ रुपये था। उस समय निर्यात लगभग शून्य था क्योंकि नोकिया का प्लांट बंद हो चुका था। बेहतर कारोबारी माहौल से विदेशी निवेश भी बड़े पैमाने पर भारत आ रहा है साथ ही दुनिया में भारत की साख बढ़ी है है ।

आस्तिकता की महिमा अपरंपार

संकलित

दर्शन

आस्तिकता का जीवन में अपना महत्व है। भारतीय मनीषी कहते हैं, आस्तिकता से स्वर्ग मिलता है। स्वर्ग का अर्थ है-परिष्कृत गुणग्राही विधायक दृष्टिकोण। परिष्कृत दृष्टिकोण होने पर अभावग्रस्त दरिद्र की आवश्यकता नहीं पड़ती। क्योंकि मनुष्य जीवन अपने आप में इतना पूर्ण है कि उसे संसार की किसी भी सम्पदा की तुलना में अधिक भारी माना जा सकता है। शरीर यात्रा के अनिवार्य साधन प्रायः हर किसी को मिले होते हैं। अभाव, तृष्णाओं की तुलना में उपलब्धियों को कम आंकने के कारण ही प्रतीत होता है। अभावों की, कठिनाइयों की, विरोधियों की लिस्ट फाड़ फेंकी जाय और उपलब्धियों की, सहयोगियों की सूची नये सिरे से बनाई जाय तो प्रतीत होगा कि कायाकल्प जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। दरिद्रता चली गई और उसके स्थान पर वैभव आ विराजा। छिद्रान्वेषण की आदत हटाकर गुणग्राहकता अपनाई जाय तो प्रतीत होगा कि इस संसार में ईश्वरीय उद्यान की, नन्दन वन की सारी विशेषताएं विद्यमान हैं। स्वर्ग इसी विधायक दृष्टिकोण का नाम है जिसे अपनाकर अपनी सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों की देव सम्पदा को हर घड़ी प्रसन्न रहने के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। आस्तिकता की महिमा यहीं तक नहीं है। भारतीय मनीषी यह भी कहते हैं, आस्तिकता से मुक्ति यानी की मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। मुक्ति का अर्थ है-अवांछनीय भव-बंधनों से छूटना। अपनी दुष्प्रवृत्ति, मूढ़ मान्यतायें एवं विकृत आकांक्षाएं ही वस्तुत सर्वनाश करने वाली पिशाचिनी हैं।

भौतिक सफलता है पुरुषार्थ की प्रतिक्रिया

संकलित

प्रेरणा

धर्म और मानव का अटूट संबंध रहा है। पुरातन काल से ही मानव को अपनी सीमाओं या कहें कमतरी का अहसास होता रहा है। वह भगवान, खुदा, गॉड जैसी किसी विराट सत्ता के आगे नतमस्तक होता रहा है। ईश्वर पर विश्वास करने से सिद्धि, स्वर्ग, मुक्ति का द्वार खुलता है। सिद्धि का अर्थ है प्रतिभावान परिस्कृत व्यक्तित्व एवं उसके आधार पर बन पड़ने वाले प्रबल पुरुषार्थ की प्रतिक्रिया अनेकानेक भौतिक सफलताओं के रूप में प्राप्त होना। स्पष्ट है कि चिरस्थाई और प्रशासनीय सफलताएं गुण, कर्म, स्वभाव की उत्कृष्टता के फलस्वरूप ही उपलब्ध होती हैं। मनुष्य को दुष्प्रवृत्तियों से विरत करने और सत्प्रवृत्तियों को अपनाने के लिए उत्कृष्ट चिन्तन और आदर्श कर्तृत्व अपनाना पड़ता है। यह सभी आधार आस्तिकतावादी दर्शन में कूट-कूटकर भरे हैं। आज का विकृत अध्यात्म-दर्शन तो मनुष्य को उलटे भ्रम जंजालों में फंसाकर सामान्य व्यक्तियों से भी गई-गुजरी स्थिति में धकेल देता है। पर यदि उसका यथार्थ स्वरूप विदित हो और उसे अपनाने का साहस बन पड़े तो निश्चित रूप से परिष्कृत व्यक्तित्व का लाभ मिलेगा। जहां यह सफलता मिली वहां अन्य सफलताएं हाथ बांधकर सामने खड़ी दिखाई पड़ेंगी। महामानवों द्वारा प्रस्तुत किये गए चमत्कारी क्रिया-कलाप इसी तथ्य की साक्षी देते हैं, इसी को सिद्धि कहते हैं। अध्यात्मवादी आस्तिक व्यक्ति चमत्कारी सिद्धियों से भरे-पूरे हैं। इस मान्यता को उपरोक्त आधार पर अक्षरशः सही ठहराया जा सकता है।

सारा संसार

राजस्थान का जोधपुर ऐतिहासिक महत्व का शहर है। यहां घूमने के लिए अनेक ऐसे स्थान हैं जो शहर के शाही इतिहास और संस्कृति में को दिखाते हैं। यहां मंदोर नामक गांव भी है जिसे लंकापति रावण का ससुराल कहा जाता है। यहां रावण और मंदोदरी की शादी हुई थी। मैंडोर नाम मंदोदरी के नाम पर ही पड़ा है। इसकेअलावा जोधपुर में मेहरानगढ़ किला, राओ जोधा डेजर्ट रॉक पार्क और जगमगाती ऐतिहासिक इमारतें दर्शनीय हैं।

व्यंग्य

अमित शर्मा

रहम करो

देश के त्यौहारों पर विशेषकर दीपावली पर हर इंसान चाहता है की कुछ मीठा हो जाए। मीठे के लिए इंसान अक्सर एकांत में मिठाइयों पर धावा बोलता है। मिठाइयो में सोहन पपड़ी की हैसियत शरणार्थी की तरह होती है जिन्हें कोई स्थायी रूप से बसाना नहीं चाहता। सोहन पपड़ी के पैकेट्स अपना जीवनकाल एक अतिथि से दूसरे अतिथि के यहां घुमक्कडी में बिताकर अंत में गुमनामी दम तोड़ देते है। डॉयफ्रूटस आम आदमी की जेब से अभी उतने ही किलोमीटर दूर है जितने किलोमीटर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों से दाऊद इब्राहिम दूर है। ऐसे में मावे की मिठाईया नेताओ के चुनावी वादों की तरह हर वर्ग को लुभाती है। मावे की मिठाइयां हर सीजन में बिना विचलित हुए प्रचलित होती है। नेताओं के चुनावी वादों की तरह मावे में भी आकर्षक बनावट के साथ भयंकर मिलावट होती है। चुनावी वादे हो या मावे की मिठाई, आम आदमी दोनों ही चटखारे लेकर गृहण करता है और बाद में बिना किसी बीमा के देश और स्वयं के स्वास्थ्य का कीमा बनाता है। पिछले कुछ समय से दीपावली पर नकली मावे को लेकर सजगता और आक्रोश महामारी की तरह फैला है। छोटा मुंह-छोटी बात, लेकिन कहना होगा कि अब दीपावली केवल असत्य पर सत्य की विजय का पर्व नहीं है बल्कि यह नकली मावे पर असली मावे की विजय का भी पर्व है। क्योंकि जिस तरीके से मीडिया के माइक-बांकुरे शुद्ध मावे के लिए युद्ध लड़ते हैं उससे लगता है कि नकली मावे का दहन बुराई रूपी रावण के दहन जितना ही जरूरी है। नकली मावे के खिलाफ मुहिम गिरते स्वास्थ्य और गिरती टीआरपी दोनों के लिए संजीवनी का काम करती है। दीपावली और अन्य त्यौहार आते ही मीडिया को बिना किसी प्रशासनिक दबाव के ही जनता के स्वास्थ्य की चिंता सताने लगती है जो कि स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है क्योंकि अगर दर्शक त्यौहार के दौरान हेल्थी नहीं रहेंगे तो वे टीवी चैनल पर अवतरित होने वाले विविध विज्ञापनों के दर्शन कर अलग-अलग ऑफर्स की गिरफ्त में आकर वेल्थी कैसे बनेंगे। हाथ में माइक और दिमाग में एजेंडा लिए मीडियाकर्मी भले ही जनकल्याण हेतु कानून हाथ में ले सकते हैं लेकिन जनता में हाईजिनिक जागरूकता जगाने के लिए वे कभी नकली मावे को हाथ में नहीं लेते और बिना मावे की बाइट लिए ही अपने स्टूडियो में बाइट दे देते हैं। जिस तरीके से दीपावली पर दीप जलाना शुभ माना जाता है उसी तरीके से नकली मावे की बिक्री और उसके ज़ब्त होने की खबर टीवी पर देखना और अखबारो में पढ़ना लाभ-शुभ की बोहनी का संकेत होता है। क्योंकि जब मीडिया, बाजार में नकली मावे की खबरें चलाता है तब जाकर आमजन को विश्वास होता है कि बाज़ार और मीडिया दोनों दीपावली पर अपनी तैयारियों को लेकर गंभीर है। मीडिया हमें यह जीएसटी मुक्त भरोसा दिलाता है कि दीपावली पर आतंकी हमले से ज्यादा नकली मावे से सुरक्षा की ज़रूरत है। सारी मिठाई की दुकानों पर दुश्मन के बंकर की तरह नज़र रखी जाती है और मच्छरों की तरह, छापे मारे जाते हैं। रसद विभाग जगह जगह सर्जिकल स्ट्राइक कर नकली मावा और अपने हिस्से की लाइम लाइट ज़ब्त करता है और बिना मांगे इस सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत भी उपलब्ध कराता है।

अंतर्मन

आज की पाती

प्रकृति को सहेजना जरूरी

इस धरा पर बिना मां के आंचल के क्या कभी जीवन सहजता से जिया जा सकता है? उपभोगवाद के वर्तमान दौर में पर्यावरण से संबंधित समस्या हर चौराहे, हर दिशा, हर पल अपने साथ खड़ी नजर आती है। हमें एक प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या जिस प्रकृति मां ने हमें गोद में बिठा कर हमारा संवर्धन किया, क्या हमने उसी मां की गोद को घायल करना शुरू नहीं कर दिया है? यह तो कदापि इस भारत-भूमि की परंपरा नहीं थी। आज वन माफिया का प्रभाव हमारे राज्य सहित देश भर में बढ़ रहा है। प्रशासन भी वन माफिया के समक्ष बौना दिखाई पड़ता है। प्रदेश में कंकरीट की इमारतों का अंबार बिछाया जा रहा है। अतिवर्षा, बाढ़, अत्यधिक गर्मी, बार-बार मौसम में बदलाव, बिगड़ते पर्यावरण के लिए यही वजह जिम्मेदार है। अगर यह प्रक्रिया निरंतर इसी गति से चलती रही, तो क्या हमारी नदियों में सूखापन नहीं बढ़ेगा। क्या यह कंकरीट के स्तंभ हमारे जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे? शायद नहीं! -पुण्यशीला चतुर्वेदी

ट्रेंड

अनाथ बच्चे की देखभाल

हम इस तरह से योजना बना सकते हैं कि भविष्य में हर अनाथ बच्चे को देखभाल मिल सके। हम 2030 एक समय सीमा निर्धारित करें ताकि हर बच्चे की देखभाल सुनिश्चित की जा सके और जनसांख्यिकीय लाभ उसे प्राप्त हो सके। -रामनाथ कोविंद

धन लाती है बाढ़

हिमालय से आने वाले ज्यादा पानी से आने वाली बाढ़ कोई आपदा नहीं है, बल्कि एक आशीर्वाद है क्योंकि यह जलोढ़ मिट्टी के रूप में राष्ट्र में धन लाती है। भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है। दुर्भाग्य से, हम इस अभूतपूर्व धन के नीचे दफन हो रहे हैं। -सदगुरु

मनोरंजन का पर्याय भारत

सऊदी पब्लिक इनवेस्टमेंट फंड के प्रमुख के घर रियाद में फ्यूचर इनवेस्टमेंट इनिशिएटिव रात्रि भोज का उद्घाटन और मुख्य आकर्षण भारत के जाने-माने कलाकार का शानदार प्रदर्शन होगा। मनोरंजन भारत का पर्याय बन रहा है। -आनंद महिंद्रा

घर जाना अद्भुत

आज सुबह प्यारे मधुर भंडारकर और रेणु का अपने घर जाना बहुत अद्भुत था। वहां अशोक पंडित और नीरज गुप्ता ने मुझे जो प्यार दिया वो शास्त्रीय रूप से समकालीन था। आपका होम थियेटर वास्तव में स्टाइलिश है। -अनुपम खेर

करंट अफेयर

दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन चीन की मंजूरी से

चीन ने मंगलवार को कहा कि तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन के लिये उसकी मंजूरी जरूरी है। चीन ने अमेरिका के उस बयान को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है जिसके तहत वाशिंगटन ने कहा था कि तिब्बती आध्यात्मिक गुरु के उत्तराधिकारी का चयन तिब्बत के लोग खुद करेंगे, ना कि बीजिंग। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता मामलों के अमेरिकी राजदूत सैम ब्राउनबैक ने सोमवार को धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अपने धर्म गुरु का चयन करना तिब्बत के लोगों का अधिकार है। रेडियो फ्री एशिया ने ब्राउनबैक के हवाले से कहा, 'दलाई लामा (84)के उत्तराधिकारी का चयन करने की भूमिका तिब्बती बौद्ध व्यवस्था, दलाई लामा और अन्य तिब्बती नेताओं को निभानी है। यह किसी और से संबद्ध नहीं है, ना तो कोई सरकार से और ना ही किसी संस्था या संस्थान से।' ब्राउनबैक ने धर्मशाला में एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की। गौरतलब है कि दलाई 1959 में चीनी शासन के खिलाफ तिब्बती बगावत के बाद भारत आ गये थे। उनके स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं ने उनके निधन के बाद उनके संभावित उत्तराधिकारी को लेकर अनिश्चितताएं फिर से पैदा कर दी हैं।

ऑफ बीट

दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर की तेज चढ़ाई

एक नेपाली पर्वतारोही ने दुनिया की सबसे ऊंची 14 चोटियों पर सबसे तेजी से चढ़ाई करने का नया रिकॉर्ड स्थापित करने का दावा किया है। निर्मल पुरजा नाम के इस पर्वतारोही ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सात महीनों में ऐसा करने का दावा किया है। ये सभी चोटियां 8000 मीटर से ऊंची हैं। निर्मल पुरजा के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के अनुसार उन्होंने 8000 मीटर(26,250 फुट) से ऊंची इन 14 चोटियों की चढ़ाई सिर्फ सात महीनों में पूरी की है। पहले यह रिकार्ड करीब आठ साल का था। पुरजा ने चीन में अंतिम चोटी पर चढ़ाई करने के बाद अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'मिशन पूरा हुआ! #शिशपंग्मा से।' वर्ष 1987 में पोलिश पर्वतारोही जेर्जी कुकुज्का ने यह चढ़ाई सात साल, 11 महीने, 14 दिनों में पूरी की थी। जेर्जी से पहले 1986 में इटली के रेनहोल्ड मेसनर ऐसी चढ़ाइयां करने वाले पहले व्यक्ति बन गए थे। पूर्व गोरखा सैनिक 36 वर्षीय पुरजा ने अपनी चढ़ाई के पहले भाग में अप्रैल में अन्नपूर्णा, धौलागिरी, कंचनजंघा, एवरेस्ट, ल्होत्से और मकालू पर चढ़ाई पूरी कर ली। इसके एक महीने बाद पाकिस्तान जाकर उन्होंने 8,125 मीटर ऊंचे नंगा पर्वत की चढ़ाई की। अपने लक्ष्य को पूरा करने के दौरान उनकी नींद भी पूरी नहीं हुई।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

मुंबई-हैदराबाद मार्ग पर मरम्मत कार्य के चलते रेल यातायात होगा धीमा

औरंगाबाद। यहां पोटुल और लासूर के बीच रेलवे लाइन पर एक मामूली खामी का पता चला है, जिसका मरम्मत कार्य मुंबई-नांदेड़-हैदराबाद मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही को धीमा कर देगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में एक स्थानीय किसान ने मंगलवार की सुबह रेलवे लाइन में आयी खामी को देखा, जिसके बाद उसने पोटुल और लासूर स्टेशनों के रेलवे अधिकारियों को सूचित किया। दक्षिण मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी राजेश शिंदे ने कहा कि हम अगले दो दिनों में मरम्मत का काम पूरा कर लेंगे। मुंबई-नांदेड़-हैदराबाद मार्ग पर ट्रेनें धीमी हो जाएंगी। हमने गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा तय की है।

गैंगस्टर के घर से साढ़े पांच करोड़ रुपये मूल्य के नकद, वाहन और अन्य सामान जब्त

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने एक गैंगस्टर के घर से एक बेशकीमती कार, नकद और अन्य मूल्यवान चीजें बरामद की है जिसकी कुल कीमत साढ़े पांच करोड रुपये आंकी गयी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी । विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल गैंगस्टर संतोष आम्बेकर के आवास पर पुलिस ने सोमवार को छापेमारी की थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जमीन सौदा में गुजरात के एक व्यापारी से पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आम्बेकर और आठ अन्य लोगों के खिलाफ पिछले हफ्ते महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था । व्यापारी ने जब अपने रुपये वापस मांगे तो आम्बेकर ने कथित रूप से उनसे एक करोड रुपये की मांग की थी। गैंगस्टर हाल ही में उस वक्त सुर्खियों में आया जब नागपुर पुलिस उसे 13 अक्टूबर को नंगे पैर अदालत में ले गयी थी।

महाराष्ट्र के एक गोदाम में लगी भीषण आग, इमारत ढही



ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार को एक गोदाम में भीषण आग लग गई। इस गोदाम में मोम रखा हुआ था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि आग में पूरी तरह से जल जाने के बाद इमारत ध्वस्त हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दत्ता सालवी ने बताया कि भिवंडी शहर के पूर्णा गांव में स्थित दो मंजिले गोदाम में सुबह करीब 8.20 बजे आग लग गई, जहां मोम की सामग्री का भंडारण किया गया था। उन्होंने बताया कि चार दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया, जो करीब दो घंटे बाद आग को बुझाने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि आग के कारणों का पता जगाया जा रहा है।

हिमाचल के चंबा में भूकंप



शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मंगलवार को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। किसी के भी हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विभाग ने बताया कि मंगलवार को चंबा में सुबह 11.31 बजे के आस-पास भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र जिले के उत्तर-पूर्वी हिस्से में 5 किमी की गहराई में था।

दो मामले तब के हैं जब वह बड़ा राजन के लिए करता था शराब की तस्करी

सीबीआई ने छोटा राजन के खिलाफ पांच मामलों की जांच अपने हाथ में ली

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गैंगस्टर छोटा राजन के खिलाफ पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इनमें से दो मामले अपराध की दुनिया में उसके शुरुआती दिनों के हैं जब वह अपने उस्ताद राजन नायर के लिए कथित तौर पर शराब की तस्करी करता था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन मामलों में से एक 1980 का है जिसमें उसके साथ उसके उस्ताद नायर उर्फ बड़ा राजन का भी नाम आरोपी के रूप में है। दूसरा मामला 1983 का है जब पुलिस ने उसकी कार का पीछा किया और जब उसे पकड़ने की कोशिश की गई तो उसने दो पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। तीन अन्य मामले 1990 के दशक के अंत और 2000 के दशक के शुरू के हैं जिनमें उसके आदेश पर उसके गिरोह के लोगों ने कथित तौर पर अपहरण और रंगदारी जैसे अपराधों को अंजाम दिया। छोटा राजन, उसके उस्ताद नायर और साथियों-अब्दुल तथा रमेश शर्मा ने 21 नवंबर 1980 को एंथनी फर्नांडीस नाम के व्यक्ति पर उस समय कथित तौर पर चाकुओं से हमला किया था जब वह शाम के समय राम नारकर मार्ग पर ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रहा था। नायर कथित तौर पर 1982 में मारा गया था

जिसके बाद राजन सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन ने गिरोह की कमान संभाली थी। सीबीआई ने 1983 के उस मामले की जांच भी अपने हाथ में ली है जब मुंबई पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में छोटा राजन को गिरफ्तार किया था। इस दौरान उसने दो पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने छोटा राजन गिरोह से जुड़े रंगदारी के दो मामलों की जांच भी अपने हाथों में ली है। ये मामले वर्ष 2000 और 2002 के हैं। सीबीआई ने 1998 में हुए वकील पूनमचंद मालू के कथित अपहरण के मामले की जांच का जिम्मा भी संभाला है। महाराष्ट्र सरकार ने 25 अक्टूबर 2015 को इंडोनिशया में छोटा राजन की गिरफ्तारी और फिर उसे भारत वापस लाए जाने के बाद 71 मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

सीबीआई ने 574 करोड़ रुपये के पोंजी घोटाला मामले में पैलान ग्रुप के सीएमडी को गिरफ्तार किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 574 करोड़ रुपये के पोंजी घोटाला मामले में पैलान ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अपूर्ब कुमार साहा को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने निवेश पर अच्छे मुनाफे का वायदा कर निवेशकों को लुभाने के आरोप में 2017 में ग्रुप के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने कहा कि ग्रुप अपनी पोंजी योजना के निवेशकों का पैसा वापस करने में विफल रहा। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने साहा को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है।

अपर्याप्त या गलत सजा के चलते आते हैं बड़ी संख्या में मामले : न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालतों द्वारा अपर्याप्त या गलत सजा दिए जाने" के कारण उसके समक्ष दायर होने वाले विभिन्न मामलों पर निराशा जाहिर की है। न्यायालय ने सजा के पहलू से लापरवाह तरीके से निपटने के खिलाफ बार-बार चेताया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि दोषी ठहराने या सजा देने की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि आपराधिक न्याय तंत्र के इस हिस्से का समाज पर निर्णायक प्रभाव पड़ता है। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति एन वी रमण की अगुवाई वाली एक पीठ ने मध्य प्रदेश की ओर से दायर याचिका पर दिए अपने फैसले में की। राज्य ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी जिसने निचली अदालत द्वारा चार व्यक्तियों को सुनाई गई तीन साल कैद की सजा को उस अवधि तक घटा दिया था जो वे पहले से ही जेल में काट चुके थे। पीठ ने कहा कि हमारा मत है कि इस अदालत के समक्ष ज्यादातर मामले निचली अदालतों द्वारा अपर्याप्त या गलत सजा सुनाए जाने के कारण दायर किए जाते हैं। हमने बार-बार कुछ मामलों में सजा सुनाने के लापरवाह तरीके के खिलाफ चेताया है। पीठ में न्यायमूर्ति एम एम शांतानागौदर और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी भी शामिल थे। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फैसले में सुधार करते हुए तीन दोषियों को तीन महीने कैद की सजा सुनाई और प्रत्येक पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं 80 वर्ष के आस-पास की उम्र के चौथे दोषी को दो महीने कैद की सजा सुनाई और 65,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

कश्मीर जाने से किसी को मनाही नहीं,सुबह की फ्लाइट पकड़ कांग्रेसी सांसद भी जाएं: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो,नईदिल्ली। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद यूरोपीय संघ के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के कश्मीर दौर को लेकर कांग्रेस समेत अन्य सभी विपक्षी दलों के सवालों को भाजपा ने सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी ने कहा है कि किसी को भी कश्मीर जाने की मनाही नहीं है। देश-विदेश के सभी पर्यटकों के लिए अब जम्मू- कश्मीर जाने की पूरी आजादी है। भाजपा प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने मंगलवार को यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि मंडल के कश्मीर दौरे पर जाने की इजाजत पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहाकि कांग्रेस के सांसद भी अगर कश्मीर जाना चाहें तो सुबह की फ्लाइट पकड़कर चले जाएं। उन्होंने कहाकि कश्मीर अब आम पर्यटकों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है तो कांग्रेसी सांसद भी आराम से गुलमर्ग,अनंतनाग जाकर सैर कर आएं। सरकार की तरफ से कोई रोक-टोक नहीं है। इसे बेवजह मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहाकि जब वहां धारा 370 हटाया गया था,तब एहतियातन शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए कुछ पाबंदिया लगाई गई थी। लेकिन हालात सामान्य होने के साथ ही वहां लगी सभी तरह की रोक हटा ली गई है।

विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह का परिधान बने खादी

हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली। आने वाले वक्त में देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और उनसे संबंद्ध कॉलेजों में दीक्षांत समारोह या ऐसे तमाम अन्य आयोजनों के मौके पर छात्रों और शिक्षकों द्वारा खादी और हथकरघा से बने हुए परिधानों का प्रयोग किया जाने लगेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में बीते सप्ताह सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को एक पत्र भेजकर उसकी अनुपालना का निर्देश दे दिया है।

- यूजीसी ने बीते सप्ताह जारी किए गए अपने एक पत्र में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को दिया यह निर्देश

भारतीय संस्कृति की बढ़ेगी प्रतिष्ठा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष डॉ.डी.पी.सिंह ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि इस बार महात्मा गांधी जी के 150वें जन्म जयंती वर्ष को ध्यान में रखकर आयोग न केवल केंद्रीय विश्वविद्यालयों बल्कि देश के तमाम अन्य उच्च-शिक्षण संस्थानों में होने वाले प्रमुख आयोजनों में खादी और हथकरघे से बने हुए परिधानों का प्रयोग किए जाने की वकालत कर रहा है। इससे खादी ग्राम उद्योग और बुनकरों को भी काफी बढ़ावा मिलता है। सभी विश्वविद्यालयों द्वारा इसे अपनाने के बाद दीक्षांत समारोह में छात्र ब्रिटिश कालीन गाउन की जगह पर भारतीय परिधानों का प्रयोग करने लगेंगे। कई विश्वविद्यालयों ने इस पर अमल करना भी शुरु कर दिया है।

फडणवीस के ओएसडी के अमरावती स्थित घर पर हमला

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के अमरावती स्थित घर पर लोगों के एक समूह ने हमला किया और बाहर खड़ी एक कार में तोड़फोड़ की। घटना को हालिया विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।इस संबंध में एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की शाम हुई घटना के समय ओएसडी श्रीकांत भारतीय कुछ पारिवारिक सदस्यों के साथ घर से बाहर थे। अधिकारी ने कहा कि मुंबई से करीब 680 किलोमीटर दूर विदर्भ नगर के राजपेठ क्षेत्र स्थित घर में हालांकि भारतीय के माता-पिता मौजूद थे। उन्होंने बताया कि हमले में किसी को कोई चोट नहीं आई। अधिकारी ने बताया कि हमले के दौरान समूह ने भारतीय के भाई एवं अमरावती के भाजपा पार्षद तुषार की कार में तोड़फोड़ भी की, जो घर के बाहर खड़ी थी।

राष्ट्रपति कोविंद का कंपनियों को सुझाव

सीएसआर के तहत अनाथों, दिव्यांगों के कल्याण पर अधिक खर्च करें

नई दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कंपनियों को सुझाव दिया है कि वे कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत अनाथ और दिव्यांग लोगों के कल्याण के लिए अधिक राशि खर्च करें। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण की गतिविधियों से आम लोगों के बीच उनका सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने मंगलवार को कहा कि सीएसआर गतिविधियों के जरिये विकास की चुनौतियों के लिए नवोन्मेषी समाधान ढूंढे जा सकते हैं। कंपनी कानून, 2013 के तहत सीएसआर प्रावधान एक अप्रैल, 2014 से लागू हुए हैं। इस कानून के तहत कुछ निश्चित श्रेणी की मुनाफा

कमाने वाली कंपनियों को अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत एक वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना होता है। यहां पहले राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2014-15 से कंपनियां हर साल सीएसआर पर 10,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करती हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान एक महिला सुरक्षाकर्मी संतुलन बिगड़ने के कारण गिर गईं। जैसे ही राष्ट्रगान पूरा हुआ राष्ट्रपति और वित्त मंत्री मंच से उतरे और महिला के पास जाकर उसका हालचाल पूछा। इस वाकये के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मंच से नीचे आए और महिला को पानी के बोतल की पेशकश की। राष्ट्रपति कोविंद और निर्मला सीतारमण सुरक्षाकर्मी का हालचाल जानने के बाद मंच पर लौट गए।

वित्त मंत्री कंपनियों को सीएसआर के तहत गरीब, पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंच बढ़ाने को कहा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय कंपनियों से कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार और पूर्वोत्तर क्षेत्र में खर्च करने की अपील की। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रही सीतारमण ने पिछले साल सीएसआर गतिविधियों पर करीब 13,000 करोड़ रुपये खर्च किये जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दूर-दराज के क्षेत्रों में विकास के लिये काफी प्रासंगिक है। पहले राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार वितरण के लिए राजधानी में आयोजित समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में सीएसआर के क्षेत्र में काफी काम देखने को मिलते हैं, वहीं छत्तीसगढ़, ओड़िशा, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों को भी सीएसआर के जरिये समर्थन की जरूरत है।

अन्नकूट उत्सव...

कोलकाता ने मंगलवार को भक्तों ने अन्नकूट उत्सव के दौरान मदन मोहन पूजा का प्रसाद एकत्र किया।

जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा

कर्नाटक में नहीं गिरेगी बीजेपी सरकार, जरूरत पड़ी तो देंगे समर्थन

बेंगलुरू। कर्नाटक की राजनीति का नाटक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर वहां पर राजनीतिक हलचल की स्थिति बन रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने दावा किया कि कर्नाटक में बीजेपी सरकार गिरने नहीं जा रही। अगर जरूरत पड़ी तो उनकी पार्टी राज्य में बीजेपी सरकार को अपना समर्थन दे सकती है। एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह मेरे हाथ में है कि बीजेपी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करे या नहीं। मैं आपको बताता हूं कि यह बेहद नाजुक मामला है। प्रमुख मुद्दा सरकार को अस्थिर करने और चुनाव के लिए नहीं है। 13 राज्यों में बाढ़ आई और यही

प्रमुख मुद्दा है। मैं खुद 2 बार मुख्यमंत्री रह चुका हूं। उन्होंने कहा कि राज्य में उपचुनाव पर काफी खर्च होना है। करीब 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अगर राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं तो राज्य को अतिरिक्त 250 से 350 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। इन दिनों एचडी कुमारस्वामी के सुर बदलते नजर आ रहे हैं। वह राज्य की बीएस येदियुरप्पा सरकार की बाढ़ से जुड़े राहत कार्यों की तारीफ कर चुके हैं।

हम उपचुनाव का सामना करने के लिए तैयार हैं: शेट्टार

एचडी कुमारस्वामी के बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार के केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने कहा हि मुझे नहीं पता कि कुमारस्वामी के दिमाग में क्या चल रहा है। हम सरकार चला रहे हैं और यह स्थिर है। हम उपचुनाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम पहले ही चुनाव पर आधारित बैठक कर चुके हैं। कुमारस्वामी के बयान का कोई मतलब मुझे समझ में नहीं आता। मीडिया को उनसे इस संबंध में पूछना चाहिए।

साथ ही उन्होंने मध्यावधि चुनाव का समर्थन भी नहीं किया है।

कर्नाटक उपचुनाव के लिये कांग्रेस, भाजपा के साथ कोई गठजोड़ नहीं: देवगौड़ा

जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एच डी देवगौड़ा ने पांच दिसंबर के कर्नाटक उपचुनावों में कांग्रेस या भाजपा के साथ किसी तरह के गठजोड़ की संभावना से इनकार करते हुए कहा है कि दोनों ही राष्ट्रीय दल भरोसेमंद नहीं हैं और एक जैसे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा कि जद(एस) कर्नाटक विधानसभा में 15 सीटों पर रिक्तियों को भरने के लिये अपने बूते उपुचनाव लड़ेगा और निश्चित तौर पर कांग्रेस एवं भाजपा से समान दूरी बरकरार रखी जाएगी। देवगौड़ा ने यह भी कहा कि मई 2018 के कर्नाटक चुनाव के बाद कांग्रेस से गठजोड़ के लिये वह इच्छुक नहीं थे। देवगौड़ा ने कहा, "यह कांग्रेस थी, जो चुनाव के बाद मेरे पास आई और कांग्रेस-जद(एस) सरकार बनाने के लिये हमें मनाया। शुरूआत में मैं सहमत नहीं हुआ लेकिन कांग्रेस द्वारा लंबे मान-मनौव्वल के बाद मैंने (गठबंधन) स्वीकार कर लिया।

एआईसीटीई ने तकनीकी संस्थानों को किया आगाह

किसी शिक्षक को एक समय में दो संस्थानों में पढ़ाने की नहीं है अनुमति

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की तकनीकी शिक्षा के नियामक एआईसीटीई ने इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य तकनीकी संस्थानों को आगाह किया है कि शिक्षकों को एक समय में दो संस्थानों में पढ़ाने की अनुमति नहीं है और अगर ऐसा हुआ तो संस्थानों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने सभी संस्थानों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इससे (एक समय में दो संस्थानों में पढ़ाने से) ना केवल शिक्षा प्रभावित होती है बल्कि यह अनुमोदन की शर्तों का भी उल्लंघन है। एआईसीटीई ने कॉलेज प्रमुखों को लिखे पत्र में कहा कि परिषद को पता चला है कि परिषद से अनुमोदन (ईओए) मिलने के बाद तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम या पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले कुछ संस्थान ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि शिक्षक एक ही समय में, एक ही मूल संस्थान की दो शाखाओं में या अन्य संस्थान में पढ़ाते हैं।

इससे तकनीकी शिक्षा प्रभावित होती है

एआईसीटीई ने कहा कि एक समय पर किसी शिक्षक के दो जगह पढ़ाने की अनुमति नहीं है। इससे तकनीकी शिक्षा प्रभावित होती है और यह अनुदान या ईओए देते समय एआईसीटीई को प्रस्तुत किए हलफनामे का भी उल्लंघन है। परिषद ने चेताया कि ऐसा पाए जाने पर कॉलेज को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना होगा या उसको दी गई अनुमति (ईओए) भी वापस ले ली जाएगी।

भैया दूज पर बोलीं प्रियंका: 'लव यू राहुल गांधी'

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को 'भैया दूज' के मौके पर अपने बड़े भाई और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ की अपनी कई तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि 'लव यू राहुल गांधी'। प्रियंका ने ट्विटर पर राहुल के साथ की अपनी नौ तस्वीरें शेयर कीं। ये तस्वीरें अलग अलग समय की हैं। इनमें कई तस्वीरें बचपन की है। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कहा कि 'लव यू राहुल गांधी।'

कांग्रेस महासचिव ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें एक तस्वीर में दोनों भाई-बहन अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोद में नजर आ रहे हैं। इसी तरह एक तस्वीर प्रियंका की शादी के समय की और एक तस्वीर माता-पिता के साथ है।

एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार का आरोप

केंद्र सरकार कर रही प्रर्वतन निदेशालय और सीबीआई का दुरुपयोग

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने केंद्र सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। शरद पवार का आरोप है कि राजनीतिक दबाव के लिए इन प्रणालियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। शरद पवार ने ये बातें एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। शरद पवार ने कहा कि सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल उन जगहों के लिए होता था जहां अपराध होता था। देश में आर्थिक मंदी छाई है, पर केंद्र सरकार जानबूझकर लोगों का ध्यान कहीं दूसरी जगह ले जा रही है। शरद पवार ने कहा कि पुलवामा और अनुच्छेद 370 का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है। बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तलब कर चुका है। हालांकि विरोध

- पुलवामा और अनुच्छेद 370 का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है

प्रदर्शनों को देखते हुए ईडी ने शरद पवार को अपने कार्यालय बुलाने का फैसला रद्द कर दिया था। उस समय भी ईडी के राजनीतिक इशारे पर काम करने का आरोप लगा था। 78 वर्षीय इस शरद पवार ने ईडी द्वारा दायर मामले को 'राजनीति से प्रेरित' बताया था। उनका कहना है कि महाराष्ट्र स्टेट कॉपरेटिव बैंक में निदेशक रहने के दौरान कथित 25,000 करोड़ घोटाले में वे शामिल नहीं हैं।

एयरटेल ने तिमाही परिणाम टाला

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने इस क्षेत्र की कंपनियों के समायोजित सकल राजस्व से जुड़े नए घटनाक्रमों की वजह से सितंबर तिमाही के परिणामों की घोषणा 14 नवंबर तक टाल दी है। कंपनी को अपने दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा ही करनी थी। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी ने इस ममाले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद सरकार से कंपनी पर सांविधिक बकायों को लेकर कुछ बातें स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही कंपनी ने अपने बकायों को लेकर सरकार से 'समर्थन' भी मांगा है।

इजरायल ने बनाया पानी और अल्कोहल से चलने वाला पिस्टन इंजन, प्रदूषण कम होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक गाड़ियों को दुनियाभर में बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत को सीमित किया जाए और दुनिया पलूशन फ्री ट्रांसपोर्ट की ओर बढ़े। इसी बीच इजरायल में इंजीनियरों की टीम ने एक ऐसा रास्ता निकाला है, जो गाड़ी चलाने के लिए पेट्रोल-डीजल की टेंशन को खत्म कर सकता है। इस टीम ने एक खास इंजन प्रोटोटाइप बनाया है, जो एथेनॉल के साथ पानी से चलता है। खास बात यह है कि इस इंजन से चलने वाली गाड़ी कम प्रदूषण करेगी और माइलेज भी ज्यादा मिलेगा। सरकार ऐसी भी एथेनाल के प्रयोग पर अब ज्यादा जोर दे रही है।

70 फीसदी पानी और 30 फीसदी एथेनॉल का उपयोग होगा

कार के इंजन में साधारण मॉडिफिकेशन करना होगा: कंपनी का कहना है कि इससे भी खास बात यह है कि किसी भी कार के इंजन में साधारण मॉडिफिकेशन करके इसे पानी-एथेनॉल से चलने वाला बनाया जा सकता है। इससे न सिर्फ पेट्रोल-डीजल पर होने वाला खर्च बचेगा, बल्कि पलूशन भी बहुत कम होगा।

मेमान ने चार प्रोटोटाइप इंजन बनाए: मेमान रिसर्च ने चार प्रोटोटाइप बनाए हैं, जिनमें एक पूरी तरह फंक्शनल कार, एक पावर जेनरेटर और दो अन्य प्रकार के इंजन शामिल हैं। ये इंजन पावरफुल परफॉर्मेंस के साथ अच्छी मात्रा में टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम हैं।



इंजन मेमान रिसर्च एलएलसी नाम की कंपनी ने डेवलप किया

इस इंजन प्रोटोटाइप को मेमान रिसर्च एलएलसी नाम की कंपनी ने डिवेलप किया है। यह एक पारंपरिक पिस्टन इंजन है, जो 70 प्रतिशत पानी और 30 प्रतिशत एथेनॉल या किसी अन्य प्रकार के अल्कोहल के कॉम्बिनेशन पर चलता है। इस इंजन के लिए डीजल या पेट्रोल की कोई जरूरत नहीं है, यानी पेट्रोल-डीजल की जरूरत पूरी तरह खत्म हो जाती है।

इंजन को चलाने का खर्च बहुत कम

मेमान का यह इंजन लगभग सभी सल्फर ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड के उत्सर्जन को समाप्त कर देता है, जो प्रदूषण करने के लिए जाने जाते हैं। कंपनी का दावा है कि पेट्रोल-डीजल समेत किसी भी अन्य एनर्जी सलूशन की तुलना में इस इंजन को चलाने का खर्च बहुत कम है।

इस इंजन को आने में लगेगा समय

इस खास इंजन को बनाने वाली टीम के एक इंजीनियर का कहना है कि मेन स्ट्रीम गाड़ियों में यह इंजन आने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि अभी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने पर फोकस कर रही है। ऐसे में इस इंजन टेक्नॉलजी को आम लोगों की इस्तेमाल की जाने वाली गाड़ियों में आने में समय लगेगा।

सउदी आरामको 11 दिसंबर को होगी शेयर बाजार में सूचीबद्ध

दुबई। सउदी अरब की विशाल पेट्रोलियम कंपनी सउदी आरामको अपने बहुप्रतीक्षित आरम्भिक सार्वजनिक निर्गम के साथ बाजार में उतरने के बाद 11 दिसंबर को पहली बार शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी। सउदी अरब के अल- अरबिया टेलीविजन ने यह जानकारी दी। सउदी अरब के इस टेलीविजन चैनल ने अपनी रिपोर्ट में अनाम सूत्रों के हवाले से कहा है कि तीन नवंबर को सउदी एक्सचेंज इस सार्वजनिक निर्गम के लिए पूरा कार्यक्रम घोषित करेगा। इसके बाद 17 नवंबर को कंपनी शेयर मूल्य के बारे में घोषणा करेगी।

प्रसारक की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'आरामको के आईपीओ के लिए अभिदान चार दिसंबर 2019 को शुरू होगा।' इस दिन से निवेशक कंपनी के शेयरों में खरीदारी के लिए आवेदन कर सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद कंपनी के शेयरों की सउदी टाडावुल एक्सचेंज में 11 दिसंबर से खरीद फरोख्त के लिए उपलब्ध होंगे। सउदी तेल कंपनी आरामको को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने के पीछे सउदी राजघराने के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की सुधारों को बढ़ाने की सोची समझी रणनीति है जिसके तहत सउदी अरब की अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना है। सउदी अरब को उम्मीद है कि कंपनी में आईपीओ के जरिए प्रस्तावित पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से उसे 100 अरब डालर की प्राप्ति होगी।

दूरसंचार क्षेत्र में वित्तीय दबाव को कम करने समिति सुझाएगी

कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने दूरसंचार उद्योग पर बढ़ते वित्तीय दबाव को कम करने के सुझाने देने के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की है। इसमें कंपनियों को वित्तीय राहत देने के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क में कटौती के साथ-साथ मुफ्त कॉल और इस समय कौड़ियों के भाव पेश किए जा रहे मोबाइल डेटा के दौर को खत्म करने की सिफारिश भी हो सकती है।

- कंपनियों पर 1.42 लाख करोड़ रु. बकाया
- एजीआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्णय

उच्चतम न्यायालय के 24 अक्टूबर के एक आदेश में दूरसंचार कंपनियों को 1.42 लाख करोड़ रुपए के पुराने वैधानिक बकायों का भुगतान करने का आदेश देने के कुछ दिन बाद ही सरकार ने यह कदम उठाया है। दूरसंचार कंपनियों के राजस्व में सरकार की हिस्सेदारी व शुल्कों के निर्धारण के लिए उनके समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की गणना को लेकर उच्चतम न्यायालय के हाल के निर्णय के बाद कंपनियों ने उन पर बढ़ते वित्तीय संकट की बात की है।

खास बातें

- कौड़ियों के भाव मिलने वाला डेटा का दौर हो सकता है खत्म
- कंपनियां स्पेक्ट्रम शुल्क में कटौती की मांग कर रही
- राजस्व में सरकार की हिस्सेदारी व शुल्क भी तय होंगे
- एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को हो रही वित्तीय दिक्कत

वायस कॉल के लिए हो न्यूनतम शुल्क की सिफारिश

लेकिन उद्योग के जानकार लोगों का मानना है कि वायस काल के लिए कुछ न्यूनतम शुल्क रखने से खास कर 2जी ग्राहकों कर प्रभाव पड़ सकता है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों के अनुसार वायस काल के लिए कारोबार की दृष्टि से एक व्यावहारिक दर तय किए जाने का भी तर्क दिया जा रहा है।

कंपनियां ले रही डाटा का पैसा दे रही वायस कॉल मुक्त

पर यह विषय विनियामक ट्राई के अधिकार क्षेत्र में आएगा। इस समय जियो और अन्य कंपनियां डाटा का पैसा ले रही है और उसके साथ वायस काल मुफ्त देने की पेश करती हैं। सूत्रों ने कहा कि समिति की बैठक जल्द होने की उम्मीद है और वह समयबद्ध तरीके से अपनी सिफारिशें सौंप सकती है।

समिति गठित

दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में गठित इस समिति को भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड समेत अन्य दूरसंचार कंपनियों को पेश आ रही 'वित्तीय दिक्कतों' पर 'हर दृष्टिकोण से विचार करने' और इसे कम करने के उपाय सुझाने के लिए कहा गया है।

स्पेक्ट्रम कुछ समय टालने की मांग

समिति के अन्य सदस्यों में वित्त, दूरसंचार और विधि सचिव शामिल हैं। समिति से दूरसंचार कंपनियों की स्पेक्ट्रम भुगतान को कुछ समय के लिए टालने की मांग के साथ-साथ स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क को कम करने पर भी विचार करने के लिए कहा गया है।

कंपनियां दे रही पांच फीसदी

समिति से दूरसंचार कंपनियों के लिए सार्वभौमिक सेवा कोष में योगदान की प्रतिबद्धता के नियम पर भी पुनर्विचार करें। अभी कंपनियों को इस कोष में अपनी वार्षिक आय का पांच प्रतिशत देना होता है।

कमजोर वैश्विक रुख से सोने में 548 रु. की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप दिल्ली सराफा बाजार में सोना 548 रुपए टूटकर 38,857 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोना 39,405 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, चांदी में भी तकनीकी सुधार के रूप में गिरावट दर्ज की गई। इसका भाव 1,190 रुपए टूटकर 47,090 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया। विगत सप्ताहांत शुक्रवार को चांदी 48,280 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक तपन पटेल ने कहा, 'दीवाली की छुट्टियों के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट के रुख को देखते हुए दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव में 548 रुपए की गिरावट आई। दीवाली की छुट्टियों में भाईदूज त्योहार के कारण अहमदाबाद जैसे प्रमुख हाजिर बाजार बंद हैं जिससे सोने की हाजिर मांग कम रहने की उम्मीद है।'

समझौते की उम्मीद में गिरा सोना

पटेल ने कहा कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद जगने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में गिरावट का दबाव रहने की संभावना है। वैश्विक बाजार में सोने का भाव अपरिवर्तित यानी 1,493 डॉलर प्रति औंस तथा चांदी गिरावट के साथ 17.77 डॉलर प्रति औंस था।

प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद में शेयर बाजार झूमा उठा

मुंबई। देश के शेयर बाजारों में दिवाली के बाद कारोबार की शुरुआत धमाकेदार रही। निवेशकों की जोरदार लिवाली से बंबई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक 582 अंक उछलकर चार माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों के बीच सरकार की ओर से नए आर्थिक प्रोत्साहन उपायों और आयकर दर में कटौती किए जाने की उम्मीद जगी है। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी। दिवाली के दिन शाम को एक घंटे के मुहूर्त कारोबार में अच्छी शुरुआत के बाद संवत वर्ष 2076 में पहला पूर्ण कार्य दिवस रहा। इस दौरान देश दुनिया से सकारात्मक घटनाक्रमों के संकेत मिलने से निवेशकों की खरीदारी जोश में रही जिससे बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का संवेदी सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 581.64 अंक यानी 1.48 प्रतिशत बढ़कर 39,831.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 39,917.01 अंक और नीचे में 39,254.12 अंक तक गया। व्यापक आधार वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सूचकांक भी 159.70 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की छलांग लगाकर 11,786.85 अंक पर पहुंच गया।

नई दिल्ली। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नलिन सिंघल ने कंपनी के कार्पोरेट कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ दिवस को ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर फंक्शनल डायरेक्टरों सहित सीवीओ और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

तीन पहियों वाला स्कूटर लेकर आई यामाहा, फ्रंट में लगे हैं दो पहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अर्बन मोबिलिटी को ध्यान में रखकर डिजाइन

टू व्हीलर कंपनी यामाहा ने हाल में तीन पहियों वाला स्कूटर ट्राईसिटी 300 पेश किया है। इसमें फ्रंट में दो पहिए लगे हैं। इससे स्कूटर भीड़ में बिल्कुल दिखता है। कंपनी ने अर्बन मोबिलिटी को ध्यान में रखते हुए इसे खासतौर पर डिजाइन किया गया है। कंपनी ने टोक्यो मोटर शो 2019 में इस स्कूटर को शोकेस किया। यह स्कूटर 3सीटी के कॉन्सेप्ट पर आधारित है। हालांकि यामाहा की तरफ से इस स्कूटर के स्पेसिफिकेशंस या कीमत के बारे में अभी ऑफिशियली कोई जानकारी नहीं दी है।

यूरोपीय बाजार में पहले लांच होगा

ट्राईसिटी 300 स्कूटर नवंबर के पहले सप्ताह (4 नवंबर तक) में यूरोपियन मार्केट में लॉन्च होगी। भारत में इसके लॉन्च होने को लेकर फिलहाल कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि यामाहा का यह नया स्कूटर ट्राईसिटी 300 कंपनी के ही ट्राईसिटी 125 और निकेन के बीच का है।

टाटा मोटर्स में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगी टाटा संस

नई दिल्ली। टाटा समूह की कंपनियों की प्रवर्तक टाटा संस जल्द ही समूह की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 43.73 प्रतिशत करेगी। टाटा मोटर्स के 6,500 करोड़ रुपए के प्रस्तावित तरजीही इश्यू में निवेश के बाद यह हिस्सेदारी बढ़ेगी। पिछले सप्ताह टाटा मोटर्स के निदेशक मंडल ने टाटा संस को तरजीही आधार पर शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। टाटा मोटर्स में निवेश के इस प्रस्ताव पर शेयरधारकों की अनुमति के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई है। कंपनी के मुताबिक 30 सितंबर 2019 की स्थिति के अनुसार टाटा मोटर्स में टाटा संस की हिस्सेदारी 35.3 प्रतिशत थी। प्रवर्तकों से कोष जुटाने का कारण स्पष्ट करते हुए कंपनी ने कहा कि घरेलू कारोबार में नरमी का रुख है जिसकी वजह से कंपनी की बिक्री, लाभ और नकदी प्रवाह प्रभावित हुआ है। इससे कंपनी का शुद्ध ऋण भी अव्यवहारिक स्तर तक बढ़ गया। बाजार में मंदी की यह स्थिति ऐसे समय आई है जब मौजूदा उत्पादों के साथ साथ भारत चरण-6 के अनुरूप उत्पाद तैयार करने के लिए पूंजीगत खर्च ऊंचा बना हुआ है। वहीं चीन में हालात सुधरने के बावजूद कंपनी की ब्रितानी इकाई जगुआर लैंड रोवर बाहरी

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

INDIA'S No. 1
09870155846

ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
मियाँ खान बंगाली
8755856653

ज्योतिष

खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
8929377723

ज्योतिष

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
पंडित अर्जुन शर्मा
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
9012661598
8191087356

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
गुरु अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
8512013053
7428720960

चिकित्सा

घर बैठे शराब छुडवायें
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
9917598041
Fees ₹200/-

अब तक परेशान क्यों है?
बाबा फरीद खान बंगाली
7688896500

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरु मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
9818053315
9871929265

आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

फायनेंस

☛ दिवाली धमाका ऑफर बाजाज फायनेंस कंपनी देश की नम्बर 1 कंपनी सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान। मो.न. 9548973844

क्रिकेट : बांग्लादेश के साथ 3 से शुरू हो रही सीरीज, दिन-रात टेस्ट 22 नवंबर से

भारत पहली बार डे-नाइट टेस्ट खेलेगा

- कई मैचों में बांग्लादेश टीम भारत को दे चुकी है कड़ी चुनौती
- ईडन गार्डन्स डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी करने वाला देश का पहला स्टेडियम
- गांगुली ने डे-नाइट टेस्ट खेलने पर सहमति जताने के लिए कोहली को शुक्रिया कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच 22 से 26 नवंबर तक ईडन गार्डन्स में खेला जाने वाला दूसरा टेस्ट डे-नाइट होगा। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों का यह पहला डे-नाइट टेस्ट होगा। ईडन गार्डन्स डे-नाइट टेस्ट का आयोजन करने वाला देश का पहला स्टेडियम होगा। गांगुली ने बीसीबी के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए यह बेहतरीन मौका है। मैं और मेरी टीम इसकी तलाश में थे। इसके लिए विराट कोहली का भी शुक्रिया कि वो मेरी बात से सहमत हुए। आगामी 3 नवंबर बांग्लादेश के भारत दौरे की शुरुआत हो रही है। बांग्लादेश टीम पहले 3 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलेगी। इस दौरे में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अलावा दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

14 नवंबर से होंगे टेस्ट मैच

तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 14 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की शृंखला होगी। पहला टेस्ट इंदौर में जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से कोलकाता में खेला जाएगा। वर्तमान में टीम जिस जीत की लय को बरकरार रखे है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि इस प्रारूप में पूरा पलड़ा भारत की ओर झुका हुआ है। दोनों टीमों के बीच 8 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं और कई मैचों में टीम इंडिया को बांग्लादेश ने कड़ी चुनौती दी है।

ओलिम्पिक खिलाड़ियों को न्योता दिया जाएगा

गांगुली ने कहा, भारत के पहले डे-नाइट टेस्ट के दौरान ओलिम्पिक खिलाड़ी अभिनव बिंद्रा, एमसी मैरीकॉम और पीवी सिंधु को बुलाकर सम्मानित करने पर विचार किया जा रहा है। भारत-बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 16 नवंबर से इंदौर में होगा। दूसरा मैच में 22 नवंबर से कोलकाता में खेला जाएगा।

पहला डे-नाइट टेस्ट ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के बीच हुआ था

पहला डे-नाइट टेस्ट 2015 में एडिलेड ओवल पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। इसकी शुरुआत के चार साल बाद भी अब तक वर्ल्ड नंबर एक टीम भारत एक भी डे-नाइट टेस्ट नहीं खेला। भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच तीन टी-20 की सीरीज खेली जाएगी। पहला मैच 3 नवंबर को होगा।

ढाका में 2004 में टीम इंडिया को दी शिकस्त

भारत को पहली बार 2004 में ढाका में बांग्लादेश से हार मिली। बांग्लादेश ने भारत के सामने जीत के लिए 229 रनों का लक्ष्य रखा। भारत ने इस मैच में सचिन तेंडुलकर और राहुल द्रविड़ को आराम देने का फैसला किया। यह प्रयोग हालांकि कारगर साबित नहीं हुआ और भारत को 16 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

2007 में गीली पिच पर मिली मात

पोर्ट ऑफ स्पेन में 2007 में भारत के लिए आईसीसी वर्ल्ड कप की सबसे खराब शुरुआत थी। गीली विकेट पर बैटिंग करने का भारत का फैसला गलत साबित हुआ और टीम सिर्फ 191 रनों पर सिमट गई। बांग्लादेश की ओर से मुशफिकुर रहीम, तमीम इकबाल और शाकिब अल हसन ने हाफ सेंचुरी लगाई। नतीजा बांग्लादेश ने आसानी से मैच जीत लिया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया का प्रस्ताव ठुकराया था

भारत डे-नाइट टेस्ट को लेकर पहले गंभीर नहीं था। पिछले साल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट का प्रस्ताव दिया था, लेकिन भारत ने उसे ठुकरा दिया ता। तब कोहली और मुख्य कोच रवि शास्त्री, प्रशासकों की समिति (सीओए) ने बीसीसीआई के कार्यकारी सचिव अमिताभ चौधरी के इस प्रस्ताव पर असहमति जताई थी। चौधरी ने बाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में डे-नाइट टेस्ट मैच खेलने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका था।

2018, कोलंबो में आखिरी बॉल पर कार्तिक ने जड़ा छक्का

इस निदाहास ट्रॉफी के लिए हुए टी-20 मैच के कप्तान रोहित शर्मा रहे। बांग्लादेश ने 168 रन बनाए। भारत को जीत के लिए 12 गेंदों पर 34 रन चाहिए थे। लग रहा था कि बांग्लादेश इस मुकाबले को जीत लेगा लेकिन दिनेश कार्तिक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। आखिरी गेंद पर भारत को जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी। कार्तिक ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को अविश्वसनीय जीत दिला दी।

ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भारतीय हॉकी टीम की अगुआई करेंगे मनप्रीत और रानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए पुरुष और महिला टीम की घोषणा की। 18 सदस्यीय पुरुष टीम की कप्तानी मनप्रीत सिंह करेंगे जबकि फॉरवर्ड एसवी सुनील उप कप्तान होंगे।

वहीं इंग्लैंड दौरे पर गई महिला टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसकी कप्तान रानी होंगी जबकि उप कप्तान गोलकीपर सविता होंगी। भारतीय पुरुष और महिला टीमें ओड़िशा के भुवनेश्वर में 1-2 नवंबर को अपनी प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगी।

टीम का चयन बड़ा मुश्किल था : ग्राहम रीड

पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, 'बेल्जियम में दौरे की अच्छी तैयारियों के बाद इस टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ 18 खिलाड़ियों का चयन करना काफी मुश्किल था। हमने बेहद संतुलित टीम चुनी है।' उन्होंने कहा कि अब हमें रूस के खिलाफ अपनी रणनीतियों पर ध्यान देने की जरूरत होगी और सुनिश्चित करना होगा कि एक और दो नवंबर को हम मैदान पर सर्वश्रेष्ठ टीम उतारें।

भारतीय पुरुष टीम
मनप्रीत सिंह (कप्तान), पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुरेंदर कुमार, गुरिंदर सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, अमित रोहिदास, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, ललित कुमार उपाध्याय, एसवी सुनील, मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह और सिमरनजीत सिंह।

भारतीय महिला टीम
रानी रामपाल (कप्तान), सविता, रजनी इतिमारपू, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, रीना खोखर, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, मोनिका, नेहा गोयल, लिलिमा मिंज, नमिता टोप्पो, वंदना कटारिया नवनीत कौर, लालरेमसियामी, नवजोत कौर और शर्मिला देवी।

पुरुष रूस से और महिलाएं भिड़ेंगी अमेरिका से

आठ बार के ओलिंपिक चैंपियन भारत (एफआईएच विश्व रैंकिंग पांच) का सामना रूस (22वीं रैंकिंग) से होगा। महिला टीम (9वीं रैंकिंग) की भिड़ंत अमेरिकी महिला टीम से होगी जिसकी रैंकिंग 13 है। पुरुष टीम में दो गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक हैं। कप्तान मनप्रीत फॉरवर्ड पंक्ति की अगुआई करेंगे जिसमें मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं।

खबर संक्षेप

नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान को 1-6 से रौंदा

एम्सटरडम। तीन बार की चैंपियन पाकिस्तानी पुरुष हॉकी टीम अगले साल होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए क्वॉलिफाइ नहीं कर पाई है। दूसरे क्वॉलिफायर में नीदरलैंड्स के हाथों 1-6 से हारने के बाद पाकिस्तान की 2020 तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने की उम्मीदें धराशाई हो गईं। पाक टीम के रिजवान अली ने 53वें मिनट में सांत्वना गोलकर थोड़ी इज्जत बचा ली। नीदरलैंड्स और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया पहला क्वॉलिफायर 4-4 से ड्रॉ रहा था लेकिन रविवार को नीदरलैंड्स ने धमाकेदार वापसी की और आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया।

कांस्य के लिए भिड़ेंगे गुलिया नवीन भी रेपेशेज दौर में

बुडापेस्ट। वीर देव गुलिया (79 किग्रा) यूडब्ल्यूडब्लयू अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारने के कारण अब



कांस्य पदक के मुकाबले में भिड़ेंगे। इस 22 वर्षीय पहलवान का सफर अजरबेजान के अबुबाकर अबाकारोव ने थाम दिया जिन्होंने 8-1 से जीत दर्ज की। रूसी खिलाड़ी के फाइनल में पहुंचने के कारण नवीन को रेपेशेज में खेलने का मौका मिला जहां उनका मुकाबला मंगोलिया के तेमुलेन एनखतुया से होगा। गुलिया ने हंगरी के बोतौंड लुकास को 3-1 से हराने के बाद चीन के लिगान चाइ को 7-2 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी।

थापा सहित छह अन्य ओलंपिक परीक्षण के सेफा में

तोक्यो। भारत के स्टार मुक्केबाज और चार बार के एशियाई चैंपियन शिव थापा (63 किग्रा) ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करके ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में अपना पदक पक्का किया जबकि छह अन्य भारतीयों ने रिंग में उतरे बिना ही सेमीफाइनल में जगह बनायी। थापा ने स्थानीय मुक्केबाज युकी हिराकावा को 5-0 से हराया।

सट्टेबाजी की जानकारी न देने पर शाकिब पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| ढाका

सटोरिये द्वारा दी गई पेशकश की जानकारी नहीं देने पर बांग्लादेश के टेस्ट और टी20 कप्तान शाकिब अल हसन पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है जिससे वह तीन नवंबर से शुरू हो रहे भारत दौरे पर नहीं आ सकेंगे। शाकिब पर एक साल का पूर्ण प्रतिबंध और 12 महीने की अवधि का निलंबित प्रतिबंध लगाया गया है।

- आईसीसी के निर्देशों पर अभ्यास में भाग नहीं ले रहे

मैंने जिम्मेदारी नहीं निभाई : शाकिब

शाकिब ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा कि जिस खेल से मुझे प्यार है, उससे निलंबत किये जाने से मैं काफी दुखी हूं लेकिन मैं अपनी सजा स्वीकार करता हूं। आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में खिलाड़ियों पर काफी निर्भर है। मैंने सटोरिये की पेशकश की जानकारी नहीं देकर अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

दो साल पहले सटोरिए ने की थी पेशकश

आईसीसी ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दो साल पहले शाकिब को एक अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले सट्टेबाजी से पेशकश मिली थी लेकिन उन्होंने इसकी आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक एवं सुरक्षा इकाई (एसीएसयू) के पास रिपोर्ट नहीं की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकिब ने हाल में एसीएसयू के जांच अधिकारी के सामने भी इस घटना की बात कबूल की थी।

हौसला आफजाई...

लंदन। इनविक्टस गेम्स द हेग 2020 में लंदन में मंगलवार को ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने यूके का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गई टीम की लॉन्चिंग के दौरान एक फोटो खिंचाई।

सिलिच और सोंगा पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच और जो विल्फ्रेड सोंगा ने सोमवार को यहां पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

सिलिच पहले गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे जिन्होंने पोलैंड के हुबर्ट हरकाज्स को 7-6 (7/5), 6-4 से हराकर अंतिम 32 में प्रवेश किया। पेरिस मास्टर्स में 2008 में खिताब जीतने वाले सोंगा ने रूस के आंद्रे रूबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया। सोंगा यहां खिताब जीतने वाले अंतिम फ्रांसीसी खिलाड़ी हैं।





चार्डी व पियरे भी आगे बढ़े

फ्रांस के जेरेमी चार्डी और बेनोइट पियरे भी आगे बढ़ने में सफल रहे। चार्डी ने अमेरिका के सैम क्वेरी को 5-7, 6-3, 7-5 से हराया और अब उनका सामना विश्व में नंबर चार डेनिल मेदवेदेव से होगा। पियरे ने बोस्निया के दामिर दजुमहुर को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। पियरे का सामना हमवतन फ्रांसीसी गेल मोनफिल्स से होगा।

बोर्ना कोरिच हुए पराजित

क्रोएशिया बोर्ना कोरिच को फर्नांडो वर्डास्को के हाथों 3-6, 6-4, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विंबलडन चैंपियन मिलोस राओनिच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को 6-3, 6-2 से हराया।

रोहन और संजना सारलोरलक्स ओपन मिश्रित युगल में हारे

बसारब्रुकेन। भारतीय मिश्रित युगल टीम रोहन कपूर और संजना संतोष को सारलोरलक्स ओपन सुपर टूर 100 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के एलोइ एडम और मरगोट लम्बार्ट से हारकर बाहर हो गए। रोहन और संजना को 51 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-13, 14-21 से पराजय झेलनी पड़ी। साइना ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। लक्ष्य सेन और मिथुन मंजूनाथ को पहले दौर में बाय मिला है।

रविंदर अंडर 23 विश्व कुश्ती के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

रविंदर ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर 23 कुश्ती चैम्पियनशिप के दूसरे दिन 61 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। रविंदर ने हंगरी के मार्शल बुडाइ कोवाक्स को 12-1 से हराया। झज्जर का यह पहलवान रूसी राष्ट्रीय फ्रीस्टाइल कुश्ती चैम्पियनशिप 2019 में कांस्य पदक विजेता रहे दिनिस्लाम तखतारोव को 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा। इससे पहले नवीन को 70 किलोवर्ग के रेपेचेज में मंगोलिनया के तेमूलेन एंखतुया ने 8-6 से मात दी। वहीं 92 किलो में सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप के रजत और जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विकी पहले दौर में स्विटजरलैंड के सैमुअल शेरर से 7-1 से हार गए। गौरव बलियान ने



74 किलो वर्ग में उक्रेन के अलेक्सेंदर वी को 11-0 से हराया। वह अगले दौर में हालांकि रूस के रजाम्बेक झामालोव से हार गए। संजीत को रूस के अजमत जाकुएव ने 86 किलो में 6-0 से हराया। वहीं 125 किलो में आर्यन प्रताप को आर्मेनिया के होवहानेस एम ने 4-3 से मात दी। वीरदेव गूलिया 79 किलोवर्ग में कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंच गए।

आईसीसी लगातार कर रहा बीसीसीआई की खिलाफत

बीसीसीआई को उसका खोया सम्मान दिलाएंगे गांगुली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सौरव गांगुली के भारतीय बोर्ड का मुखिया बनने के बाद अब यह देखना जरूरी हो गया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में बीसीसीआई की क्या स्थिति रहती है।

जब से आईसीसी में बीसीसीआई प्रतिनिधि के रूप में एन श्रीनिवासन हटे हैं, तब से ही आईसीसी लगातार बीसीसीआई के खिलाफ कुछ ना कुछ करता रहा है। ज्ञात हो कि अध्यक्ष बनने के बाद गांगुली ने घरेलू क्रिकेट और प्रथम श्रेणी के क्रिकेटरों की स्थिति में सुधार करने की बात कही है।

चेयरमैन भारतीय मगर भारत के खिलाफ

आईसीसी के चेयरमैन शंशाक मनोहर हैं, जो कि भारतीय हैं। इसके बावजूद उन्होंने आईसीसी में बीसीसीआई की ताकत को कम कर दिया है। आने वाले महीनों में गांगुली के सामने सबसे बड़ी चुनौती आईसीसी से बीसीसीआई को उसका वाजिब शेयर दिलाना है।

पद संभालते ही क्या कहा था गांगुली ने

गौरतलब है कि गांगुली ने अध्यक्ष बनने के बाद वादा करते हुए कहा था कि अगले पांच साल में बीसीसीआई को आईसीसी से 372 मिलियन डॉलर लेने हैं, जिससे हम विश्व कप की तैयारी कर सकें क्योंकि हमें दो वर्ल्ड कप का आयोजन करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह हमें मिले।'

भारत की स्थिति मजबूत करना प्राथमिकता

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक नए अधिकारी ने कहा कि इन चीजों को संज्ञान में लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में जो कुछ हुआ है वह अब अतीत की बात है। हम बैठक आयोजित करेंगे और ध्यान केंद्रित करने वाले प्राथमिक क्षेत्र में से एक आईसीसी के संबंध में भारत की स्थिति होगी।'

ओलंपिक मुक्केबाजी ट्रायल्य में नयी स्कोरिंग प्रणाली का इस्तेमाल होगा

तोक्यो। ओलंपिक मुक्केबाजी के अधिकारी 2020 खेलों के ट्रायल में नयी स्कोरिंग प्रणाली का प्रयोग करेंगे जिससे विवादों से जूझ रहे इस खेल की 'विश्वसनीयता' फिर से हासिल की जा सके। नयी प्रणाली में जजों के अंकों को वास्तविक समय में स्क्रीन पर दर्शाया जाएगा। तोक्यो 2020 में मुक्केबाजी स्पर्धा का आयोजन रयोगोकु कोकुगिकान सुमो स्टेडियम में होगा। इसका परीक्षण इस स्टेडियम में होने वाले ट्रायल मैचों को होगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने एआईबीए से ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्पर्धा के आयोजन करने का अधिकार वापस ले लिया था और इसके लिए एक विशेष कार्य दल का गठन किया था। इससे पहले 2016 रियो ओलंपिक में मुक्केबाजी के स्कोरिंग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगा था। इस कार्य दल की अगुवायी करने वाले जापान ओलंपिक समिति के अधिकारी मोरिनारी वतानाबे ने मंगलवार को कहा, " मुक्केबाजी ओलंपिक से बाहर होने के कगार पर है। हमें फिर से इसके भरोसे को कायम करना है। यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

खबर संक्षेप

नवाज शरीफ लड़ रहे हैं जिंदगी की जंग

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ प्लेटलेट संख्या में भारी गिरावट के बाद जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। मीडिया में आई एक खबर में उनके निजी चिकित्सक के हवाले से यह बात कही गई है। शरीफ (69) को कुछ दिन पहले तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को जेल से अस्पताल ले जाया गया था। 'जियो' न्यूज की खबर के अनुसार शरीफ के निजी चिकित्सक अदनान अहमद ने विभिन्न ट्वीट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ गंभीर रूप से बीमार हैं। वह अपनी सेहत और जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

फिलीपीन में भूकंप के झटके, छह लोगों की मौत

मनीला। फिलीपीन के दक्षिणी हिस्से में मंगलवार को आए शक्तिशाली भूकंप में छह लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई। मंगलवार को सुबह क्षेत्र में 6.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, मिंदानाओ द्वीप पर भूकंप आने के बाद स्थानीय लोग घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। फिलीपीन अक्सर भूकंप से प्रभावित रहता है क्योंकि यह भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है।

सीमा पर मौजूद कुर्द लड़ाकों पर तुर्की करेगा हमला

अंकारा। तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत शावोशग्लू ने कहा है कि यदि समयसीमा समाप्त होने के बाद उत्तर-पूर्व सीरिया के सीमाई क्षेत्र में कोई भी सीरियाई-कुर्द लड़ाका रुका तो उनकी सेना उस पर हमला करेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सोमवार को रुसी और सीरियाई अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि कुछ कुर्द लड़ाके सीमा क्षेत्र से चले गए हैं लेकिन अभी बहुत से वहां मौजूद हैं।

इराक में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हमले में 18 लोगों की मौत

बगदाद। इराकी सुरक्षाबलों ने शिया समुदाय के पवित्र शहर कर्बला में मंगलवार को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलायीं जिससे 18 लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हो गए। सुरक्षाबल सादे कपड़ों में थे और उन्होंने नकाब लगा रखे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इराक में इस महीने के शुरू से ही प्रदर्शन हो रहे हैं और यह अब तक का सबसे घातक हमला था। इराक के नागरिकों ने लगातार पांचवें दिन सड़कों पर प्रदर्शन किया। वे सरकार के भ्रष्टाचार, सेवाओं की कमी और अन्य शिकायतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

शीघ्र आम चुनाव कराने की चौथी कोशिश करने वाले हैं जॉनसन

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के मंगलवार को संसद में एक और विधेयक पेश कर 12 दिसंबर तक आम चुनाव कराने की चौथी कोशिश करने की संभावना है। गौरतलब है कि यूरोपीय संघ द्वारा ब्रेक्जिट समयसीमा को 31 जनवरी तक बढ़ाये जाने के बाद, जॉनसन की इसी तरह की एक कोशिश सांसदों ने एक दिन पहले ही खारिज कर दी थी। यूरोपीय संघ से ब्रिटेन को 31 अक्टूबर तक बाहर निकालने के लिये जॉनसन के 'करो या मरो' संकल्प के नाकाम होने के बाद अब उन्हें हाऊस ऑफ कॉमन्स से मध्यावधि चुनाव का विधेयक पारित करा लेने की उम्मीद है। जॉनसन की तीन नाकाम कोशिशों के बाद इस बार उन्हें कहीं अधिक संभावना नजर आ रही है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी तक नहीं की मौत की पुष्टि

लादेन की तरह बगदादी का भी शव समुद्र में फेंका गया

वॉशिंगटन। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बक्र अल बगदादी का शव समुद्र में फेंक दिया गया है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अमेरिका द्वारा आईएस सरगना बगदादी के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है। पिछले सप्ताहांत बगदादी की मौत की वजह रहे अमेरिकी विशेष बलों के अभियान के बारे में आए ताजा ब्यौरे से यह पता चला है।

इराक और सीरिया के ज्यादातर हिस्सों में पांच बरसों तक आतंक के राज के पीछे मौजूद बगदादी का पता लगाने में अमेरिका को सीरियाई कुर्द से मुख्य रूप से खुफिया सूचना मिली थी। इस कार्रवाई में अमेरिकी सेना का एक कुत्ता नायक रहा था जो उत्तर पश्चिमी सीरिया में एक सुरंग में बगदादी का पीछा करने में घायल हो गया था, जहां जिहादी ने खुद को और सुसाइड जैकेट पहनाए गये तीन बच्चों को विस्फोट कर उड़ा दिया था। यह कुत्ता संभवतः बेल्जियन मलीनोइस नस्ल का है। उसकी पहचान गुप्त रखी गई है। अमेरिकी सेना को बगदादी का खात्मा करने के साथ सुन्नी चरमपंथी मुस्लिम संगठन (आईएस) को कुचलने के लिए साल भर लंबे अपने अभियान में सफलता हाथ लगी है।



बगदादी के अंडरवेयर और ब्लड सैंपल से हुआ डीएनए टेस्ट

अमेरिकी सुरक्षा बलों को इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बकर अल बगदादी के गुप्त ठिकाने की जानकारी देने वाले मुखबिर ने उसकी मौत के बाद शव के डीएनए टेस्ट में भी बड़ी मदद की। दिलचस्प बात यह है कि बगदादी के शव की 100 पर्सेंट पुष्टि के लिए उसके गंदे अंडरवेअर्स से मिलान किया गया था, जिसे मुखबिर ने चुराकर अपने पास रखा था। उस मुखबिर ने ही अमेरिकी सेना को दुनिया के सबसे खूंखार आतंकी के गुप्त ठिकाने के बारे में बताया था। सीरियाई कुर्द संगठन ने बताया कि उन्होंने बगदादी के करीबी सर्कल तक अपनी पहुंच स्थापित की थी और एक जासूस की मदद से बगदादी के अंडरवेअर चुरा लिए गए थे।

आईएस सरगना बगदादी के बाद उत्तराधिकारी भी मारा गया

वॉशिंगटन। आईएसआईएस के सरगना अबू बकर अल बगदादी को ढेर करने के बाद अब उसके पहले नंबर के उत्तराधिकारी को भी ढेर कर दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके इसका ऐलान किया है। माना जा रहा था कि बगदादी के बाद आतंकी संगठन की कमान अब्दुल्लाह कार्दश के पास आ गई थी। हालांकि ट्रंप ने मारे गए आतंकी का नाम नहीं बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बगदादी कई बीमारियों से ग्रसित था ऐसे में कार्दश ही इन दिनों आतंकी संगठन की देखरेख करता था। बगदादी की मौत के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह उसके उत्तराधिकारियों के बारे में भी जानते हैं। डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को ऐलान किया था कि खूंखार आतंकी बगदादी अमेरिकी सेना के हावाई ऑपरेशन में मारा गया। ट्रंप ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, 'हम उसके उत्तराधिकारियों के बारे में जानते हैं और उन पर हमारी नजर है। डॉनल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके कहा कि अभी-अभी पुष्टि हो गई है कि बगदादी का नंबर वन रिप्लेसमेंट भी अमेरिकी सेना द्वारा मारा गया।

अभियान में घायल हुए श्वान (कुत्ते) की पहचान उजागर नहीं करेगा अमेरिका



पेंटागन ने कहा कि उत्तर पश्चिमी सीरिया में अमेरिकी हमले में इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बक्र-अल बगदादी को मौत के घाट उतारने के अभियान के दौरान घायल हुए श्वान की पहचान उजागर नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिका के विशेष बलों के हमले में बगदादी के मारे जाने की घोषणा की थी। बताया गया था कि उत्तरपश्चिमी सीरिया में अमेरिका के श्वान दस्ते ने एक तरफ से बंद सुरंग में आईएस सरगना का पीछा किया और जब उसके पास बचने का कोई रास्ता नहीं बचा तो उसने आत्मघाती जैकेट में विस्फोट करके खुद को और तीन अन्य को उड़ा लिया था। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने कहा कि के-9 सैन्य श्वान ने बेहतरीन काम किया, जैसा कि वे सभी विभिन्न स्थिति में करते हैं। वह मामूली रूप से घायल हो गया है।

कैसे ढेर हुआ बगदादी, जारी हो सकता है फुटेज

यही नहीं मुखबिर ने अबू बकर-अल बगदादी का ब्लड सैंपल भी मुहैया कराया था। इन सैंपलों के जरिए ही अमेरिकी इंटलिजेंस अधिकारियों ने बगदादी के शव की पुष्टि की। ट्रंप ने भी बगदादी को ढेर करने में मदद के लिए कुर्द संगठन को धन्यवाद दिया है। रविवार को उन्होंने कहा था कि कुर्द मिलिट्री ऑपकेशन में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने कुछ ऐसी अहम जानकारियां दी थीं, जिनसे बड़ी मदद मिली।

सीरिया में आईएसआईएस को हराने का अमेरिकी अभियान रहेगा जारी

अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा है कि सीरिया में वर्ष 2014 से चल रहा आईएसआईएस को शिकस्त देने का अमेरिकी अभियान जारी रहेगा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तुर्की से सभी प्रतिबंध हटाने की घोषणा के कुछ दिनों बाद एस्पर का यह बयान आया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिले के साथ एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए एस्पर ने कहा, "हमने पश्चिम एशिया में अपने तत्कालीन इतिहास से सबक लिया है कि अगर उद्देश्य स्पष्ट नहीं हो तो संघर्ष में उलझे रहना आसान है। एक पुलिस बल की तरह हर छोटा विवाद सुलझाना हमारी प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने कि आईएसआईएस के खिलाफ 2014 में शुरु किया गया हमारा अभियान जारी रहेगा और हम आईएसआईएस को हराकर रहेंगे।" पिछले सप्ताह ट्रंप ने बयान दिया था कि सीरिया में अमेरिकी सेना बहुत लंबे समय से है, हमने इतना वक्त नहीं सोचा था।

भेंट...

नई दिल्ली में मंगलवार को परमहंस योगानंद की जयंती के अवसर पर स्वामी विश्वानंद गिरि और स्वामी स्मरणानंद गिरि को 125 रुपये का सिक्का भेंट करती केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और एमओएस वित्त अनुराग ठाकुर।

सड़क हादसे में लेफ्टिनेंट और उनके माता-पिता समेत 6 की मौत

इंदौर। मध्य प्रदेश में इंदौर के पास मंगलवार तड़के दो कारों की टक्कर में सेना के लेफ्टिनेंट समेत 6 लोगों की मौत हो गई, मरने वालों में उनके माता-पिता और 4 महीने का बच्चा भी शामिल है। जबकि 6 अन्य जख्मी हैं। लेफ्टिनेंट महू से इंदौर लौट रहे थे, तभी अचानक कार का टायर पंक्चर होने से रालामंडल इलाके में हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, दोनों कारें तेज रफ्तार में टकराईं। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कारों में लोग फंसे हुए थे। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में लेफ्टिनेंट जयप्रकाश (30), उनके पिता नूनू झा (65), मां सुमित्रा झा (60), बेटा आरो (4 माह), रोशन और गौरव (दोनों सहायक) की मौत हो गई। लेफ्टिनेंट के रिश्तेदार राजीव रंजन ने बताया कि जयप्रकाश परिवार के साथ महू से बिहार के वैशाली जिले में स्थित गांव जा रहे थे।

मोदी रियाद में किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज से मिले

प्रवासी भारतीयों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता ने भारती-सऊदी के द्विपक्षीय संबंध गहरे किए: पीएम

जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से व्यापार पर की चर्चा

रियाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रियाद में सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद से मुलाकात की। दोनों देशों के डेलिगेशन ऊर्जा, वित्त समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद किंग उनके सम्मान में बैंक्वेट डिनर भी देंगे। इससे पहले मोदी ने रियाद में जॉर्डन के किंग शाह अब्दुल II से व्यापार और निवेश के मुद्दे पर चर्चा की। इसके बाद वे सऊदी के ऊर्जा और पर्यावरण मंत्री के साथ वार्ता में शामिल हुए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि दिन की अच्छी शुरुआत। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, मानव संसाधन विकास और दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने पर बात की।

मोदी ने पर्यावरण, श्रम मंत्री से अलग-अलग की मुलाकात

पीएम मोदी ने सऊदी अरब के वरिष्ठ मंत्रियों से अलग-अलग द्विपक्षीय मुलाकात कर कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, जल प्रौद्योगिकियों और श्रम से संबंधित मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा की। पीएम मोदी ने पर्यावरण, जल एवं कृषि मंत्री अब्दुलरहमान बिन अब्दुलमोहसिन अल-फजली और श्रम एवं सामाजिक विकास मंत्री अहमद बिन सुलेमान अलराजी के साथ व्यापक बैठकें कीं।

'अरामको की भागीदारी पाने को लेकर उत्सुक'

मोदी ने कहा कि सऊदी अरब की अरामको कंपनी भारत के पश्चिमी तट पर एक बड़ी रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परियोजना में भाग ले रही है। हम भारत के पेट्रोलियम भंडार में अरामको की भागीदारी पाने को लेकर उत्सुक हैं। जी-20 देशों में भारत और सऊदी अरब असमानता को कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

भारत, सऊदी अरब के बीच सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग बढ़ रहा है: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और सऊदी अरब दोनों ही देश अपने अपने पड़ोस को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताओं का सामना कर रहे हैं और उनके बीच आतंकवाद से मुकाबला करने सहित सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर आपसी सहयोग अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। एक प्रमुख आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने और सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए सोमवार की रात यहां पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की जो मंगलवार को 'अरब न्यूज' में प्रकाशित हुआ है। मोदी ने किसी भी देश का जिक्र किए बिना कहा कि मेरा मानना है कि भारत और सऊदी अरब जैसी एशियाई शक्तियां अपने अपने पड़ोस में समान रूप से सुरक्षा चिंताओं को साझा करती हैं।

नम्रता के शरीर व कपड़ों पर मिले पुरुष के डीएनए सैंपल के निशान

लरकाना। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना की मेडिकल छात्रा नम्रता चंदानी की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। नम्रता के शरीर व कपड़ों के नमूनों पर किसी पुरुष के डीएनए सैंपल के निशान मिले हैं। 'रोजनामा पाकिस्तान' की रिपोर्ट के अनुसार, लरकाना स्थित शहीद मोहतरमा बेनजीर भुट्टो मेडिकल कॉलेज के बीबी आसिफा डेंटल कॉलेज की छात्रा नम्रता की डीएनए रिपोर्ट जारी कर दी गई है। जामशोरो की फॉरेंसिक लैब से जारी की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक, नम्रता के शरीर के नमूनों और कपड़ों पर एक पुरुष के डीएनए सैंपल के निशान मिले हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि लरकाना के एसएसपी मसूद बंगश ने बताया कि नम्रता की डीएनए रिपोर्ट संबंधित पुलिस स्टेशन को मिल चुकी है और इसे अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा।लरकाना पुलिस ने बीती 16 सितंबर को नम्रता को मृत पाए जाने के बाद 17 सितंबर को उनके शरीर के नमूने और उनके कपड़े डीएनए जांच के लिए फॉरेंसिक लैब को भेज दिए थे। अब इसकी रिपोर्ट में बताया गया है कि इन पर पुरुष के डीएनए के निशान मिले हैं। नम्रता का शव 16 सितंबर को उनके हास्टल के कमरे में मिला था।

बोरवेल में 4 दिन से फंसे तीन वर्षीय बच्चे की मौत

एजेंसी ▶▶| (तमिलनाडु)

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में शुक्रवार को एक बोरवेल में गिरे तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का शव मंगलवार तड़के निकाला गया। राजस्व प्रशासन आयुक्त जे. राधाकृष्णन ने बताया कि बोरवेल के आस पास लोगों को सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे कुछ दुर्गन्ध आई, जिसके बाद चिकित्सा कर्मियों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों ने स्थिति का जायजा लिया। राधाकृष्णन ने घोषणा की कि विल्सन की मौत हो गई है। बच्चे के शव को बाहर निकाल कर मनाप्पराई के सरकारी अस्पताल भेजा गया, बाद में शव माता-पिता को सौंप दिया गया।

बच्चे को बचाने के हरसंभव प्रयास किए गए: पलानीस्वामी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को कहा कि बोरवेल के भीतर फंसे तीन वर्षीय बच्चे को बचाने की कई बार कोशिश की गयी। विपक्षी द्रमुक ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने बच्चे को बचाने के लिए कोई तेजी नहीं दिखाई।

पटेल के जन्म दिन पर भाजपा करेगी 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

नई दिल्ली(ब्यूरो)। भाजपा सरदार पटेल के जन्म दिन को धूमधाम से राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाएगी। इसी दिन पार्टी द्वारा देश भर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन भी किया जा रहा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने सभी सांसदों को निर्देश दिया गया है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर देश भी आयोजित होने जा रहे 'रन फार यूनिटी' के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और किसी भी हाल में अपने संसदीय क्षेत्र से बाहर न जांय। पार्टी ने राज्यसभा सांसदों से भी कहा कि वे अपने राज्य में किसी भी क्षेत्र का चयनकर इस कार्यक्रम की अगुवाई करें। जिन राज्यों में भाजपा के सांसद नहीं हैं वहां पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों को यह दायित्व निभाना है। बतादें कि पटेल के जन्मदिन पर देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी मुर्तियों पर माल्यार्पण किया जाएगा। सभी सांसद अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

हार्वर्ड बिजनस रिव्यू ने की सूची तैयार

बेहतरीन सीईओ की लिस्ट में शांतनु, बंगा और नाडेला शामिल

न्यूयॉर्क। दुनिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 मुख्य कार्यकारियों (सीईओ) की सूची में तीन भारतीय मूल के हैं। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू (एचबीआर) ने दुनिया के 10 सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले सीईओ की 2019 की सूची तैयार की है। इस सूची में भारतीय मूल के तीन सीईओ शांतनु नारायण, अजय बंगा और सत्य नाडेला शामिल हैं। अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी एनवीडिया के सीईओ जान्सेन हुवांग सूची में पहले स्थान पर हैं। एडोब के नारायण सूची में छठे स्थान पर और बंगा सातवें स्थान पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख

नाडेला सूची में नौवें स्थान पर हैं। सूची में भारत में जन्मे डीबीएस के सीईओ पीयूष गुप्ता 89वें स्थान पर हैं। एप्पल के सीईओ टिम कुक सूची में 62वें स्थान पर हैं। एचबीआर की इस सूची में नाइक के सीईओ माइक पार्कर

20वें, जेपी मॉर्गन चेज के प्रमुख जैमी डिमोन 23वें, लॉकहीड मार्टिन की सीईओ मैरिलिन ह्यूसन 37वें, डिज्नी के सीईओ रॉबर्ट इगर 55वें तथा सॉफ्टबैंक प्रमुख मासायोशी सन 96वें स्थान पर हैं। अमेजन के सीईओ जेफ

बेजॉस इस सूची में 2014 से हर साल सिर्फ वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर सूची में शीर्ष पर रहे थे। लेकिन इस साल अमेजन का ईएसजी स्कोर काफी कम रहा है और वह सूची में जगह भी नहीं बना पाए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109